हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

दुमका, औरंगाबाद, आरा एवं पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

● दुमका ● वर्ष -04 ● अंक - 275 ● गुरूवार 20 नवंबर 2025 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## श्री सत्य साईं बाबा की शताब्दी सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा का उत्सव : प्रधानमंत्री

**गरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई हमारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो रही चर्चा : प्रधानमंत्री**

एजेंसी। पुट्टापर्थी (आंध्र प्रदेश)





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी वर्ष केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा की भावना का एक विराट उत्सव है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन और कार्यों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भारतीय विचार को वैश्विक रूप दिया और आज भी उनकी शिक्षाएं करोड़ों लोगों की प्रेरणा बनी हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने बाबा को समर्पित 100 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा का जीवन मानवता के लिए एक संदेश था, जिसमें सेवा, प्रेम और करुणा सर्वोच्च स्थान पर थे। पुट्टापर्थी की यह पावन भूमि हमेशा से आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रही है और यहां होना उनके लिए एक भावनात्मक अनुभव है। मोदी ने बताया कि समारोह में शामिल होने से पहले उन्हें श्री सत्य साईं बाबा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता की जड़ें सेवा से जुड़ी हुई हैं और यह भावना हमारे धर्म, दर्शन और परंपराओं में रची-बसी हैं। चाहे भक्ति का मार्ग हो, ज्ञान का मार्ग हो या कर्म का- हर मार्ग सेवा के मार्ग पर ही ले जाता है। इसी परंपरा को श्री सत्य साईं बाबा ने अपने संपूर्ण जीवन में जिया। प्रधानमंत्री ने कहा, "बाबा का संदेश केवल आश्रमों या प्रवचनों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के हर हिस्से में दिखाई देता है- शहरी इलाकों से लेकर आदिवासी बस्तियों तक, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक। मोदी ने बताया कि बाबा के अनुयायी मानव सेवा को ही ईश्वर की सेवा मानते हैं और यही भावना आज भी लाखों लोगों को निःस्वार्थ भाव से समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बाबा के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा, "मदद हमेशा करो, कभी चोट मत पहुंचाओ। ज्यादा बातें नहीं, ज्यादा काम करो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यही शिक्षा आज के समय में समाज को एकजुट करने की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रधानमंत्री ने समारोह में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 20 हजार बेटियों के नाम पर नए खाते खोले जाने की घोषणा का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दस वर्ष पहले केंद्र सरकार ने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की थी। उन्होंने कहा, "यह योजना उन योजनाओं में से एक है, जिसमें सर्वाधिक 8.2 प्रतिशत ब्याज बेटियों को मिलता है। मोदी ने बताया कि अब तक देशभर में 4 करोड़ से अधिक बेटियों के खाते खोले जा चुके हैं और इनमें सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं परिवार द्वारा 20 हजार नए खाते खोलना 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रति समाज के सहयोग का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने वाली कई योजनाएं शुरू की गई हैं। वर्ष 2014 में केवल 25 करोड़ लोग ही सामाजिक सुरक्षा के दायरे में थे, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर लगभग 100 करोड़ हो गई है। मोदी ने कहा, "गरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई हमारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा हो रही है। यह भारत की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों, वंचितों और पिछड़ों के जीवन में सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम-श्रम योगी मानधन योजना और जन-धन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

## पीएम का प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान 'एक एकड़–एक मौसम' मॉडल अपनाने की सलाह

एजेंसी। कोयंबटूर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और 'एक एकड़–एक मौसम' के चरणबद्ध मॉडल को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती 21वीं सदी की कृषि जरूरतों के अनुरूप है और यह भारत को वैश्विक स्तर पर रसायन-मुक्त कृषि का अग्रणी केंद्र बना सकती है। प्रधानमंत्री बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के रूप में 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि यह सहायता किसानों को लागत कम करने और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेगी। मोदी ने कहा कि प्राकृतिक खेती उनके दिल के बहुत करीब है और यह भारत की पारंपरिक, स्वदेशी कृषि पद्धति है जिसका आधार हमारे पूर्वजों का ज्ञान और प्रकृति के प्रति सम्मान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रसायनों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है और खेती की लागत बढ़ रही है। समाधान फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती में है। प्रधानमंत्री ने किसानों को सलाह दी कि वे एक एकड़ खेत में एक मौसम के लिए प्राकृतिक खेती शुरू करके इसका प्रभाव स्वयं देखें। उन्होंने कहा कि इस मॉडल से जोखिम कम होता है और किसान धीरे-धीरे संपूर्ण भूमि पर रसायन-मुक्त खेती कर सकते हैं। उन्होंने तमिलनाडु की प्राचीन कलिंगारायण नहर प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि दक्षिण भारत लंबे समय से जैविक और प्राकृतिक खेती का केंद्र रहा है। उन्होंने कोयंबटूर क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि यहां की परंपराएं जैसे पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत और अच्छादान, मिट्टी को स्वस्थ रखते हैं और फसलों को रसायन-मुक्त बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने राज्य सरकारों से प्राकृतिक खेती आधारित बहु-फसल मॉडल को अपने कृषि कार्यक्रमों में शामिल करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, "केरल और कर्नाटक के पहाड़ी इलाकों में बहु-मंजिला कृषि एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां एक ही भूमि पर कई फसलें उगाई जाती हैं। यह प्राकृतिक खेती का मूल दर्शन है और इसे पूरे भारत में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों और कृषि अनुसंधान संस्थानों से भी प्राकृतिक खेती को कृषि पाठ्यक्रम का मुख्य हिस्सा बनाने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से बाहर निकल कर खेतों को ही अपनी प्रयोगशाला बनाएं और किसानों के साथ मिलकर अनुसंधान करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत के कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा, "भारत प्राकृतिक खेती का ग्लोबल हब बनने के रास्ते पर है। युवा भी इसे एक मॉडर्न और स्केलेबल अवसर के रूप में देख रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम ने इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुए लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्मृति इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। साथ ही एक अलग पोस्ट में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के साहस और पराक्रम की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के पहले संग्राम में उनकी वीरता और मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके संघर्ष की कहानी आज भी देशवासियों को उत्साह और जोश से भर देती है। उन्होंने कहा कि मां भारती की अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। आजादी के पहले संग्राम में उनकी वीरता और पराक्रम की कहानी आज भी देशवासियों को जोश और जुनून से भर देती है। मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनके त्याग और संघर्ष को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। इंदिरा गांधी का जन्म आज ही के दिन 1917 में एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार में हुआ था। वह भारत के प्रथम पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुत्री थीं। उनकी शुरुआती शिक्षा स्विट्ज़रलैंड के बेक्स स्थित इकोले नोवेल, जिनेवा स्थित इकोले इंटरनेशनेल, पूना और बॉम्बे स्थित प्यूपिल्स ओन स्कूल, ब्रिस्टल स्थित बैडमिंटन स्कूल, और शांतिनिकेतन स्थित विश्वभारती विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुई।

### लोक सभा अध्यक्ष ने संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान संरचना के पुनर्मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने वर्तमान चुनौतियों का समाधान करने के लिए किए जाने वाले आवश्यक सुधारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बिरला ने कहा कि युद्ध, आतंकवाद, जलवायु संकट और डिजिटल जोखिमों जैसे गंभीर मुद्दों से जूझ रहे विश्व में संवाद, सहयोग और समयबद्ध वैश्विक सुधार अनिवार्य हो गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। बिरला ने भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम और संविधान में निहित शांति, सौहार्द और समता के सिद्धांतों को देश की वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार बताया। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत की सक्रिय भूमिका, 3 लाख से अधिक शांति सैनिकों के योगदान और कोविड-19 महामारी के दौरान 150 से अधिक देशों को दी गई वैक्सीन सहायता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार ज़िम्मेदारी से वैश्विक सहयोग की भावना के साथ काम किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका के समक्ष पर्यावरणीय न्याय, सतत विकास, डिजिटल सुरक्षा और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के नैतिक उपयोग जैसी उभरती चुनौतियों पर केन्द्रित यह सम्मेलन विश्व शांति, न्याय और स्थिरता को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर भाजपा के चिंतक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई अमेरिका से भारत लाया गया, एनआईए ने किया गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी सहयोगी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कराया। दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने बताया कि अनमोल बिश्नोई साल 2022 से फरार था और एनआईए द्वारा जांचे जा रहे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े गैंगस्टर नेटवर्क का 19वां आरोपित है जिसे गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने मार्च 2023 में दायर अपनी चार्जशीट में बताया था कि अनमोल ने साल 2020 से 2023 के बीच अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई और नामित आतंकी गोल्डी बराड़ की विभिन्न आतंकी गतिविधियों में सक्रिय मदद की थी। जांच में सामने आया है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका में रहते हुए भी बिश्नोई गैंग के सहयोगियों के साथ मिलकर गिरोह के आतंक नेटवर्क को संचालित करता रहा और भारत में आतंकी गतिविधियां करवाता रहा। उसने गैंग के शूटरों व ज़मीनी गुर्गों को पनाह दी और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। वह विदेश में बैठकर अन्य गैंगस्टरों की मदद से भारत में रंगदारी वसूली में भी शामिल था।

## आदर्श डिजिटल गांव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं एनआईटी जैसे संस्थान: राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान देश में आदर्श डिजिटल गांवों के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। ये संस्थान सरल तकनीकी समाधान विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित कर सकते हैं, लोगों को डिजिटल कौशल सिखा सकते हैं और उद्योगों के सहयोग से गांवों में बेहतर सुविधाओं के विकास को गति दे सकते हैं। राष्ट्रपति बुधवार को एनआईटी दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीक को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है और इसके माध्यम से अनगिनत अवसरों के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक तेज इंटरनेट, डिजिटल सेवाओं और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि हर नागरिक को समान अवसर मिल सके। राष्ट्रपति मुर्मु ने एनआईटी दिल्ली की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने बताया कि एनआईटी दिल्ली आधुनिक बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक उत्कृष्टता, बहु-विषयक शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। यह संस्थान नवाचार, उद्योगों के साथ सहयोग और कौशल आधारित सीखने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि एनआईटी दिल्ली ने छात्रों और शिक्षकों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार्ट-अप केंद्र स्थापित किया है। यह केंद्र नवीन विचारों को दिशा देने, संसाधन उपलब्ध कराने और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद कर रहा है।

## आमलोगों के लिए आज से खुलेगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

**नई दिल्ली।** भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मंगलवार को बिजनेस डे का आखिरी दिन था। बुधवार से आम लोगों के मेले की एंट्री शुरू हो जाएगी। अब मेले में एंट्री टिकट की कीमत 500 रुपये से घट लेकर 80 रुपये हो जाएगी। जबकि शनिवार और रविवार को टिकट 150 रुपये का होगा। इसी तरह बच्चों के लिए प्रवेश टिकट शुल्क 40 रुपये अन्य दिनों में और सप्ताहांत में 80 रुपये होगा। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। मेले के आयोजक आईटीपीओ के मुताबिक दिल्ली का यह ट्रेड फेयर हर साल लाखों लोगों को आकर्षित करता है। लोग यहां एक ही स्थान पर न केवल सभी राज्य बल्कि कई देशों के उत्पाद को खरीद सकते हैं। इस बार थाईलैंड, मलेशिया, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, मिश्र, यूएई, ईरान, लेबनान और ट्यूनीशिया जैसे देशों ने अपने उत्पादों के साथ भागीदारी की है। इनके स्टाल हॉल नंबर एक में लगाए गए है। इसी हॉल में बिहार के खानपान और ठेकुआ का आनंद ले सकते हैं। इसी के साथ लोग राज्यों के दिवस पर वहां की लोक कला और नृत्य से भी रूबरू हो सकते है। उल्लेखनीय है कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 19 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

## आत्महत्या इस्लाम में हराम और निर्दोष लोगों की हत्या करना बहुत बड़ा पाप

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली में बम धमाका करने वाला आतंकी उमर फिदायीन हमलों को मजहब का सबसे अच्छा काम मनता था। उमर के फोन से निकले एक वीडियो में वह इसे इस्लाम में जायज ठहराने की कोशिश करता नजर आया। अब एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने आतंकी के कुतर्कों का जवाब देते हुए कहा कि इस तरह की कायराना हरकत इस्लाम में हराम है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद के अलावा कुछ नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाका करके मासूम लोगों की जान लेने वाले आतंकी का मोबाइल फोन कश्मीर से बरामद किया गया है। घटना से कुछ दिन पहले वह अपने घर गया था और अपने भाई को एक फोन यह कहकर दे आया था कि यदि उसके बारे में कोई जानकारी आए तो इसे पानी में फेंक देना। अब पुलिस ने उसके भाई को हिरासत में लेकर फोन बरामद कर लिया है तो उसमें यह वीडियो सामने आया। वीडियो में उमर नबी फिदायीन हमले को जायज ठहराते हुए कहता है कि इसे गलत समझा जा रहा है और इसके खिलाफ कई तर्क दिए जा रहे हैं, लेकिन सुसाइड बॉम्बिंग शहादत का अभियान है जिसे इस्लाम में भी इसी रूप में बताया है।

## अगस्त 2027 में दौड़ेगी पहली बुलेट ट्रेन, दो घंट में तय करेगी 500 किमी का सफर

एजेंसी। अहमदाबाद



दुनिया के विकसित देशों में बुलेट ट्रेन दौड़ रही हैं। भारत जैसे तेजी से विकास की ओर दौड़ रहे देश में भी पहली बुलेट ट्रेन जल्द दौड़ने को तैयार है। इस मामले की जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत की पहली हाई स्पीड बुलेट ट्रेन अगस्त 2027 में दौड़ेगी। इस दौरान भारत की पहली बुलेट ट्रेन गुजरात के सूरत से लेकर वलसाड़ तक के बीच 100 किलोमीटर का सफर तय करेगी। बता दें केंद्र में बीजेपी की नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का ऐलान किया था। अब धीरे-धीरे यह योजना अपने अंजाम की तरफ पहुंच रही है। रेल भवन में अपने संबोधन में रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर का काम तेजी से चल रहा है। वैष्णव ने बताया कि यह रूट पूरे 508 किलोमीटर का है, जिसे 2029 तक पूरी तरह से तैयार कर लिया जाएगा। इस रूट के तैयार होने के बाद अहमदाबाद से मुंबई पहुंचने में मात्रा 1 घंटा 58 मिनट का समय लगेगा। बुलेट ट्रेन को लेकर जानकारी देते हुए वैष्णव ने बताया कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ेगी। इस दौरान अहमदाबाद से मुंबई के बीच 4 स्टेशनों पर स्टॉपेज के बावजूद 508 किलोमीटर का सफर 1 घंटा, 58 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस दौरान जब ये ट्रेन 12 स्टेशनों पर रुकेगी तो यात्रा पूरी होने में कुल 2 घंटा 17 मिनट लगेगा। बुलेट ट्रेन की जानकारी देने के दौरान जब अश्विनी वैष्णव से पूछा गया कि इस रूट पर जापान की शिंकानसेन ट्रेन चलेगी या देश में बनी हाई स्पीड ट्रेन चलेगी, उन्होंने इसका स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वैष्णव ने संकेत दिया कि भारतीय परिस्थितियों में शिंकानसेन मॉडल ही सबसे उपयुक्त माना जा रहा है।

## अयोध्या में ध्वजारोहण समारोह: बटन दबाने के 10 सेकंड बाद ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा

एजेंसी। अयोध्या



प्रभू श्रीराम की नगरी अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तैयारी का जायजा लेने अयोध्या पहुंचें और उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। अब 25 नवंबर को दोपहर 11:55 से लेकर 12:10 के बीच शुभ मुहूर्त (अभिजीत मुहूर्त) पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना करेंगे। खास बात यह है कि बटन दबाने के 10 सेकंड के बाद ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। पीएम मोदी राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना कर देश और विदेश के राम भक्तों को राम मंदिर पूरा होने का संदेश देंगे। अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है। कई बार सेना के बड़े अधिकारियों ने इस पर रिहर्सल भी किया है। इसके अलावा अयोध्या में सभी चौक चौराहे पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। जहां इसका लाइव प्रसारण होगा तो देश दुनिया में बैठे राम भक्त दूरदर्शन के माध्यम से इस पूरे कार्यक्रम को अपने घरों में देख सकते हैं। ऐसी तैयारी राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 25 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ प्रमुख मोहन भागवत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इस दिन अयोध्या पहुंचेंगे और इस मौके पर 6000 विशिष्ट मेहमान भी सम्मिलित होंगे ध्वजारोहण कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पूर्णता का संदेश देंगे। केसरिया रंग का खास ध्वज राम मंदिर में पहुंच भी गया है। जिस पर भगवान सूर्य, ऊं और कोबिदार वृक्ष अंकित है। यह सभी चिन्ह सूर्यवंश का प्रतीक माना जाता हैं। ध्वज फहराते ही मठ मंदिर के साथ संपूर्ण सनातनी के घरों में घंट घड़ियाल की ध्वनि भी सुनाई देगी। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है।

## कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी: एसआईआर का करेगी विरोध, रामलीला मैदान में होगी विशाल रैली

**नई दिल्ली।** भले ही कांग्रेस को बिहार में करारी हार मिली है लेकिन वो चुनौतियों से टकराने से पीछे नहीं हट रही है। लगातार संघर्ष कर रही है। इसके साथ ही कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ आरपार की लड़ाई का ऐलान किया है। कांग्रेस ने फैसला किया है कि दिसंबर में दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। यह फैसला इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में लिया गया। जहां कांग्रेस ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि एसआईआर में निशाना बनाकर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने जैसी नीति बिहार में अपनाई, वही बाकी राज्यों में भी दोहराई जाएगी। पवन खेड़ा ने याद दिलाया कि कांग्रेस बिहार चुनाव के पहले से ही एसआईआर को लेकर सवाल उठा रही है और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली गई थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के बारे में सुप्रीम कोर्ट के पांच आदेश आए और पांचों ही चुनाव आयोग के खिलाफ रहे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग की बदनीयती को स्पष्ट रूप से देखा।

## खिसिया रहे ट्रंप ने महिला पत्रकार से कर दी बदसलूकी बोले- चुप रहो पिगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों से पंगा ले रखा है। वैश्विक छवित उनकी लगातार खराब हो रही है। इससे ट्रंप खिसियाने लगे है और गुस्से में क्या बक रहे हैं उन्हें खुद कई बार पता नहीं चलता है। बढ़ते दबाव के साथ-साथ ट्रंप होश खो बैठे हैं और हाल ही में उन्होंने एक महिला पत्रकार के साथ बदसलूकी कर डाली है। उन्होंने पत्रकार को चुप कराने के लिए 'पिगी' जैसे अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया है। इस कांड का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सर्कुलेट हो रहा है। बता दें कि ट्रंप इन दिनों चौरतरफा घिरे हुए हैं। टैरिफ मुद्दे पर उन्होंने पहले ही इंटरनेशनल नाराजगी मोल ले ली है, इसके बाद वेनेजुएला के साथ युद्ध की तैयारी देख अमेरिका के 'दोस्तों' ने साथ छोड़ दिया है। इन सब बवालों के बीच ट्रंप पर जेफरी एपस्टीन फाइल्स में कई चौंकाने वाले आरोप लग रहे हैं। ट्रंप पर अपनी ही पार्टी के सांसदों का दबाव बढ़ रहा है, जो मांग कर रहे हैं कि बाल यौन शोषण करने वाले से संबंधित सभी जांच दस्तावेजों को प्रकाशित किए जाएं। एयर फोर्स वन में इसी मुद्दे पर पत्रकार ट्रंप से सवाल कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुदेश ने नीतीश को दी बधाई शपथ ग्रहण में होंगे शामिल



**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भी शामिल होंगे। झारखंड में एनडीए का मुख्य घटक होने के कारण सुदेश महतो को भी शपथ ग्रहण में शामिल होने का न्योता भेजा गया गया है। वहीं सुदेश ने एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर नीतीश कुमार को बधाई दी है और कहा है कि उनके नेतृत्व में बिहार और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जीत से प्रेरित होकर झारखंड में भी एनडीए को मजबूत करने के लिए काम होगा। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### झारखंड में आने वाले दिनों में होगी विस्थापन के नए दौर की शुरुआत : माकपा

**रांची।** माकपा का राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि झारखंड में आने वाले दशकों के लिए ऊर्जा क्षेत्र में कॉरपोरेट घरानों का आक्रामक निवेश साफ दिख रहा है। इससे झारखंड में विस्थापन के नए दौर की शुरुआत होनी की आशंका है। विप्लव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि संताल परगना क्षेत्र में ज्योलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई), कोल इंडिया लिमिटेड और झारखंड स्टेजट मिनरल मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (जेएसएमडीसी) एवं केंद्रीय कोयला मंत्रालय की 2023–24 की आधिकारिक रिपोर्ट बताती है कि इस इलाके में 15.05 अरब टन कोयले के अनुमानित भंडार के आधार पर 28 नए कोयला ब्लॉक चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा कोल परियोजनाओं में जिस स्तर का विस्थापन, प्रदूषण, जल स्त्रोतों का विनाश और कृषि की बर्बादी देखी जा रही है, उससे स्पष्ट है कि आगे स्थिति और भयावह होने वाली है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि सरकारी अनुमान के अनुसार इन 28 नए ब्लॉकों के चालू होने पर कुल 33,600 प्रत्यक्ष रोजगार और प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष मिलाकर 1,68,000 रोजगार पैदा होने का दावा किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इससे पारंपरिक कृषि पर निर्भरता घटेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह खनन कार्य मुख्यतः निजी कॉरपोरेट कंपनियां ही संचालित करेंगी, जिनका लक्ष्य लाभ अधिकतम करना होता है, न कि स्थानीय समुदायों का जीवन-संरक्षण करना होता है। पार्टी ने कहा है कि राज्य सरकार भी राजस्व कि आशा में इस निजीकरण की प्रक्रिया में शामिल होती जा रही है। यही कारण है कि राज्य सरकार की कंपनी जेईएमसीएल भी संताल परगना में चार कोल माइंस खनन के लिए ले चुकी है।

### युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार सुबह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित रतन टॉकीज चौक के पास से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया शव देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि युवक कूड़ा-कचरा चुनकर जीवनयापन करता था। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची लोअर बाजार थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी के अनुसार पूरे मामले की जांच जारी है।

### मिथिला पंचांग सह कैलेंडर विमोचन 18 जनवरी को




**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से मिथिला पंचांग सह कैलेंडर का विमोचन 18 जनवरी को किया जाएगा। कचहरी चौक स्थित कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और शाम चार बजे से महाभंडारा का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विधायक सरयू राय, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, मथुरा प्रसाद महतो, मंत्री दीपिका पांडेय, आशा लकड़ा, संजीव विजयवर्गीय सहित अन्य होंगे। यह जानकारी जयंत झा ने बुधवार को दी।

### एसआईआर को लेकर सतर्क रहें ग्रामीण : मंत्री



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सतर्क रहने और इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक लेबल ऑफिसर्स (बीएलओ) की ओर से एसआईआर का काम किया जा रहा है। लोग अपने और अपने परिवार का सत्यापन हर हाल में कराएं। मंत्री बुधवार को बेड़ो प्रखंड के पंडरा, जमुनी और रोगो गांव में सरना-मसना स्थल की घेराबंदी योजना का शिलान्यास करते हुए यह बातें कही। मौके पर मंत्री ने ग्रामीणों के बीच कंबल का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस स्थल से ग्रामीणों का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव है। घेराबंदी के अभाव में लगातार ऐसे धरोहरों का अतिक्रमण हो रहा है। ऐसे में समाज की जागरूकता और सरकार की योजना से सरना-मसना स्थल की पहचान को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपना स्वार्थ त्याग कर अपने पुरखों के धरोहर को बचाने में सामूहिक जिम्मेवारी का निर्वहन करें। इसके अलावे मंत्री ने किसानों को मडुआ की खेती में सरकार की ओर से प्रति एकड़ तीन हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, उप प्रमुख मुद्दसिर हक, बुध राम लोहरा, करमचंद भगत, चरवा उरांव, फहीम, शंभू बैठा, सुबल उरांव, बीरेंद्र उरांव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# जैक ने की मैट्रिक में 340 और इंटर की परीक्षा शुल्क में 290 रुपये तक की वृद्धि

**एजेंसी। रांची**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर 2026 की परीक्षा शुल्क में बढ़ोतरी की है। जैक की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, मैट्रिक परीक्षा शुल्क में अधिकतम 340 रुपये और इंटर परीक्षा शुल्क में 290 रुपये तक की वृद्धि की गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से परीक्षा शुल्क में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ था, लेकिन इस वर्ष बजट बढ़ने के कारण फीस में भी बढ़ोतरी की गई है। जैक के अनुसार, परीक्षा शुल्क में लगभग 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

**लाखों छात्रों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझः** राज्य में हर वर्ष लगभग 7.5 लाख छात्र मैट्रिक और इंटर परीक्षा में शामिल होते हैं, जिनमें लगभग 4.25 लाख मैट्रिक के और 3.25 लाख इंटर के विद्यार्थी होते हैं। ऐसे में बढ़ी हुई फीस का सीधा प्रभाव लाखों छात्रों और अभिभावकों पर पड़ेगा।

**प्राइवेट परीक्षार्थियों की फीस में सबसे अधिक बढ़ोतरीः** जैक ने स्वतंत्र और प्राइवेट परीक्षार्थियों की फीस में सबसे अधिक बढ़ोतरी की है। इसके तहत सभी श्रेणियों में मैट्रिक शुल्क बिना विलंब शुल्क के 240 रुपये और विलंब शुल्क के साथ 340 रुपये बढ़ाया गया है। नियमित छात्रों की फीस 2025 के 740 रुपये से बढ़कर 2026 में 980 रुपये हो गई है। वहीं छात्राओं की फीस 940 रुपये से बढ़ाकर 1180 रुपये कर दी गई है। प्राइवेट परीक्षार्थियों की फीस भी 940 से बढ़ाकर 1180 रुपये कर दी गई है। वहीं परीक्षा शुल्क में बढ़ोतरी का सबसे अधिक असर स्वतंत्र और प्राइवेट परीक्षार्थियों पर पड़ेगा, जिनकी फीस में सबसे अधिक वृद्धि की गई है। सभी वर्गों की लड़कियों के लिए समान शुल्क निर्धारित किया गया है।



**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की फीस रखी गई समानः** वहीं छात्रों में सामान्य वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्यूएस) की फीस समान रखी गई है। ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के परीक्षार्थियों के शुल्क में भी बढ़ोतरी की गई है। रेगुलर परीक्षार्थियों के मैट्रिक का परीक्षा शुल्क 740 से बढ़ाकर 980 कर दिया गया है। वहीं विलंब फीस 1140 से बढ़ाकर 1480 कर दी गई है। प्राइवेट परीक्षार्थियों की परीक्षा फीस 940 से बढ़ाकर 1180 कर दिया गया है। विलंब फीस 1340 से बढ़कर 1680 हो गई है। इसके अलावा अब सामान्य वर्ग और ईडब्लूएस परीक्षार्थियों को 940 के बजाय 1180 रुपये देने होंगे। वहीं विलंब फीस 1340 से बढ़ाकर 1680 कर दी गई है। ओबीसी, एससी और एसटी परीक्षार्थियों को 740 के बदले 980 देने पड़ेंगे। वहीं विलंब फीस 1140 से बढ़ाकर 1480 कर दी गई है। इधर, रेगुलर परीक्षार्थियों के लिए इंटर परीक्षा शुल्क को 910 रुपये की जगह 1100 रुपये देने होंगे, जबकि विलंब फीस 1310 से बढ़ाकर 1600 कर दी गई है। प्राइवेट परीक्षार्थियों की परीक्षा फीस 1210 से बढ़ाकर 1400 रुपये कर दी गई है। उनके लिए विलंब फीस को 1610 से बढ़ाकर 1900 रुपये कर दिया गया है।

## डिजिटल हमलों से महिलाएं और बच्चे असुरक्षित : जेपी

**एजेंसी। रांची**

भाजपा किसान मोर्चा के नेता और झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जेपी पांडेय ने कहा है कि डिजिटल युग में महिलाएं और बच्चे तेज़ी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के शिकार बनते जा रहे हैं। इससे महिलाएं और बच्चे असुरक्षित हो गए हैं। बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पांडेय ने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग ने भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। कई बच्चे आत्महत्या तक कर चुके हैं, जबकि बड़ी संख्या में महिलाएं ब्लैकमेलिंग, तस्वीरों से छेड़छाड़, फर्जी वीडियो, ऑनलाइन हैरेसमेंट और साइबर फ्रॉड का सामना कर रही हैं। उन्होंने भारत सरकार से कठोर कानून बनाने, पुलिस–प्रशासन को विशेष प्रशिक्षण देने और टेक कंपनियों



को जवाबदेह बनाने की मांग की। साथ ही स्कूल–कॉलेजों में डिजिटल नैतिकता और ऑनलाइन सुरक्षा को अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल करने पर जोर दिया। पांडेय ने कहा कि भारत में डिजिटल क्रांति जितनी तेज हुई है, उतनी ही तेज़ी से डिजिटल हिंसा भी बढ़ी है। कमजोर कानूनों और टेक कंपनियों की कम जवाबदेही के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर से 16 दिसंबर तक संयुक्त राष्ट्र में डिजिटल हमलों पर वैश्विक स्तर पर चर्चा होना इस समस्या की गंभीरता को दर्शाता है।

## राज्यभर की सहियाओं को अब मिलेगा चार हजार प्रतिमाह

**एजेंसी। रांची**

राज्यभर की सहिया, सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल (बीटीटी), राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) के लिए खुशखबरी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बडा कदम उठाते हुए बुधवार को इनकी मानदेय में बढोत्तरी करने की बात करने की घोषणा की। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों की 39,964 और शहरी क्षेत्रों में 3,000 सहियाओं को पूर्व में मिलनेवाले मानदेय (एनएचएम) 2000 प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि को दोगुना करते हुए इसे चार हजार रुपये कर दिया गया है। इस पर राज्य सरकार को कुल 10311.36 लाख रुपए व्यय होंगे। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में रहनेवाले 2295 और शहरी क्षेत्र की 125 सहिया साथियों को पूर्व में मिलने वाली राशि 375 रुपये प्रतिमाह (अधिकतम 24 दिन) के अलावे अब 50 रुपये प्रतिदिन प्रोत्साहना राशि मिलेगी। इस वृद्धि पर सरकार को 348.42 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं ग्रामीण और शहरी इलाके के प्रखंड प्रशिक्षक दल के (बीटीटी) को पहले मिलनेवाली 650 रुपये प्रतिमाह (अधिकतम 24 दिन) राशि के अलावे अब 80 प्रतिदिन के हिसाब से राशि मिलेगी। इसमें सरकार को 161.05 लाख रुपये की राशि का व्यय होगा। इसी तरह 48 राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) को पहले मिलनेवाली 850 रुपये प्रतिमाह राशि के अलावे



अब 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहना राशि मिलेगी। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने अपने इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि वे हर मरीज की बेहतर और समय पर इलाज में सक्रिय सहयोग करें, न कि उन्हें अनावश्यक रूप से निजी अस्पतालों में रेफर करें। उन्होंने कहा कि सहिया दीदी, सहिया साथी, बीटीटी और एसटीटी टीम ही झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था की असली शक्ति हैं। इनके मानदेय में बढ़ोत्त्तरी केवल कागज का निर्णय नहीं है। उन्होंने कहा की मानदेय में बढोत्तरी से विभाग पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, लेकिन फिर भी उन्होंने यह कदम अपनी सहिया बहनों के हित में उठाया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण राज्य सरकार पर पहले से ही काफी भार बढ़ा है, फिर भी हमारी सरकार सहियाओं के साथ मजबूती से खड़ी है।

## कांग्रेस ने जयंति पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पार्टी अध्यक्ष केसरी को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूरी दुनिया इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में जानती है। उन्होंने देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को भी नई रोशनी दिखाई है। सर्वधर्म, समभाव और धर्मनिरपेक्षता की जड़ों को मजबूत करने वाली पार्टी नेत्री ने सामाजिक और



राजनैतिक क्षेत्र में कांग्रेस के योगदान को देश की जनता के सामने अनुकरणीय बना दिया है। उन्होंने ने कहा कि भुवनेश्वर की सभा में इन्दिरा गांधी का अंतिम वाक्य कि मैं रहूं या ना रहूं, मेरा एक-एक कतरा देश के काम आयेगा। आज सही साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका चार मूल मंत्री दूर दृष्टि, पक्का इरादा, कड़ी मेहनत, अनुशासन आज भी उतने ही प्रासांगिक हैं। देश के प्रति सच्ची सेवा और समर्पण ने उनको महान् व्यक्तित्व बनाया तो दूसरी ओर कांग्रेस संगठन को उनके नेतृत्व में एक नई दिशा मिली। विकासशील देशों की पंक्तियों में भारत को स्थापित करने में उनकी भूमिका अविस्मरणीय रहेगी। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी के जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके कुशल नेतृत्व की क्षमता ही उन्हें कांग्रेस के एक साधारण कार्यकर्ता से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक की जिम्मेवारी तक ले गया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, मार्केटिंग बोर्ड चेयरमैन रवीन्द्र सिंह, सुनील सिंह, कार्यालय सह-प्रभारी राजन वर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नरेश वर्मा, जगदीश साहु, रमा खालखो, निरंजन पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड में न्यूनतम तापमान में कमी, रात में लग रही भारी कनकनी



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची सहित कई जिलों में पिछले चार - पांच दिनों से न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई है। इससे ठंड में हल्की कमी आई है, हालांकि रात में भारी कनकनी महसूस की जा रही है। पिछले चार - पांच दिनों में जहां खूंटी में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस था वह बुधवार को बढ़कर 11.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार रांची में भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से बढ़कर बुधवार को 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में रांची और आसपास के इलाकों में रात और सुबह में कुहासा छाने की आशंका व्यक्त की है। पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 29.5 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री, जमशेदपुर में 29 और 13.6, डालटेनगंज में 28 और 11.3 डिग्री, बोकारो में 26.8 और 13.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# झारखंड विधानसभा के 25वें स्थापना दिवस पर राज सिन्हा को मिलेगा उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार

**एजेंसी। रांची**

धनबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक राज सिन्हा को उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान झारखंड विधानसभा के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिया जाएगा। राज सिन्हा धनबाद विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक चुने गए हैं। उनके जरिये किए गए उत्कृष्ट कार्यों और क्षेत्र की जनता के प्रति उनकी समर्पण भावना को देखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह में उत्कृष्ट विधायक को 51 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। यह सम्मान राशि राज्यपाल प्रदान करेंगे। इसके अलावा प्रशस्ति पत्र, शॉल, मोमेंटो भी प्रदान किया जाएगा। इन्हे वर्ष 2025 के लिए भगवान बिरसा मुण्डा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राज सिन्हा 2014 के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक बने और उन्होंने कांग्रेस के मन्नान मल्लिक को 52,000 से भी अधिक वोटों से हराया था। इसके बाद 2019 के चुनाव में भी उन्होंने मन्नान मल्लिक को 30,000 से अधिक वोटों से हराया। 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार अजय कुमार दुबे को 48 हजार से अधिक मतों से शिकस्त दी। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा



के उत्कृष्ट कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं मोमेंटो के साथ 21,000 रूपये की सम्मान राशि प्रदान करेंगे। इस साल विधानसभा के छह कर्मियों को उत्कृष्ट कर्मी का सम्मान दिया जाएगा। इन सभी कर्मियों को स्वर्गीय कपिलेश्वर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**इन उत्कृष्ट कर्मियों को मिलेगा सम्मानः**

संतोष कुमार सिंह- संयुक्त सचिव- नीलम कुजूर- प्रशाखा पदाधिकारी-मो. शाहिद हैदर- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी-राकेश कुमार सिंह-पर्यवेक्षक उद्यान-मन्नु राम-अनुसेवक-रवीन्द्र पाल- अनुसेवक

**उत्कृष्ट विधायक चयन समिति में ये रहे शामिलः** उत्कृष्ट विधायक चयन समिति की बैठक विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में कांके रोड स्थित उनके आवास पर बुधवार को हुई। समिति के सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, स्टीफन मरांडी, रामचंद्र सिंह, नवीन जायसवाल, पत्रकार दीर्घा समिति के संयोजक आनंद मोहन, विधानसभा के प्रभारी सचिव-सह-सदस्य सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम मौजूद रहे।

**समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री रहेंगे शामिलः** झारखंड विधानसभा की ओर से 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 नवंबर को एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रमः** समारोह को दो सत्रों में बांटा गया है। पहले सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि दूसरे सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस मौके पर बॉलीवुड गायक रूप कुमार राठौर और हास्य कवि दिनेश बावरा अपनी प्रस्तुति देंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंडरो में विधायक धनंजय सोरेन ने किया जिम पार्क का उद्घाटन, शारीरिक और मानसिक विकास पर दिया जोर





संवाददाता

**साहिबगंज/मिर्जाचौकी :-** बुधवार को मिर्जा चौकी दुर्गा मंदिर परिसर में बने नए जिम पार्क का उद्घाटन बोरियो विधानसभा के विधायक धनंजय सोरेन ने किया। उन्होंने नारियल फोड़कर, पुष्प अर्पित कर और खुद जिम में अभ्यास करके इस सुविधा की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक धनंजय सोरेन ने कहा, "नियमित व्यायाम और जिम का अभ्यास व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देता है।" कार्यक्रम के दौरान मिर्जा चौकी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल और कपिल मुनि भगत ने विधायक का फूल-माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों और पूजा समिति के सदस्यों ने झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस (15 नवंबर 2025) के अवसर पर विधायक को एक आवेदन सौंपा। इस आवेदन में दुर्गा मंदिर परिसर स्थित तालाब पर छठ घाट का निर्माण, एक तोरणद्वार बनाने और 100 मीटर पानी निकासी नाले के निर्माण की मांग की गई। विधायक ने इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उद्घाटन समारोह में पूजा समिति के सदस्य कपिल मुनि भगत, बलराम भगत, बालेश्वर भगत, रुद्रेश्वर गुप्त, छोटू गुप्ता, प्रमोद वर्णवाल, मनोज गुप्ता, नीरज भगत, तुरी कोडा, विनय शर्मा, अभय बरनवाल, और नंदकिशोर ठाकुर सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जामताड़ा में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन, कबड्डी और खो-खो में दिखा खिलाड़ियों का जोश

संवाददाता

**जामताड़ा/समीम अंसारी :-** जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सोमवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन किया गया। जिला कबड्डी एवं खो-खो संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर के खिलाड़ियों और युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिससे मैदान दिन भर खेल प्रेमियों की भीड़ से गुलजार रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद खेल महोत्सव के जिला संयोजक और भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा, भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल, जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष डॉ. डी.डी. भंडारी और जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अरविंद ओझा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।






उद्घाटन के साथ ही मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक हरिमोहन मिश्रा ने कहा, "सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और स्थानीय स्तर पर छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है। मैदान में आयोजित कबड्डी और खो-खो के मुकाबलों में विभिन्न प्रखंडों से आए खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जीत के लिए कड़ा संघर्ष किया, जबकि दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस सफल आयोजन में डॉ. डी.डी. भंडारी, अरविंद ओझा, नंदन कुमार सिंह, निलेश कुमार, सुमित ओझा, विनायक सिंह, और अविनाश कुमार राउत सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीगः संत जेवियर स्कूल 'बी' ने 8 विकेट से जीता मैच

संवाददाता

**साहिबगंज :-** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में बुधवार को संत जेवियर स्कूल 'बी' ने सीएबी एचएफएस जूनियर 'बी', बरहरवा को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। टीम के हरफनमौला खिलाड़ी अनुराग साहिल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच में सीएबी एचएफएस जूनियर 'बी' ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और संत जेवियर के गेंदबाजों के सामने पूरी टीम 17.5 ओवर में 115 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उनकी ओर से शोएब अंसारी ने सर्वाधिक 29 रन, अर्जुन कुमार ने 23 और विष्णु कुमार ने 20 रनों का योगदान दिया। संत जेवियर स्कूल 'बी' की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए अनुराग साहिल ने 5 और अमित राज ने 4 विकेट झटके। 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत जेवियर स्कूल 'बी' की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। आदित्य ज्ञान के बेहतरीन 54 रन, अनुराग साहिल के नाबाद 34 रन और अमित राज के 16 रनों की मदद से टीम ने 15.2 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सीएबी एचएफएस जूनियर 'बी' के लिए तौसीफ और विष्णु ने एक-एक विकेट लिया। मैच के मुख्य अतिथि गोपाल चोखानी ने विजेता खिलाड़ी अनुराग साहिल को 'मैन ऑफ द मैच' की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका चंदन यादव और श्याम रंजन तिवारी ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी मो. अनाउल्लाह अंसारी ने संभाली। संघ की ओर से सूचित किया गया है कि गुरुवार को कोई मैच नहीं खेला जाएगा।



# साहिबगंज में कांग्रेसियों ने मनाई आयरन लेडी इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती





संवाददाता

**साहिबगंज :-** शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय गांधी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें इंदिरा गांधी के जीवन और उनके द्वारा देश के लिए किए गए युगांतकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला उपाध्यक्ष मो. कलीमुद्दीन ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक निडर और साहसी नेता थीं। अपने कार्यकाल के दौरान लिए गए साहसिक फैसलों के कारण उन्हें हमेशा 'आयरन लेडी' के रूप में याद किया जाएगा। वह चार बार भारत की प्रधानमंत्री रहीं। पूर्व जिला अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा ने कहा कि तेज-तर्रार और ठोस निर्णय लेने की क्षमता ने इंदिरा गांधी को देश और दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार कर दिया। उन्होंने उनके तीन प्रमुख कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश उन्हें हमेशा याद रखेगाः

1. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
2. पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का उदय
3. राजा-रजवाड़ों के प्रिवी पर्स को समाप्त करना

जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने हमें सिखाया कि विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कैसे किया जाता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुर्शाद अली, बासुकीनाथ यादव, सरफराज आलम, रामसिंगार ओझा, दिलीप गुप्ता, रंजीत टुडू, शशिधर यादव, मो. रिजवान, देवेंद्र प्रसाद ठाकुर, और मो. मेराजुद्दीन सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## साहिबगंज महाविद्यालय के 6 गोल्ड मेडलिस्ट सम्मानित, प्राचार्य ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की



संवाददाता

**साहिबगंज :-** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका में आयोजित नवें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले साहिबगंज महाविद्यालय के छह मेधावी छात्रों को महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्य प्रोफेसर एस. आर. आई. रिजवी ने सम्मानित किया। विदित हो कि बीते सोमवार को दुमका में आयोजित दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार के कर-कमलों द्वारा इन छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया था। महाविद्यालय के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण रहा।

**इन छात्रों ने बढ़ाया मानः**

**स्नातकोत्तर स्तरः**

राज रमन (हिंदी विभाग)
पी. पी. मुर्मू (संथाली विभाग)
अनीता मुर्मू (भूगर्भ शास्त्र विभाग)
मनीषा कुमारी (मनोविज्ञान विभाग)

**स्नातक स्तरः**

मेरी ज्योति मरांडी (संथाली विभाग)
रितिका कुमारी (भौतिकी शास्त्र)

छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर एस. आर. आई. रिजवी ने कहा, "इन छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जिस पर पूरे महाविद्यालय परिवार को गर्व है।" उन्होंने सभी गोल्ड मेडलिस्टों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी उन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करें, जिनकी वे इच्छा रखते हैं।

## फतेहपुर थाने में सुलझा पति-पत्नी का विवाद, बच्चे के भविष्य के लिए बना ऐतिहासिक समझौता



संवाददाता

**जामताड़ा/फतेहपुर/श्रीजल हेंम्ब्रम :-** फतेहपुर थाना परिसर आज एक पारिवारिक विवाद के सुखद समाधान का गवाह बना, जहाँ पुलिस और समाज के लोगों की मध्यस्थता से एक पति-पत्नी के बीच के मतभेदों को सुलझाया गया। इस समझौते में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों ने अपने दो वर्षीय बच्चे के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

जानकारी के अनुसार, जयदेव हेंब्रम और उनकी पत्नी सोनाली हेंब्रम के बीच कुछ समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते मामला थाने तक पहुँच गया। इन दोनों का विवाह दो वर्ष पूर्व आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था और उनका एक दो साल का बच्चा भी है।

थाने में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आपसी सहमति से एक समझौता-पत्र तैयार किया गया। इस समझौते में यह निर्णय लिया गया कि बच्चे के बेहतर पालन-पोषण और भविष्य को ध्यान में रखते हुए, वह 12 वर्ष की आयु तक अपनी माँ सोनाली हेंब्रम के साथ रहेगा। यह समझौता इस बात का उदाहरण है कि आपसी संवाद और सूझबूझ से न केवल रिश्तों को बचाया जा सकता है, बल्कि बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकता है। थाने में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि जयदेव और सोनाली अपने बच्चे के लिए एक बेहतर माहौल प्रदान करेंगे।

# जामताड़ा में प्राथमिक विद्यालयों में शिफ्ट होंगे आंगनबाड़ी केंद्र, उप विकास आयुक्त ने दिए सर्वेक्षण के निर्देश

संवाददाता






**जामताड़ा/समीम अंसारी :-** जामताड़ा जिले में किराए के और जर्जर भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को अब जल्द ही नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में स्थानांतरित (को-लोकेट) किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार, 19 नवंबर 2025 को उप विकास आयुक्त (DDC) निरंजन कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए एक माइक्रोप्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को एक संयुक्त टीम बनाकर सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। इस टीम में शिक्षा विभाग के जेई (JE) और एई (AE) के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग की महिला पर्यवेक्षिका और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (CDPO) शामिल होंगे। यह टीम सभी संबंधित स्कूलों का निरीक्षण कर एक विस्तृत रिपोर्ट जिला समाज कल्याण कार्यालय को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीडीसी ने स्पष्ट किया कि को-लोकेशन विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही होगा। इसके तहत, आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय की दूरी शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर और ग्रामीण क्षेत्रों में 1 किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सर्वेक्षण टीम को यह भी निर्देश दिया कि वे उन स्कूलों के बारे में विशेष रूप से रिपोर्ट करें, जहाँ तक छोटे बच्चों को पहुँचने में कठिनाई हो सकती है, जैसे कि रास्ते में नदी, नाला, पहाड़ पड़ना या किसी अत्यधिक व्यस्त सड़क को पार करना।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि वे संबंधित प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को इस कार्य में पूरा सहयोग करने के लिए निर्देशित करें ताकि स्थानांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कलानाथ, संबंधित सीडीपीओ, बीईईओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# साहिबगंज में विकास योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा, समय पर कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

संवाददाता



**साहिबगंज :-** जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने बुधवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान DMFT, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद और नीति आयोग जैसी महत्वपूर्ण निधियों से संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त हेमंत सती ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे कार्यों को समय पर, पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा, "प्रत्येक योजना की फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी की जानी चाहिए, ताकि इसका लाभ आम जनता तक जल्द से जल्द पहुँच सके।"

बैठक में NREP, ग्रामीण विकास, पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, और समेकित जनजातीय विकास अभिकरण द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैंः

बरहेट प्रखंड के कालीदाह टोला में पानी टंकी का निर्माण।

उधवा प्रखंड के श्रीधर काली मंदिर घाट पर चेंजिंग रूम का निर्माण।

साहिबगंज जिले में 'वेस्ट टू वंडर पार्क' का निर्माण।

सकरीगली मध्य विद्यालय में 6 अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण।

100 PVTG परिवारों के लिए मशरूम उत्पादन के माध्यम से रोजगार सृजन।

कल्याण विभाग द्वारा संचालित अम्बेरी एवं ढिबरीकोल आवासीय विद्यालयों में मॉड्यूलर किचन-सह-भोजनालय का उन्नयन।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबूआ आवास योजना और मनरेगा की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ. राम देव पासवान, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा सहित अन्य कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जामताड़ा में 'हमारा शौचालय – हमारा सम्मान' थीम पर जागरूकता कार्यक्रम
### ग्रामीणों को किया गया प्रेरित

संवाददाता

**जामताड़ा/समीम अंसारी :-** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज जामताड़ा प्रखंड सभागार में 'हमारा शौचालय – हमारा सम्मान' की थीम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शौचालय के उपयोग, रखरखाव और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–अंचल अधिकारी ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी मुखिया एवं जल सहिया को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में जाकर ग्रामीणों को शौचालय के शत-प्रतिशत उपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, "स्वच्छता न केवल बीमारियों से बचाती है, बल्कि यह हमारे सम्मान का भी प्रतीक है।"

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता रैली, शौचालय उपयोग पर जानकारी और साफ-सफाई अभियान चलाया जाए।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

**निविदा सं. : डब्ल्यू _2_623_16_ एससीओयूआर –एमओएन_एमएलडीटी (खुली निविदा)** जो पूर्व में प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 द्वारा प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 20.11.2025 है, उक्त निविदा को एतद्द्वारा कुछ तकनीकी कारण से **निरस्त** कर दिया है।

MISC-294/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# साहिबगंज में कीटनाशक विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता



**साहिबगंज :-** फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2025-26 के तहत बुधवार को संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में कीटनाशक विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विक्रेताओं को कीटनाशकों के सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में नेचुरल फार्मिंग पर जोर देते हुए जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि कीटनाशकों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कीटनाशक दवाएं नहीं देनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने किसानों को सलाह दी कि कीटनाशक का छिड़काव हमेशा हवा की दिशा में ही करें, हवा के विपरीत दिशा में छिड़काव करने से बचें, ताकि रसायन छिड़काव करने वाले व्यक्ति पर न आए।

**विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी**

**उद्यानिकी फसलों में प्रबंधनः** जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने उद्यानिकी फसलों में कीट और रोगों के प्रबंधन के लिए एकीकृत कीट प्रबंधन (IPM) तकनीकों के उपयोग पर बल दिया।

**सही कीटनाशक का चयनः** परियोजना उपनिदेशक (आत्मा) मंटू कुमार ने सही कीटनाशक की पहचान और उसके उचित उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

**मित्र कीटों की पहचानः** राजदीप प्रसाद सिंह ने किसानों के लिए लाभकारी "मित्र कीटों" की पहचान करने के तरीकों को समझाया, ताकि हानिकारक कीटों को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित किया जा सके।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन आत्मा की कंचन सुमन ने किया। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में कीटनाशक विक्रेता उपस्थित रहे और उन्होंने विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारियों का लाभ उठाया।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**सं.: सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई–ऑक्शन/2025** **दिनांक** : 18.11.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है : **नीलामी की कैटेगरी:** पार्किंग। **ई–ऑक्शन कैटलॉग सं.:** एएसएन–पीएआरके–181120, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि:** 04.12.2025 को 12.15 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम:** आसनसोल रेलवे स्टेशन के दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में थ्री व्हीलर्स (ऑटो) के लिए पार्किंग लॉट। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सूची के अनुसार उपर्युक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-249/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्याः ओ/एसी/टी/115/25–26 (खुली), दिनांक** 17.11.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या :** ओ–एसी–टी–115–25–26, **कार्य का नामः** एईएन/मधुपुर के अधीन एसएसई/पी (वे)/विद्यासागर की शाखा में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 75,23,604.16, **बयाना राशि :** रु. 1,50,500/–, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 15.12.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-248/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सिमडेगा के सबसे प्राचीन तामड़ा जतरा महोत्सव का 25 नवम्बर को होगा शुरुआत

संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा के सबसे प्राचीन गांव तामड़ा की सबसे प्राचीन ऐतिहासिक जतरा मेला का 25 नवम्बर दिन मंगलवार को विधिवत उद्घाटन होगी। दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला की सभी प्रकार की तैयारी की जा जा रहीं है जहां पर दूर-दूर से खेल तमाशा, बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन एवं मिठाई सहित अलग-अलग प्रकार की सामानों की दुकानें आ रही है।25 नवम्बर को विधिवत पहान धर्मनाथ खड़िया के द्वारा ग्राम देवी की पूजन करने के पश्चात विधि विधान के साथ मेला की शुरुआत होगी। जिसकी उद्घाटन उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं एसपी एम अर्शी के द्वारा की जाएगी। जिसकी करने की तैयारी चल रही है 112 सालों से अधिक वर्षों से लग रहा है मेला जिस प्रकार 112 सालों से अधिक वर्षों से मेला लगने का इतिहास है इस मेल के पीछे की कहानी बड़ी रोचक है। 1913 आसपास गांव के ही कुछ उत्साहित लोग जिसमे जागेश्वर सिंह महावीर साव, रामलाल साव, शिवलाल साव, श्री साव, बबन श्रीवास्तव, दुर्गा साव, फिरू लोहरा, जगन साव, रामचन्द्र साव, सीतराम साव, ऊधो तेली सहित अन्य लोगों के द्वारा क्षेत्र में अच्छी फसल होने और लोगों को संगठित और एक सूत्र में बांधने का प्रयास हेतु छोटा मेंला के रूप में आयोजन किया था। परन्तु दिन प्रतिदिन इसमें आसपास के गांव का सहयोग मिलने लगा और मेल बृहद

**» 112 सालों से लगातार लग रहा है मेला**

रूप ले लिया और फिर यहां पर लोग मेला का आनंद लेते थे। मेला से एक सप्ताह पूर्व झाली मांगने की है परंपरा तामड़ा जतरा मेला को लेकर शुरुआती दौर से ही झाली मांगने की परंपरा है ।जहां पर छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर पारंपरिक गीत गाकर धान चावल आदि चीजों का संग्रहण करते हैं और यह प्रथा 112 वर्षों से लगातार गांव में चली आ रही है। यहां आज भी गांव के छोटे-छोटे बच्चे घर-घर जाकर गीत गाकर शाम के समय धान चावल की मांग करते हैं जिसे जतरा मेला में ले जाकर मुरही एवं चूड़ा बदलकर यात्रा मेला का आनंद लेते हैं। गांव के लोग भी बड़े ही उत्साह के साथ घर में आए नई फसल को दान करते हैं। कठपुतली नाच रहती थी मेला का आकर्षण केंद्र इस मेला का सबसे आकर्षक केंद्र की बात करें तो इस मेल में कठपुतली नाच का आयोजन किया जाता था जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते थे। यह कार्यक्रम बीरू के नायक समुदाय के लोगों के द्वारा यहां पर दिखाया जाता था और इसे देखने के लिए लोग बड़े ही उत्साह होते थे। लेकिन धीरे-धीरे यह संस्कृति और परंपरा विलुप्त हो गई आज उसके वंशजों के द्वारा यह खेल बंद कर दिया गया और इस मेल में यह खेल अब बंद हो गया। फिलहाल इस वर्ष 2025 प्रयास किया जा रहा है कि यह विलुप्त हुई परंपरा को बरकरार रखने के लिए पुतली नाच कुल्लूकेरा से की व्यवस्था करें ताकि लोग उसका आनंद ले सके दो दिवसीय मेला में इस बार होगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम इधर दिन प्रतिदिन लगातार मेल बृहद रूप लेते जा रही है। एक दिवसीय मेला अब दो दिवसीय रूप ले चुकी है। जहां पर पहले दिन 25 नवम्बर को भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। यहां पर पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं के द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजित किया जाएगा। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे वहीं दूसरा दिन बुधवार 26 नवम्बर की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें झारखंड के बड़े कलाकारों का आमंत्रित किया गया है जिसमे इग्नेस ,चिंता देवी सुमन गुप्ता, पंचम राम,शखि यादव, एवं पारंपरिक पाइका नृत्य मुख्य आकर्षण केंद्र रहेगा उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह के द्वारा द्वारा किया जाएगा। सिमडेगा पर्यटन संवर्धन समिति में मेंला हुआ सूचीबद्ध भूमि की मांग प्राचीन मेला को संरक्षण के लिए आयोजन समिति के द्वारा जिला प्रशासन सिमडेगा से मदद की मांग की है। सिमडेगा जिला प्रशासन के प्रयास से पर्यटन संवर्धन समिति की सूची में मेला शामिल हो गया लेकिन उक्त मेला स्थल निजी भूमि पर लगाते आ रही है और अब वह जमीन में धीरे-धीरे मकान बनने लगे हैं ऐसे में मेला का अस्तित्व खतरे में आ रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए बगल में ही सरकारी भूमि है उक्त स्थल पर मिला के लिए स्थान दिया जाए ताकि मेला का अस्तित्व बजे और सदैव के लिए यह मेल संरक्षित रखा जा सके। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के मुख्य सरंक्षक -शखी ग्वाला, हीरा राम, लाल महतो, अध्यक्ष कुबेर कैथवार, उपाध्यक्ष संतोष साहू, राहुल मिश्रा विकास साहू, अरविंद कैथवार, सचिव, राहुल कैथवार, मनीष केशरी, रिजवान खलीफा, छोटा साहू, किशोर मांझी, कोषाध्यक्ष ब्रजनाथ कैथवार, मुकेश गोप, उपकोषाध्यक्ष अजय बैठा, मुरली, सचिन, विक्की, दसरथ, सचिन केशरी, अभिषेक, संरक्षक मनोज सिंह, शत्रुघन श्रीवास्तव, फूलचंद ठाकुर, जितेंद्र पुरी, मुकेश मिश्रा, अशोक गुप्ता, रामकुमार, दिनेश राम, कृतलोचन राम सहित अन्य सभी पदाधिकारी व मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा एवं राजन सिंह शामिल है।

# मारवाड़ी प्रीमियर लीग में रोमांच चरम पर, आठ लीग मुकाबलों में उलटफेर और धुआंधार प्रदर्शन

संवाददाता



**झुमरी तिलैया/कोडरमा।** मारवाड़ी युवा मंच का प्रीमियर लीग मैच के अब तक खेले गए आठ लीग मैचों में रोमांच, धमाकेदार बल्लेबाज़ी और शानदार गेंदबाज़ी का जबरदस्त संगम देखने को मिला। दोनों पूल—ए और बी—में टीमों ने फाइनल की दौड़ में बनाए रखने के लिए पूरा दमखम दिखाया। पूल ए का पहला मुकाबला जेडीएमएल स्मैशर्स और दुर्गा सेना के बीच खेला गया, जिसमें दुर्गा सेना के ऑलराउंडर अक्षय वसंत ने 17 रन देकर दो विकेट और 9 गेंदों पर 29 रनों की आतिशी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। दूसरे मैच में कासलीवाल नाइट राइडर्स ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए दमदार जीत दर्ज की। टीम के स्टार खिलाड़ी ऋषभ काला ने केवल 22 गेंदों पर 67 रन ठोककर विपक्ष की कमर तोड़ दी और साथ ही गेंदबाज़ी में 17 रन देकर दो विकेट लिए। बेहतरीन फील्डिंग के साथ उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे रोमांचक मुकाबले में सैमसंग रॉयल्स ने दुर्गा सेना को 1 रन से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। सैमसंग रॉयल्स के प्रशम जैन ने 38 गेंदों में 92 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जबकि प्रतीक अग्रवाल ने तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। पूल ए के चौथे मैच में कमजोर मानी जा रही जेडीएमएल स्मैशर्स ने कासलीवाल नाइट राइडर्स को 19 रनों से हराकर सबको चौंका दिया। टीम के सिद्धार्थ झांझरी ने 22 गेंदों पर 40 रन बनाए और उमंग कंदोई ने 22 रन देकर चार विकेट झटके तथा मैन ऑफ द मैच बने।

पूल बी के पहले मुकाबले में हस्त टाइटंस ने जैन जैगुआर को 51 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए टीम ने 105 रन बनाए जिसमें जैमिन पटेल ने 15 गेंद पर 26 रन जोड़े। गेंदबाज़ी में अंकित खेतान, ऋषभ पहाड़िया और जैमिन पटेल ने दो-दो विकेट लेकर मैच अपनी पकड़ में रखा। जैमिन पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में वीर वॉरियर्स ने माहेश्वरी स्ट्राइकर को हराकर 60 रनों से विराट जीत हासिल की। टीम के सलामी बल्लेबाज़ पीयूष जैन ने 26 गेंदों पर 47 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता, जबकि मिशांक केडिया ने तीन विकेट झटके। तीसरे मुकाबले में हस्त टाइटंस ने वीर वॉरियर्स को 51 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए हस्त टाइटंस ने 98 रन बोर्ड पर लगाए, जिसमें ऋषभ पहाड़िया ने 16 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। गेंदबाज़ी में भी उन्होंने 3 ओवर में 5 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए ऋषभ पहाड़िया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। गेंदबाज़ी में जैमिन पटेल और अंकित खेतान ने भी 1–1 विकेट झटका। पूल बी के आखिरी मुकाबले में जैन जैगुआर और माहेश्वरी स्ट्राइकर के बीच सांसें रोक देने वाला मैच देखने को मिला। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर जैन जैगुआर ने रोमांचक जीत दर्ज की। टीम के आकाश जैन ने 35 गेंदों पर 80 रन की विस्फोटक पारी खेली। डेथ ओवरों में अतुल खेतान ने 2 ओवर में 14 रन देकर एक विकेट लिया और अभिषेक जैन ने 3 ओवर मै 21 रन्स देके 3 विकेट लिया। लीग के बचे हुए चार मैच आज शाम 7:00 बजे से रात 11:00 बजे तक खेले जाएंगे, जिनके बाद फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का निर्णय होगा। यह पूरा आयोजन प्रयोजन निदेशक प्रतीक संघई, अतुल खेतान, राज पच्चीसिया, महावीर खेतान, शिवेश पच्चीसिया और मोहित संघई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है।

# इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, उनके आदर्शों को जन–जन तक पहुँचाने का संकल्प







संवाददाता

जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की पूर्व प्रधानमंत्री और भारत की 'आयरन लेडी' कहलाने वाली स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और देशहित में किए गए ऐतिहासिक निर्णयों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन–संघर्ष, भारत की एकता के लिए उनके दृढ़ संकल्प और देश को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत की वीरता, निर्णय क्षमता और प्रगतिशील सोच का प्रतीक थीं। उनके विचारों और आदर्शों को आम जनता तक पहुँचाना आज भी उतना ही आवश्यक है।जयंती समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष दीपिका बेसरा, विधायक प्रतिनिधि अजहरुद्दीन अंसारी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष मुक्त मंडल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभु मंडल, करली चरण सर्केल, अशोक नायक, प्रखंड अध्यक्ष दावत अंसारी, जिला प्रवक्ता इरशाद उल आरसी, सुधीर किस्कू, रऊफ अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, तनवीर आलम, जयराम हंसदा, श्यामल मरांडी समेत कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने कुशल नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम हो, हरित क्रांति हो या राष्ट्रीय एकता की रक्षा—हर कठिन परिस्थिति में उन्होंने अदम्य साहस दिखाया। नेताओं ने कहा कि उनका जीवन देश के लिए समर्पण और बलिदान का जीवंत उदाहरण है।जिला कांग्रेस कमेटी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि इंदिरा गांधी के विचार, नीतियाँ और उनके द्वारा दिखाया गया विकास का मार्ग जन–जन तक पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने देशहित और समाज सेवा के लिए समर्पण भावना से काम करने का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार आरोपी बिनोद मंडल के घर चस्पा किया गया इश्तिहार

**कोलेबिरा।** थाना के एएसआई प्रताप चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी बिनोद मंडल के विरुद्ध कोलेबिरा थाना कांड संख्या 27/25 दिनांक 31 मार्च 2025 को धारा 281/106(1)बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया गया था।घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है।सिमडेगा व्यवहार न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस टीम ने ग्रामीणों की उपस्थिति में आरोपी के घर पर इश्तिहार चस्पा किया, ताकि आरोपी को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की सूचना दी जा सके। कांड के अनुसंधानकर्ता स० अ० नि० प्रताप चंद्र महतो कोलेबिरा थाना के द्वारा इश्तिहार चश्मा किया गया तथा मामले के अभियुक्त को ससमय न्यायालय में उपस्थित होने कहा गया।पुलिस ने बताया कि यदि आरोपी निर्धारित अवधि के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है,तो माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार कुर्की जपती की कार्रवाई व आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सुंदर डैम पर होगा पर्यटन का विकास, उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**गोड्डा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव ने बुधवार को बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत सुंदर डैम के सौदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुंदर डैम में वाच टावर ,पार्क निर्माण, बाउंड्री वॉल, झूला, कनेक्टिंग ब्रिज, इको टूरिज्म विलेज, भवन निर्माण, पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं को लेकर संबंधित अधिकारियों, ग्रमीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा वरीय पदाधिकारियों के साथ सुंदर डैम के इको टूरिज्म भवन एवं कैचमेंट एरिया का भ्रमण किया गया। डैम में किसी तरह का अतिक्रमण ना हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यकदिशा- निदेश दिए गए। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी पर चढ़ कर सुंदर डैम के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया और बताया कि गोड्डा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। यह पर्यटन के लिहाज से ऐसे स्थल पर अवस्थित है जहां पर झारखंड, बिहार, बंगाल एवं अन्य राज्यों के पर्यटक भी आते रहते हैं। सुंदर डैम के विकास होने से जहां एक ओर शैलानियों का आना जाना बढ़ेगा, वहीं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहन तथा बड़ी संख्या में रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे। निरीक्षण के क्रम में उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता अविनाश कुमार पूर्णेन्दु, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो, नगर प्रशासक सह सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी सुशील हांसदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय कुमार नाग संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कटकमदाग में सरकार आपके द्वार अभियान को लेकर एसडीओ ने की बैठक

संवाददाता



**कटकमदाग/ हजारीबाग ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती ने निरीक्षण करते हुए आगामी 'आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार' कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने 21 नवंबर से शुरू होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसडीओ ने कहा कि झारखंड सरकार की यह विशेष पहल ग्रामीण जनता की समस्याओं का त्वरित और स्थल पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को प्राथमिकता से सुना जाए और यथासंभव मौके पर ही उसका समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों को चिन्हित कर शिविर से पूर्व ही आवश्यक तैयारी पूरी कर ली जाए, ताकि जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के क्रम में बैजनाथ कामती ने विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया और कार्य व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ कहा कि अभियान के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीओ ने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर ग्रामीणों को योजनाओं का अधिकतम लाभ देने की अपील भी की। बैठक में कटकमदाग विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद अंचल अधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान सहित संबंधित विभागों कमर्चारियों एवं अंचल निरीक्षक बालेश्वर कुमार प्रमुख कुमारी विनिता बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा उपप्रमुख विमल कुमार गुप्ता मुखिया राजेश कुमार गुप्ता प्रमेश्वर गोप उपस्थित रहे।

# एनएचआरए के उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष बनी हीरा देवी



संवाददाता

**बरही/हजारीबाग।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के हजारीबाग के जिला प्रभारी (महिला प्रकोष्ठ) हीरा देवी को प्रोन्नति देते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) प्रीति उपाध्याय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) मंजू सिंह के अनुशंसा पर प्रमंडल अध्यक्ष उतरी छोटानागपुर प्रमंडल (महिला प्रकोष्ठ) के पद पर मनोनीत किया गया है। मंगलवार को हजारीबाग में एक सादे कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय ने उनकी घोषणा की एवं अंगवस्त्र के साथ उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। मौके पर प्रदेश महिला अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू सिंह ने नव मनोनीत प्रमंडल अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि नव मनोनीत प्रमंडल अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में हजारीबाग में संगठन की मजबूती एवं विस्तार का कार्य तीव्र गति से होगी। ऐसा संगठन ने उम्मीद जताई है। नव मनोनीत प्रमंडल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ हीरा देवी ने कहा जिस विश्वास के साथ संगठन ने उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस विश्वास को टूटने नहीं दूंगी । प्रदेश टीम के द्वारा नव मनोनीत प्रमंडल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ को प्रमंडल के अंदर आने वाले सभी 7 जिलों में जिला कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ दीनानाथ ठाकुर, प्रीति उपाध्याय, मंजू सिंह, दुर्गेश वर्मा, जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ रेखा देवी आदि लोग भी मौजूद रहे।

# बड़कागांव प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 21 नवंबर से शुरू

संवाददाता



**बड़कागांव ।** प्रखंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत 21 नवंबर से की जाएगी। बीडीओ जीतेंद्र मंडल, सीओ मनोज कुमार सहित प्रखंड और अंचल, मनरेगा व तमाम विभाग के कर्मी इसकी तैयारी में जुट गए हैं। सभी पंचायतों के मुखिया भी अपने स्तर से इसकी तैयारी में लग गए हैं। प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में अलग-अलग तिथि को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

21 नवंबर को बड़कागांव पश्चिम पंचायत से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। 22 नवंबर को बड़कागांव पूर्वी पंचायत में, 24 नवंबर को बड़कागांव मध्य पंचायत में, 25 नवंबर को सिंदरी, डांडीकला पंचायत में, 26 नवंबर को चेपाकला पंचायत में, 27 नवंबर को सिकरी पंचायत में, 28 नवंबर को सिरमा पंचायत में, 29 नवंबर को सांढ पंचायत में, 1 दिसम्बर को कांडतरी पंचायत में, 2 दिसम्बर को महुंगाई कलां पंचायत में, 3 दिसम्बर को हरली पंचायत में, 4 दिसम्बर को नयाटांड़ पंचायत में,5 दिसम्बर को सामुदायिक भवन चंदोल में, 6 दिसम्बर को प्राथमिक विद्यालय सहेदा में तथा 8 दिसम्बर को तलसवार पंचायत में ,9 दिसंबर चोपदार बलिया पंचायत में,10 दिसंबर नापोखुर्द पंचायत में, 11 दिसंबर बादम पंचायत में,12 दिसंबर आंगों पंचायत में, 13 दिसंबर पोटंगा पंचायत सामुदायिक भवन जरजरा में,13 दिसंबर उरीमारी पंचायत में,15 दिसंबर गरसुल्ला पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और इसी के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। बता दें कि झारखंड सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आम व खास लोगों की तथा गांव और क्षेत्र की समस्याएं सुनी जाएगी। मौके पर ही संभवतः समस्याओं का निष्पादन भी किया जाएगा। जिन-जिन जटिल समस्याओं का कार्यक्रम के दौरान निष्पादन नहीं हो सकेगा उसे अधिकारियों द्वारा बाद में निष्पादन किया जाएगा।

# दुकान से अवैध महुआ शराब बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

संवाददाता



**कोडरमा ।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गुमो बरवाडीह के रहने वाले राजू प्रसाद वर्मा जिनका गझंडी रोड में राशन का दुकान है, वे अपने दुकान की आड में अवैध महुआ शराब की बिकी करते हैं। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

उक्त टीम द्वारा गझंडी रोड में अवस्थित राजु प्रसाद वर्मा, पिता स्व० दामोदर महतो, साकिन गुमो बरवाडीह, थाना तिलैया, जिला कोडरमा के राशन दुकान में छापामारी की गयी, जिस कम में उसके दुकान से छः प्लास्टिक के जरकीन में रखा कुल 24 लीटर महुआ देशी शराब बरामद हुआ, जिसके संबंध में दुकानदार द्वारा कोई बैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बरामद अवैध महुआ शराब को जप्त करते हुए दुकानदार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दुकानदार ने पूछताछ के क्रम बताया कि वह तिलैया थानान्तर्गत ग्राम बेलाटांड के रहने वाले उमेश यादव से शराब लेकर बिकी किया करता था। इस संबंध में तिलैया थाना कांड सं0 350/25 दि० 18. 11.2025 धारा 272/274/275/292/3(5) बी०एन०एस० एवं 47 (ए) (एफ) झारखण्ड उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है तथा कांड में गिरफ्तार अभियुक्त को अवैध शराब की आपूर्ति करने वाले उमेश यादव का सत्यापन कर उसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजू प्रसाद वर्मा, पिता स्व० दामोदर महतो, साकिन गुमो बरवाडीह, थाना तिलैया के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से प्लास्टिक के छह जरकीन में भरी हुई कुल 24 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। छापामारी दल में विनय कुमार, पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, तिलैया थाना, पु०अ०नि० महादेव पाण्डेय, तिलैया थाना और सशस्त्र बल, तिलैया थाना शामिल था।

# डीसी ने सुंदर डैम के सौंदर्यीकरण हेतु किया क्षेत्र निरीक्षण

◆ सुंदर डैम पर होगा पर्यटन का विकास : उपायुक्त







संवाददाता

**गोड्डा** : उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत सुंदर डैम के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर बुधवार को डैम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुंदर डैम में वाच टावर, पार्क निर्माण, बाउंड्री वॉल, झूला, कनेक्टिंग ब्रिज, इको टूरिज्म विलेज, भवन निर्माण, पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं को लेकर संबंधित अधिकारियों, ग्रमीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। वहीं निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा वरीय पदाधिकारियों के साथ सुंदर डैम के इको टूरिज्म भवन एवं कैचमेंट एरिया का भ्रमण किया गया। डैम में किसी तरह का अतिक्रमण ना हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निदेश दिए गए। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी पर चढ़ कर सुंदर डैम के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया और बताया कि गोड्डा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। यह पर्यटन के लिहाज से ऐसे स्थल पर अवस्थित है जहां पर झारखंड, बिहार, बंगाल एवं अन्य राज्यों के पर्यटक भी आते रहते हैं। सुंदर डैम के विकास होने से जहां एक ओर शैलानियों का आना जाना बढ़ेगा वहीं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहन तथा बड़ी संख्या में रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे। निरीक्षण के क्रम में उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता अविनाश कुमार पूर्णेन्दु, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला खेल पदाधिकारी डॉ० प्राण महतो, नगर प्रशासक सह सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी सुशील हांसदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय कुमार नाग, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाइक और हाईवा की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर





संवाददाता

**महागामा** : प्रखंड के थाना क्षेत्र अंतर्गत दियाजोरी चौक रेलवे फाटक के समीप बुधवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। घटना में एक मोटरसाइकिल और हाईवा के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मृतक युवक की पहचान साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड निवासी राहुल कुमार भगत के रूप में हुई है और दूसरा गंभीर रूप से घायल युवक का नाम आनंद कुमार पाठक बताया गया जो बोकारो स्टील सिटी का निवासी है। वहीं घायल युवक आनंद पाठक की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक के.सी. लैब कंपनी के सीनियर पदाधिकारी थे और कंपनी के कार्य से ललमटिया की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा और बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही महागामा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, हाईवा को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दियाजोरी रेलवे फाटक के आसपास भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर कड़े ट्रैफिक नियम और गति नियंत्रण व्यवस्था लागू करने की मांग की है। पूरे मामले पर महागामा थाना प्रभारी मनोज पाल ने बताया की सड़क दुर्घटना में एक की मौत दूसरा घायल है। गाड़ी को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## अवैध खनन मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी



संवाददाता

**गोड्डा** : अवैध खनन परिवहन व भंडारण पर नियंत्रण को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जहां अवैध खनन के विरुद्ध अंचलवार, कार्यालयवार एवं थानावार समीक्षा की गई। उपायुक्त के द्वारा खनन टास्क फोर्स की टीम को संयुक्त रूप से अवैध कोयला, बालू परिवहन कर रहे वाहनों का जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सभी चेकपोस्ट पर मजिस्ट्रेट की तैनाती, चेक पोस्ट पर आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन, बालू घाट पर ट्रेंच कटिंग का जियोटैग फोटो पर भेजने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे सघन अभियान को निरंतर जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों, संचालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमों के अनुरूप कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों खनन, पुलिस, परिवहन एवं प्रदूषण नियंत्रण को आपसी तालमेल और त्वरित सूचना आदान- प्रदान के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि खनिज संपदा की सुरक्षा, राजस्व वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खनन पदाधिकारी सन्नी कुमार सहित सभी अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

# बहुउद्देशीय सहकारी समिति सशक्तिकरण पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित





संवाददाता

**गोड्डा** : सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ के बहुउददेश्यीय सहकारी समितियों के सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन तिलकामांझी कृषि महाविद्यालय, पुंसिया में किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त अंजली यादव, जिला सहकारी का पदाधिकारी विजय कुमार नाग, जिला पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, डीडीएम नवार्ड नूतन राज सहित अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यशाला में जिले के सभी एमपीसीएस, एफपीओ एवं विशेष प्रकार के समितियों के सदस्यों ने भाग लिया एवं सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम से परिचित हुए। कार्यक्रम में कृषि एवं वन उपज आधारित फसलों के संग्रहण, विपणन एवं प्रसंस्करण के सम्बन्ध में सदस्यों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि किसानों का निबंधन अधिक से अधिक संख्या में किए जाएं। जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" का कार्यक्रम 21 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर 2025 तक सभी पंचायतों में लगाया जा रहा है। आप अपने नजदीकी पंचायत में जाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ प्राप्त करें। उन्होंने हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के द्वारा जारी हेल्थ कार्ड आयुष्मान कार्ड से बेहतर है। इसमें फाइनेंशियल लिमिट ज्यादा है आप इस योजनाओं का लाभ भी ले सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्ट्रॉबेरी एवं मखाने की खेती के संबंध में किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संस्थान है, जो कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड सरकार से निबंधित है। उन्होंने कहा इसका दायित्व कृषि एवं वनोपज की खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन, बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि का इनपुट व्यवसाय, कृषि अवसंरचना के लिए वेयर हाउस, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज, प्रसंस्करण ईकाइयों, राईस मिल इत्यादि है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया किसान मल्टी परपज कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी सिद्धकोफेड की सदस्यता प्राप्त कर संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकते है। उन्होंने कहा कि जिले के कृषक पाठशाला में मल्टी परपज कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी से जुड़े कृषकों को बकरी, बतख, गौ, सुकर, मुर्गी, मधुमक्खी, मत्स्यपालन एवं ऑर्गेनिक खेती, लाह की खेती, मशरूम की खेती इत्यादि विषयों पर जिला संघ द्वारा प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपना वक्तव्य दिया। मौके पर कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारीगण एवं कृषि विभाग के कर्मीगण एवं जिले से आए कृषकगण मौजूद रहे।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने एएनएम पर लगाया लापरवाही का आरोप



संवाददाता

**ठाकुरगंगटी** : प्रखंड अंतर्गत हरिदेवी रेफरल अस्पताल में एक महिला का प्रसव के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से नवजात की मौत का मामला प्रकाश में आया है। वहीं नवजात की मौत पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। यह घटना ठाकुर गंगटी प्रखंड के बनियाडीह निवासी बिपिन यादव के परिवार के साथ घटित हुई है। पीड़ित बिपिन यादव की पत्नी सबिता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर बीते 17 नवंबर को परिजन उन्हें हरिदेवी रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां मौजूद नर्स ने परिजनों को बताया कि प्रसव में अभी विलंब है। नर्स ने कथित तौर पर परिजनों से बाहर से सुई मंगवाकर सबिता देवी को दी, जिसके बाद परिजन उन्हें घर ले गए। वहीं बुधवार की सुबह सबिता देवी को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ। परिजन उन्हें आनन-फानन में दोबारा ठाकुर गंगटी हरिदेवी रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में प्रसव पीड़ा के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और बच्चे की मौत एएनएम की लापरवाही के कारण हुई है। मृतक नवजात के पिता बिपिन यादव ने बताया कि सोमवार को जब वे पत्नी को लेकर अस्पताल आए थे, तब डॉक्टरों ने प्रसव में देरी की बात कही थी। बिपिन यादव ने यह भी बताया कि उनकी पहले से तीन बेटियां हैं और यह बेटा हुआ था, लेकिन उचित समय पर उपचार न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक नवजात की दादी विमला देवी ने भी डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि जिले भर में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, जहां न तो समय पर डॉक्टर मौजूद होते हैं और न ही उचित उपचार मिल पाता है। वही अस्पताल में मौजूद डाक्टर संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मेरे संज्ञान में अभी तक यही मामला है की महिला का प्रसव हुआ जहां पहले से बच्चा मृत था। अगर इसमें एएनएम की लापरवाही होगी तो जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस मामले की जानकारी गोड्डा के सिविल सर्जन को भी दिया गया है। वही जब गोड्डा के सिविल सर्जन डॉ० सुभाष शर्मा से दूरभाष पर बात हुई तो उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



संवाददाता

**गोड्डा** : विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां इस वर्ष का थीम शौचालय हमारा भविष्य पर स्कूलों, आंगनबाड़ी एवं ग्राम में अलग अलग गतिविधियों के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। गाँव के घरों में निर्मित शौचालयों की साफ सफाई की गई। शौचालय के निरन्तर उपयोग से लाभ एवं दुष्परिणाम, बीमारी आदी पहलुओं पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वयं से व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नए निर्मित शौचालय का उद्घाटन व लाभुकों को ग्राम में सम्मान दिया गया। उसका उपयोग, आंगनबाड़ी विद्यालयों में हाथ धुलाई के स्टेप्स एवं उसकी आवश्यकता तथा जन जागरुकता कार्यक्रम, रैली जलसहिया दीदियों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला के सभी पदाधिकारियों, शिक्षको, मुखिया एवं जलसहिया दीदी का विशेष योगदान रहा।

## शादी की नियत से नाबालिग का अपहरण करने के आरोपित को कारावास

**गोड्डा** : जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने शादी की नियत से नाबालिग का अपहरण करने के आरोपित महागामा थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी अफजल अंसारी को दोषी पाकर 366 आईपीसी के तहत सात वर्ष सश्रम कारावास एवं 20,000 रूपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर अतिरिक्त छह माह की सजा से दंडित किया गया। महागामा थाना में दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग के पिता ने कहा था 24 जनवरी 24 को उसकी 17 वर्षीया पुत्री पढ़ने के लिए स्कूल गई थी। जब देर तक वापस नहीं आई तो खोजबीन किया गया। इसी दौरान पता चला कि उसकी पुत्री को मोहनपुर के अफजल अंसारी ने शादी की नियत से बहला- फुसलाकर भगा ले गया है। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। विचारण के दौरान न्यायालय के समक्ष छह गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।




## जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती

**गोड्डा** : जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी जी के 108वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके जन्मदिवस के मौके पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं जिला कांग्रेस कमिटि के कई सम्मानित एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सचिदानंद साह, खुस्तर हसनैन उर्फ बुलबुल, महबूब अंसारी नगर अध्यक्ष, अमित कुमार, सोहेब अहमद, सुशीला देवी, अमरेंद्र अमर, एकरारुल हसन आलम, सुमित कुमार बिट्टू, प्रियव्रत झा, विनय ठाकुर, विनय पंडित, विजय तिवारी, जुगनु अली, सोनी सिंह कार्यलय प्रभारी, मंजूर अंसारी, सुनील साह, ताहिर मुस्तकीम, अलीमुद्दीन अंसारी, अलीमुद्दीन आलम आदि उपस्थित थे।



## 52 लाख की ठगी के आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**धनबाद**। धनसार थाना क्षेत्र के बलवाड़ी स्कूल के निकट रहने वाले आशीष कुमार गुप्ता के घर पर पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया। आशीष गुप्ता पर 52 लाख रुपये की ठगी का गंभीर आरोप है, और वह इस मामले में कई वर्षों से फरार चल रहा है। लगातार नोटिस और वारंट जारी होने के बावजूद उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने अब कानूनी प्रक्रिया के तहत इश्तेहार चिपकाया । आरोपित विकास कुमार गुप्ता पर जमीन और घर देने के नाम पर 52 लाख रुपये ठगी का मामला धनसार थाना में दर्ज है। आज न्यायालय के आदेश पर धनसार पुलिस फरार आशीष गुप्ता के घर पहुंची और घर के मुख्य द्वार पर आरोपित की जानकारी से जुड़ा इश्तेहार चिपकाया। धनसार थाना की सब इंस्पेक्टर ललिता कुमारी सोरेन बे बताया कि आरोपित के खिलाफ कोर्ट से वारंट पहले ही निर्गत किया जा चुका है। इसके बावजूद वह न्यायिक प्रक्रिया से बचता रहा है।

# राज्य स्थापना दिवस समारोह




◆ नगर क्षेत्र में निकाला गया यूनिटी मार्च, स्कूली बच्चे हुए शामिल

संवाददाता

**गोड्डा** : एकता और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ यूनिटी मार्च का सफल आयोजन किया गया। यह मार्च गांधी मैदान से शुरू होकर गोढ़ी चौक तक गया और फिर वहीं से वापसी करते हुए पुनः गांधी मैदान में ही समाप्त हुआ। उक्त मार्च में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, गोड्डा के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के छात्रों ने शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय कुमार राय और शिक्षक महानंद कुमार के नेतृत्व में अनुशासन और उत्साह के साथ सहभागिता की। इस कार्यक्रम में सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल रहे, जिन्होंने छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें एकता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यूनिटी मार्च ने क्षेत्र में भाईचारे, सामूहिकता और सामाजिक चेतना का सशक्त संदेश दिया। विद्यार्थियों और विद्यालय प्रबंधन की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए।

# जिला स्तरीय दो दिवसीय खो खो प्रशिक्षण शिविर सह प्रतियोगिता का हुआ समापन





संवाददाता

**गोड्डा** : ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय खो खो प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान जिला खो खो संघ सचिव आर्यन चंद्रवंशी ने बताया कि जिला खो खो संघ की ओर से लगातार दूसरे दिन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें टेंडर हार्ट स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, डीएवी स्कूल, धपरा स्कूल, गोड्डा ब्लास्टर, हाई स्कूल मंजर,प्लस टू हाईस्कूल गोड्डा, गर्ल्स हाई स्कूल गोड्डा, हाई स्कूल रमला, हाई स्कूल कुर्मीचक के छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। वहीं प्रशिक्षण के साथ साथ आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग में धपरा हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान, गोड्डा ब्लास्टर ने द्वितीय स्थान, डीएवी स्कूल के खिलाड़ियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल धपरा की छात्राओं ने प्रथम स्थान, डीएवी स्कूल की छात्राओं ने द्वितीय स्थान तथा टेंडर हार्ट स्कूल की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अल्पसंख्यक बोर्ड के अध्यक्ष प्रणेश सोलेमोन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता राजेश मंडल, झामुमो के अजय कुमार, अरुण शाह, हाई स्कूल रमला के खेल शिक्षक नीरज कुमार, जिला खो खो संघ के कोच विजय कुमार, ज्ञान किस्कु, अभिजीत हेंब्रम, अनंत कुमार, अंजर, सिराज अहमद आदि उपस्थित थे। वही जिला खो खो संघ सचिव आर्यन चंद्रवंशी ने बताया की इस वर्ष का शिविर एवं प्रतियोगिता काफी रोमांचक रहा। मेरा प्रयास है कि जिला खो खो संघ की ओर से खो खो खेल को पूरे देश में उच्च स्तर तक ले जाया जाएगा और पूरे देश में गोड्डा जिला का नाम रोशन किया जाएगा।



# जमाना ऑनलाइन लर्निंग का

आज के दौर में आनलाइन लर्निंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। आप भी अपने पीसी या लैपटॉप के सामने बैठकर और इंटरनेट से जुडक़र पढऩा चाहते हैं, तो आनलाइन–लर्निंग एक बेस्ट आप्शन हो सकता है। कुछ बातों को ध्यान में रखकर ऑनलाइन पढाई कर सकते हैं। इससे आप कॉलेज में अटेंडेंस के चक्कर से भी बच जाएंगे। बस आपको ध्यान रखनी होगी डेट लाइन की। खास बात यह कि ऑनलाइन कोर्स के जरिए सर्टिफिकेट कोर्स का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

एलसीबीएस के फाउंडर एंव सीईओर अभय गुप्ता बताते हैं किसी भी विषय के कोर्स कितने महंगे होते जा रहे हैं। लेकिन ऑनलाइन कोर्स के शुरू होने से आज आप घर बैठे ही अपने मोबाईल या कंप्यूटर पर इंटरनेट के माध्यम से बड़े बड़े कॉलेज और यूनिवर्सिटी में होने वाले कोर्स कर सकते हैं।

## कोर्स का विवरण

एक महीने की अवधि वाले इस नए कोर्स ऑनलाइन लग्जरी मैनेजमेंट को शुरू करने का मुख्य कारण स्टूडेंट को लग्जरी मैट्रिक्स की जटिलताओं को आसानी से समझाना और लग्जरी के उद्योग में मंदी के दौर में भी स्टूडेंट्स के करियर को एक अच्छा ट्रैक देना है। वहीं दूसरे कोर्स एग्जीक्यूटिव डिप्लोमा इन लग्जरी मैनेजमेंट जिसकी अवधि 6 महीने है, जिससे स्टूडेंट भारतीय लग्जरी उद्योग के अनुभवी विशेषज्ञों और यूरोप के लग्जरी एक्सपर्ट्स और प्रोफेसर द्वारा दुनिया भर में लग्जरी व्यापार के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण मिल रहा है। यह कोर्सेज युवाओं के लिए एक अच्छे करियर के रूप में बन सकते हैं।

## योग्यता

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र–छात्राओं का ग्रेजुएट होना जरुरी है। साथ ही स्टूडेंट की लग्जरी और मैनेजमेंट में दिलचस्पी भी होनी बेहद जरुरी होती है। इसके अलावा वो छात्र–छात्राएं जिनकी पर्सनालिटी और कम्यूनिकेशन स्किल्स अच्छी है और अंग्रेजी में अच्छी पकड़ है, वो इस क्षेत्र में एक सफल तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। कोई एक विदेशी भाषा की जानकारी लाभदायक साबित हो सकती है पर यह अनिवार्य नहीं है।

## अवसर

ऑनलाइन कोर्स इन लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट और एग्जीक्यूटिव डिप्लोमा इन लग्जरी मैनेजमेंट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स लग्जरी सेल्स एडवाइजर, मार्केटिंग मैनेजर, ब्रांड कंट्री हेड, विजुअल मर्चेडाइजर, लग्जरी इवेंट प्लानर, ब्रांड मैनेजर बन सकते हैं। फैशन और लग्जरी कंसल्टेंट या वार्डरोब मैनेजर के तौर पर भी काम पा सकते हैं।

**वेतन** – इस कोर्स के पूरा होने के बाद स्टूडेंट्स लग्जरी की इंडस्ट्री में अलग–अलग कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसमें बतौर स्टा–इपेंड 20 से 22 हजार रुपए मिलते। अगर आप जॉब के लिए जाते हैं तो शुरूआती सैलरी प्रति माह 30,000 रु. से 40,000 रु. के बीच हो सकती है।




# फोरेंसिक साइंस प्रति युवाओं का बढ़ा रुझान

**फोरेंसिक साइंस एक अप्लाइड साइंस है। अपराधियों का पता लगाने के लिए इस में वैज्ञानिक सिद्धांतों व तकनीक का प्रयोग किया जाता है। इस कार्य में सहायक होते हैं अपराध स्थल से मिले साक्ष्य। आधुनिकता के साथ अपराध के तरीके बढ़े हैं, तो छानबीन के तरीके भी ईजाद हुए हैं। युवाओं का इस फील्ड के प्रति रुझान बढ़ा है।**

देश में दिन प्रतिदिन अपराधों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। यदि देश का युवा चाहता है कि उसका देश, राज्य या शहर अपराधमुक्त हो तो उसे अवश्य ही फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहिए। युवाओं के लिए यह क्षेत्र अत्यंत ही रोमांचकारी एवं आह्वनात्मक है। इस क्षेत्र में युवा अपनी पहचान बनाकर नाम कमा सकते हैं। हमें युवाओं को सबसे पहले ये बताना होगा कि फोरेंसिक साइंस है क्या? और कैसे वह रोमांचकारी और आह्वनात्मक होता है। उदाहरणार्थ किसी घटनास्थल पर कोई वारदात होती है और वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी को पकड़ पाना आसान नहीं होता तो उसे घटना स्थल की छोटी से छोटी वस्तु को भी इस साइंस की प्रयोगशाला में जांचा परखा जा सकता है और अपराधी तक पहुंचा भी जा सकता है। अपराधी को सजा दिलाने के लिए गवाही की आवश्यकता होती है और कई बार घटनास्थल पर इसका होना संभव नहीं हो पाता ऐसी अवस्था में घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाने का प्रयत्न यह फोरेंसिक साइंस करता है।

फोरेंसिक साइंस विज्ञान की ही एक व्यवहारिक शाखा है। इस सांइस के द्वारा अपराधी के शोध से संबंधित छोटी से छोटी वस्तु का भी परीक्षण प्रयोगशाला में कर अपराधी को तलाशने का प्रयास किया जाता है। इसमें आधुनिक तंत्र ज्ञान का वापर किया जाता है। घटनास्थल पर अपराधी जब घटना को अंजाम देता है तो उस वक्त वहां वह कोई न कोई वस्तु अवश्य छोड़ जाता है मसलन रक्त, शारीरिक द्रव्य, नाखून, बाल, हाथ या पैरों के निशान इत्यादि इन सबका परीक्षण फोरेंसिक साइंस की प्रयोगशाला में किया जाता है और आरोपी तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

इस प्रकार इस विज्ञान का महत्व अपराध जगत के लिए बहुत अधिक समझा और जाना जाता है। इस क्षेत्र में दाखिल होने के लिए युवाओं को बारहवीं कक्षा में विज्ञान से संबंधित विषय लेने होते हैं। जब बारहवी उत्तीर्ण हो तो इस शाखा में प्रवेश लेकर उपाधि ग्रहण की जा सकती है। ऐसे युवा जिन्होंने उपाधि में विज्ञान से संबंधित विषय जैसे भौतिक शास्त्र, रसायनशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, जैविक रसायनशास्त्र, सूक्ष्मजीवशास्त्र, बीफार्मा, या बीडीएस को भी इस क्षेत्र में दाखिल होने के अवसर प्राप्त है। इस क्षेत्र में पुलिस विशेषज्ञ, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, व इन्वेस्टिगेटिंग आफिसर व पूरी न्याय संख्या से संबंधित पद होते हैं जिसमें दक्षता प्रमाणित करने व मान–प्रतिष्ठा मिलाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। अपराध के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए निजी गुप्तचर भी फोरेंसिक साइंस वालों को अच्छा अवसर प्रदान करने लगे हैं। इस क्षेत्र में यदि युवा दाखिल होने का इच्छुक है तो उसे अनिवार्य योग्यता हासिल कर लेने के पश्चात स्टेट पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सफल होना आवश्यक होता है। उस परीक्षा में जो अभ्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होते हैं उन्हें तुरंत नियुक्ति मिल जाती है।

## चुनौतियों भरा

यह प्रोफेशन चुनौतियों भरा है। इसलिए इस करियर में आना है, तो चुनौतियों से निपटना आना चाहिए। किसी केस को निपटाने के लिए कभी–कभी असफलता भी हाथ लगती है, तो ऐसे में धैर्य नहीं खोना चाहिए और उस केस को चुनौती के तौर पर लेना चाहिए। जांच–पड़ताल का क्षेत्र है, तो जाहिर सी बात है कि दोस्त कम होंगे और दुश्मन ज्यादा बन जाएंगे, तो इस बात से भी भयभीत होने की चुनौती भी इस करियर में है। हर स्थिति से निपटने की चुनौती स्वीकार करने वाला ही इसमें सफल होता है।

## वेतनमान

गवर्नमेंट संस्थान में नौकरी मिलने पर इस क्षेत्र में आरंभिक दौर में 20 हजार रुपए प्रतिमाह तक वेतन मिलता है। इस के अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी इस जॉब में अच्छा सैलरी पैकेज मिलता है।

देश में अनेक विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान इस फोरेंसिक साइंस के अभ्यासक्रम को संचालित करते हैं लेकिन उनमें कुछ चुनिंदा संस्थान है जहां से पास आउट विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए बाजी मारी है।

संस्थाओं के नाम निम्नानुसार है–

- लोकनायक जय प्रकाश नायक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमीनालॉजी एंड फॉरेंसिकसाइंस दिल्ली।
- डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मप्र।
- डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक साइंस पंजाब विद्यापीठ पंजाब।
- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ उप्र।
- दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली युवा चाहें तो इस क्षेत्र में नाम कमा सकते हैं।






# लॉन्ड्री व्यवसाय में भी अच्छे अवसर

आज शहरों में अनेक आलीशान होस्टल्स, होटल और अनेक वसतीगृह खुल गए हैं जिससे लॉन्ड्री व्यवसाय को बल मिल रहा है। इस व्यवसाय को चलाने के लिए दूसरे अन्य व्यवसायों जैसी लागत भी नहीं लगती। इसका खर्च सहजता से किया जा सकता है। जगह के नाम पर 300 से 500 वर्गफीट की आवश्यकता होती है। मशीन का मूल्य तीन से पांच लाख रुपए होता है और कामगार के नाम पर 2 से 4 नौकर धुलाई के लिए रखे जा सकते हैं। कपड़ों की धुलाई को ध्यान में रखें तो इस मशीन से रोजाना सत्तर से सौ किलो कपड़े धोए जा सकते हैं। और रोजाना कमाई आठ से दस हजार रुपए अपेक्षित होती है।

एक जमाना था जब हम कपड़ों को धोने के लिए रजक, परीट या धोबी के भरोसे रहते थे, परन्तु आज इस इक्कीसवी सदी में कपड़ों की धुलाई के लिए मशीनें उपलब्ध हैं जिसे हम लॉन्ड्री व्यवसाय के नाम से जानते हैं। आज महानगरों में ही नहीं तो गांवों, शहरों में भागमभाग की जिन्दगी है। समय का अभाव है। ऐसे में उस व्यवसाय में कैरियर के लिए बहुत अच्छे चांसेस है। आज जिस भारत को हम कृषिप्रधान देश के नाम से जानते थे। जिसकी 75 प्रतिशत आबादी गांवों में ही वास करती थी। उस भारत का सपाटे से शहरीकरण और व्यवसायीकरण हो रहा है और एक अनुमान के अनुसार, 2027 तक देश की कल 60 प्रतिशत जनता शहरों में बसेगी। ऐसे में इस व्ययसाय के रूप में आगे चलकर और भी वृहद होने वाला है। आज पति–पत्नी दोनों ही या तो नौकरी में हैं या व्यवसाय में। इसलिए कपड़ों की धुलाई प्राय- लॉन्ड्री में ही होती है। एक सर्वेक्षण से ये सत्य सामने आया है कि देश के तीन करोड़ श्रीमंत लोग अपनी धुलाई और आयरन के लिए लॉन्ड्री में देते हैं। औसतन यदि हम खर्च देखें तो एक परिवार का प्रति माह एक हजार रुपए कपड़े धुलाई और आयरन पर खर्च होता है। आज शहरों में अनेक आलीशान होस्टल्स, होटल और अनेक वसतीगृह खुल गए हैं जिससे लॉन्ड्री व्यवसाय को बल मिल रहा है। इस व्यवसाय को चलाने के लिए दूसरे अन्य व्यवसायों जैसी लागत भी नहीं लगती। इसका खर्च सहजता से किया जा सकता है। जगह के नाम पर 300 से 500 वर्गफीट की आवश्यकता होती है। मशीन का मूल्य तीन से पांच लाख रुपए होता है और कामगार के नाम पर 2 से 4 नौकर धुलाई के लिए रखे जा सकते हैं। कपड़ों की धुलाई को ध्यान में रखें तो इस मशीन से रोजाना सत्तर से सौ किलो कपड़े धोए जा सकते हैं। और रोजाना कमाई आठ से दस हजार रुपए अपेक्षित होती है।

इसका सबसे बड़ा ग्राहक रेल्वे है। उसके बाद बड़े–बड़े पाश हॉस्पिटल्स, होटल्स, स्कूल कॉलेजों के होस्टल्स और अनेक रईस परिवार हैं। धुलाई का कोई तोटा नहीं है कहें तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आज की लॉन्ड्रियां पूरी तरह नई तकनीक से सुसज्जित है। इस तकनीक ने इस व्यवसाय को हाईटेक बना दिया है। आपको एक फोन करने या मोबाईल एप पर मैसेज डालने की आवश्यकता है कि कुछ ही क्षणों में लॉन्ड्री का पिकअप ब्वाय आपके घर के दरवाजे पर हाजिर होता है।

आपको ये सारे कपड़े धोकर आयरन चलाकर और एक आकर्षक पैंकिग के साथ आपके घर पहुंचाए जाते हैं। इसमें सिर्फ तीन की अवधि लगती है। कभी–कभी तो लॉड्री के इस आकर्षक पैकिंग को देखकर तो ये भ्रम होने लगता है कि कहीं हमने नए कपड़ों की शॉपिंग तो नहीं की है। आज इस इक्कीसवीं सदी में मनुष्य का जीवन वेगवान है। भागमभाग की जिन्दगी में वह अपने कपड़ों की धुलाई और आयरन के लिए लॉन्ड्रियों पर ही निर्भर रहता है। आज शहर हो या गांव, महानगर की बात ही अलग है कोई भी व्यक्ति धोया कपड़ा बगैर आयरन के नहीं पहनता। आयरन कराना एक अनिवार्यता बन गई है। ऐसे में इस व्यवसाय से कोई भी मनुष्य इस लॉन्ड्री व्यवसाय से चालीस से पचास हजार तक का नफा कमाया जा सकता है। आप इस डिजिटल युग में इस व्यवसाय को किस तरीके से और कैसा बढ़ाया जाए ये उद्योजक पर निर्भर करता है। समय बदल गया है। तकनीक बदल गई। अब न तो परीट या रजक नजर आते और न ही धोबीघाट। आजकल इन सब का काम लॉन्ड्री व्यवसाय में वापरी जाने वाली आधुनिक मशीनें ही करती हैं।





# कमाई का बढ़िया जरिया किचन गार्डन

साग–सब्जियों का हमारे दैनिक भोजन में महत्वपूर्ण स्थान है। विशेषकर शाकाहारियों के जीवन में। आजकल लोगो को शुध्द सब्जी मिलना बहुत ही मुश्किल है इसलिए आप आपके घर के आंगन में, घर की छत पर या अगर आपके पास कोई जमीं है तो आप आसानी से सब्जी बगीचा ( किचन गार्डन ) बना सकते हैं, इससे आपको शुध्द सब्जियां भी मिलेंगी और साथ ही आप इन सब्जियों को बेच कर पैसे भी कमा सकते हैं !

साग–सब्जी भोजन में ऐसे पोषक तत्वों के स्रोत हैं, हमारे स्वास्थ्य को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि उसके स्वाद को भी बढ़ाते हैं। पोषाहार विशेषज्ञों के अनुसार संतुलित भोजन के लिए एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन 85 ग्राम फल और 300 ग्राम साग–सब्जियों का सेवन करना चाहिए, परंतु हमारे देश में साग–सब्जियों का वर्तमान उत्पादन स्तर प्रतिदिन, प्रतिव्यक्ति की खपत के हिसाब से मात्र 120 ग्राम है। इसलिए हमें इनका उत्पादन बढ़ाना चाहिए।

## सब्जी बगीचा के लिए स्थल चयन

सब्जी बगीचा के लिए स्थल चयन में सीमित विकल्प है। हमेशा अंतिम चयन घर का पिछवाड़ा ही होता है जिसे हम लोग बाड़ी भी कहते हैं। यह सुविधाजनक स्थान होता है क्योंकि परिवार के सदस्य खाली समय में साग–सब्जियों पर ध्यान दे सकते हैं तथा रसोईघर व स्नानघर से निकले पानी आसानी से सब्जी की क्यारी की ओर घुमाया जा सकता है।

सब्जी बगीचा का आकार भूमि की उपलब्धता और व्यक्तियों की संख्या पर निर्भर करता है। सब्जी बगीचा के आकार की कोई सीमा नहीं है परंतु सामान्य रूप से वर्ग की अपेक्षा समकोण बगीचा को पसंद किया जाता है। चार या पांच व्यक्ति वाले औसत परिवार के लिए 1/20 एकड़ जमीन पर की गई सब्जी की खेती पर्याप्त हो सकती है।

## बनाएं सब्जी बगीचा

स्वच्छ जल के साथ रसोईघर एवं स्नानघर से निकले पानी का उपयोग कर घर के पिछवाड़े में उपयोगी साग–सब्जी उगाने की योजना बना सकते है। इससे एक तो एकित्रत अनुपयोगी जल का निष्पादन हो सकेगा और दूसरे उससे होने वाले प्रदूषण से भी मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही, सीमित क्षेत्र में साग–सब्जी उगाने से घरेलू आवश्यकता की पूर्ति भी हो सकेगी। सबसे अहम बात यह कि सब्जी उत्पादन में रासायनिक पदार्थों का उपयोग करने की जरूरत भी नहीं होगी। यह एक सुरिक्षत पद्धति है तथा उत्पादित साग–सब्जी कीटनाशक दवाईयों से भी मुक्त होंगे।

## पौधा लगाना को खेत तैयार करना

सर्वप्रथम 30–40 सेंटीमीटर की गहराई तक कुदाली या हल की सहायता से जुताई करें। खेत से पत्थर, झाडियां एवं बेकार के खर–पतवार को हटा दें। खेत में अच्छे ढंग से निर्मित 100 किलोग्राम कृमि खाद चारों ओर फैला दें। आवश्यकता के अनुसार 45 सेंटीमीटर या 60 सेंमी की दूरी पर मेड़ या क्यारी बनाएं।

## बीज की बुआई, पौध रोपण

सीधे बुआई की जाने वाली सब्जी जैसे ङ्क भिंडी, बीन एवं लोबिया आदि की बुआई मेड़ या क्यारी बनाकर की जा सकती है। दो पौधे 30 सेंटीमी की दूरी पर लगाई जानी चाहिए। प्याज, पुदीना एवं धनिया को खेत के मेड़ पर उगाया जा सकता है। प्रतिरोपित फसल, जैसे ङ्क टमाटर, बैगन और मिर्ची आदि को एक महीना पूर्व में नर्सरी बेड या मटके में उगाया जा सकता है। बुआई के बाद मिट्टी से ढककर उसके ऊपर 250 ग्राम नीम के फली का पाउडर बनाकर छिडक़ाव किया जाता है ताकि इसे चीटियों से बचाया जा सके। टमाटर के लिए 30 दिनों की बुआई के बाद तथा बैगन, मिर्ची तथा बड़ी प्याज के लिए 40–45 दिनों के बाद पौधे को नर्सरी से निकाल दिया जाता है। टमाटर, बैगन और मिर्ची को 30–45 सेंमी की दूरी पर मेड़ या उससे सटाकर रोपाई की जाती है। बड़ी प्याज के लिए मेड़ के दोनों ओर 10 सेंटीमी की जगह छोड़ी जाती है। रोपण के तीसरे दिन पौधों की सिंचाई की जाती है। प्रारंभिक अवस्था में इस प्रतिरोपण को दो दिनों में एक दिन बाद पानी दिया जाए तथा बाद में चार दिनों के बाद पानी दिया जाए। सब्जी बगीचा का मुख्य उद्देश्य अधिकतम लाभ प्राप्त करना है तथा वर्षभर घरेलू साग–सब्जी की आवश्यकता की पूर्ति करना है। बगीचा के एक छोर पर बारहमासी पौधों को उगाएं। इससे इनकी छाया अन्य फसलों पर न पड़े तथा अन्य साग–सब्जी फसलों को पोषण दे सकें। बगीचा के चारों ओर तथा आने–जाने के रास्ते का उपयोग विभिन्न अल्पाविध हरी साग–सब्जी जैसे – धनिया, पालक, मेथी, पुदीना आदि उगाने के लिए किया जा सकता है।

# स्थानीय प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में बड़ा कदमःखेल अकादमी में शुरू होगी डे बोर्डिंग स्कीम, कैंप के माध्यम से होगा चयन




**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर की अंतरराष्ट्रीय स्तरीय खेल अकादमी अब स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। जल्द ही यहां डे बोर्डिंग स्कीम शुरू की जाएगी, जिसके तहत नालंदा और राजगीर के खिलाड़ी दिन के समय अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल राजगीर को खिलाड़ियों की नर्सरी बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

राज्य खेल अकादमी के सहायक निदेशक मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत राजगीर में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में सरकारी और निजी स्कूलों के वे छात्र भाग ले सकेंगे, जो खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। अकादमी के अनुभवी कोच इन छात्रों का परीक्षण करेंगे और उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

विशेष बात यह है कि छात्र अपनी रुचि के अनुसार खेल का चयन कर सकते हैं। एक छात्र चाहे तो एक से अधिक खेलों में भी अपनी प्रतिभा परख सकता है। चयनित खिलाड़ियों को अकादमी के विशेषज्ञ कोच व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारेंगे।

**क्षेत्र में एक्सीलेंस खिलाड़ियों की कमी–** मिथलेश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि राजगीर में स्थित खेल अकादमी अंतरराष्ट्रीय मानकों की है। एक ही परिसर में 24 विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में यहां एक्सीलेंस स्तर के खिलाड़ियों का ही नामांकन लिया जाता है, लेकिन स्थानीय क्षेत्र में ऐसे खिलाड़ियों की कमी देखी गई है। इसी कमी को दूर करने और नई पीढ़ी के खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से यह योजना लाई जा रही है।

**स्कूलों के साथ समन्वय की रणनीति–** अकादमी प्रशासन विभिन्न विद्यालयों को पत्र भेजकर कैंप की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा। जिन विद्यालयों में खेल के लिए पर्याप्त मैदान हैं, वहां स्कूल परिसर में ही शिविर आयोजित किए जाएंगे। जहां मैदान की सुविधा नहीं है, उन स्कूलों के छात्रों को अन्य विद्यालयों में आयोजित कैंप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

एकलव्य केंद्रों से जुड़ाव

चयनित खिलाड़ियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण अकादमी के कोचों द्वारा दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें राज्य भर में फैले 64 एकलव्य प्रशिक्षण केंद्रों में विशेष ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। यहां खिलाड़ियों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार विशिष्ट खेलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। कल्याण बिगहा में शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि राजगीर के एकलव्य केंद्र में पुरुष एवं महिला हॉकी, हैंडबॉल और भारोत्तोलन की विशेष ट्रेनिंग उपलब्ध है।

# सामने आए प्रशांत किशोर, अब राजनीति छोड़ने की नई मियाद और शर्त बताई; मौन व्रत का एलान भी

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में शून्य पर सिमटने वाली जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने आखिरकार सामने आ ही गए। पटना में उन्होंने प्रेस वार्ता की। उन्होंने पार्टी की हार की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि हमलोगों से जरूर कुछ गलती हुई है। इसलिए ऐसा परिणाम दिया। जनता ने हमलोगों को नहीं चुना। जनता ने हमलोगों पर विश्वास नहीं दिखाया। इस हार की जिम्मेदारी पूरी तरह से मेरी है। जिस प्रयास से हमलोग जुड़े थे, उनका विश्वास नहीं जीत पाया। हमलोग सामूहिक तौर पर हारे हैं। जो लोग जीतकर आए, उन्हें मैं बधाई देता हूं। सीएम नीतीश कुमार और भाजपा को बधाई। हमलोग बिहार से गरीबी दूर करने और पलायन कम होने की कामना करते हैं। मैं बिहार की जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा नहीं उतर सका, इसके लिए मैं माफी चाहता हूं। प्रायश्चित के तौर पर मैं भितिहरवा गांधी आश्रम में एक दिन का मौन उपवास रखूंगा। जो भी जनसुराज के साथी हैं, सभी लोग भितिहरवा गांधी आश्रम में 24 घंटे का उपवास रखूंगा।



प्रशांत किशोर ने कहा कि गलती हो सकती है। लेकिन, हमने गुनाह नहीं किया है। मैं सिर उठाकर कह सकता हूं कि मैंने कोई गुनाह नहीं किया है। मैंने जातियों का जहर फैलाने का गुनाह नहीं किया। मैंने जनता का मत खरीदने की कोशिश नहीं की। जिस तरह महाभारत में अभिमन्यु को घेरकर छल से मार दिया गया। लेकिन, महाभारत नहीं जीता नहीं गया। जीत उसकी ही हुई जो धर्म के साथ थे। हमलोग फिर से खड़े होंगे। हमलोग जब तक जीतेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं। जब तक व्यवस्था को सुधार नहीं देते तब तक पीछे नहीं हटेंगे। अब दोगुनी मेहनत से बिहार की जनता के लिए काम करेंगे।

प्रशांत किशोर ने कहा कि 10 हजार रुपये की बड़ी चर्चा हो रही है। यह बात सही नहीं है। 10 हजार रुपये के लिए जनता अपने बच्चों का भविष्य नहीं बेच सकते हैं। लोगों ने सिर्फ 10 हजार रुपये के लिए अपना वोट नहीं बेचा। चुनाव आयोग पर भी टीका-टिप्पणी करने का वक्त नहीं है। पूरा सरकारी तंत्र लगाया गया यह बताने में कि अगर आप एनडीए को वोट करते हैं, आप दो लाख रुपये दिया जाएगा। इसके लिए 10 हजार रुपये बयाना के तौर पर दिया गया। हर विधानसभा जीविका, आंगनबाड़ी, ममता, प्रवासी मजदूरों को करीब 29 हजार करोड़ रुपये सरकार ने बांट दिए। 40 हजार करोड़ रुपये की योजना लाई।

**हमलोग आपके लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं–** प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार से मैं अपील करता हूं कि आपने जिन्हें 10 हजार रुपये दिए, उन सभी महिलाओं को दो लाख रुपये दे दीजिए। ताकि वह अपना रोजगार खड़ा कर सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो 10 हजार रुपये केवल वोट के लिए खरीदे गए। मैंने जदयू को 25 सीटों से अधिक आने पर मैंने राजनीति से संन्यास लेने की बात कही थी। मैं इस पर अब भी अडिग हूं। नीतीश कुमार को 25 सीट से ज्यादा न आनी चाहिए थी और न आती। लेकिन, 10 हजार रुपये देकर उन्होंने वोट खरीदा। मैंने आज एलान करता हूं कि अगले छह महीने में एनडीए सरकार ने 10 हजार देने वालों को दो लाख रुपये दे देगी तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। मैंने आपको शिकायत करने के लिए नंबर भी जारी कर दिया। यह चौबीसों घंटे सातों दिन चालू रहेगा। अगर आपके खाते में दो लाख रुपये छह महीने के अंदर नहीं आते हैं तो आप इस पर फोन कर जानकारी दें।

हमलोग आपके लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं।

**'मैं जनसुराज में किसी पद पर नहीं हूं, इसलिए संन्यास नहीं ले सकता'–** वहीं जदयू को 25 सीटों से अधिक आने पर सन्यास लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं जनसुराज में किसी पद पर नहीं हूं। इसलिए मैं किस हक से संन्यास लूं। मैंने राजनीति छोड़ने की बात कही थी। मैं इस बात पर अडिग हूं। मैंने राजनीति नहीं कर रहा हूं। नीतीश सरकार ने डेढ़ करोड़ लोगों को 10-10 हजार रुपये दिए हैं। पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान पैसे बांटने दिए, यह उनकी गलती है? इस पर मैंने टिप्पणी नहीं करूंगा। प्रशांत किशोर ने दावा किया कि हमलोग हारे नहीं हैं। हमलोग तो रेस में ही नहीं हैं।

**पीके ने उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी पर भी उठाया सवाल–** प्रशांत किशोर ने कहा कि मधुबनी क्षेत्र में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी का सिंबल कोई नहीं जानता है। लेकिन, उस क्षेत्र में सवा लाख वोट आया। जो लोग कई साल से वहां राजनीति कर रहे हैं, उन्हें हजार में वोट आया है।

# दरियापुर हत्या कांड पर कोर्ट की बड़ी कार्रवाई, दोनों आरोपी उम्रकैद भेजे गए




**छपरा, एजेंसी।** बिहार के छपरा व्यवहार न्यायालय में गंभीर अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर वर्ष 2025 में सारण जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गंभीर मामलों को चिन्हित कर अदालत में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही कराई जा रही है। इसी क्रम में दरियापुर थाना क्षेत्र के एक हत्या कांड में आज अहम फैसला सुनाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-09 राजीव कुमार भारती की अदालत ने दरियापुर थाना कांड संख्या-07/20 (दिनांक 07.01.20) में दर्ज हत्या मामले में दो आरोपितों बनारस राय और नुनु राय को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों दोषियों पर 5-5 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत ने यह भी आदेश दिया है कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर दोनों को 6-6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इस मामले में अनुसंधानकर्ता द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण जांच कर आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य अदालत में प्रस्तुत किए गए। अभियोजन पक्ष ने चिकित्सक एवं अनुसंधानकर्ता सहित कुल 08 साक्षियों की गवाही कराई, जिसने आरोपियों की संलिप्तता को प्रमाणित किया। अदालत में लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा एवं सहायक अधिवक्ता समीर कुमार मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ओर से मजबूती से पैरवी करते हुए सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के रामपुर जैती गांव निवासी रामजीवन राय के पुत्र बनारस राय और नुनु राय को सजा दिलवाई। उधर, सारण पुलिस का कहना है कि जिले के अन्य गंभीर मामलों में भी त्वरित न्याय सुनिश्चित करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए विशेष अभियान के तहत आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# लगातार बढ़ती ठंड के बीच मुजफ्फरपुर में डेंगू के मामलों में उछाल, आंकड़ा 100 पार ; अलर्ट



**मुज्जफरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले में डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की सभी टीमें अलर्ट मोड में आ गई हैं। विभाग ने सभी पीएचसी, सीएचसी सहित जिले के सरकारी अस्पतालों को सतर्क रहते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डेंगू प्रभावित इलाकों को चिन्हित कर वहां लगातार फॉगिंग और एंटी-लार्वा स्प्रे कराया जा रहा है। विभाग की टीमों को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष रूप से निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह में डेंगू के मामलों में तेज़ उछाल आया है। एसकेएमसीएच की जांच रिपोर्ट में नए मामलों की पुष्टि होने के बाद मरीजों की संख्या पहले 96 थी, जो अब बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। नए रोगियों में हल्का बुखार, शरीर दर्द और प्लेटलेट्स गिरने जैसी सामान्य लक्षण देखे जा रहे हैं। कई संदिग्ध बुखार के मरीज भी अस्पतालों में जांच और इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। जिले के बोचहां और मुसहरी प्रखंड में सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। शहरी इलाके और मुसहरी प्रखंड के कई वार्डों में भी डेंगू संक्रमण तेजी से फैल रहा है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने विशेष टीम बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में नियंत्रण अभियान तेज कर दिया है। साथ ही डेंगू से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। डेंगू की स्थिति पर जानकारी देते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू जांच और इलाज की पर्याप्त व्यवस्था है। एसकेएमसीएच से लेकर पीएचसी स्तर तक दवाइयों और अन्य चिकित्सकीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए विशेष वार्ड भी बनाए गए हैं। विभाग द्वारा शहर और ग्रामीण इलाकों में लगातार फॉगिंग व एंटी-लार्वा छिड़काव कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए सभी उपायों पर तेजी से काम किया जा रहा है।

# ई–रिक्शा–ऑटो की टक्कर में वृद्ध समेत 4 घायल :जमुई सदर अस्पताल में चल रहा इलाज, सिर और शरीर में आई चोटें




**जमुई, एजेंसी।** जमुई-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर भंवरा पुल के पास मंगलवार को ई-रिक्शा और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 60 वर्षीय वृद्ध समेत सभी यात्री शामिल हैं, जिन्हें जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान 60 वर्षीय वृद्ध, उनकी पत्नी करनी देवी, 7 वर्षीय पोता सत्य कुमार और ई-रिक्शा पर सवार एक अन्य युवक के रूप में हुई है। घायल वृद्ध के बेटे सुनील मांझी ने बताया कि उनके पिता, मां और बेटा ई-रिक्शा से कहीं जा रहे थे। भंवरा पुल के पास एक तेज रफ्तार ऑटो बेकाबू होकर ई-रिक्शा से टकरा गया।

**सिर और शरीर में आई चोटें–** सुनील मांझी के मुताबिक, उनके पिता को माथे और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी मां करनी देवी की आंख पर चोट लगी है, जबकि 7 वर्षीय सत्य कुमार के सिर में गंभीर चोट बताई गई है। ई-रिक्शा में सवार एक अन्य युवक का पैर टूट गया है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है और प्रशासन से सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

# कसबा सीट पर नया राजनीतिक तूफान, विधायक नितेश कुमार सिंह के हलफनामे पर जांच के आदेश



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया जिले के 058-कसबा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल के बीच एनडीए उम्मीदवार और नव निर्वाचित विधायक नितेश कुमार सिंह के लिए नई मुश्किल खड़ी हो गई है। उनके चुनावी हलफनामे में कथित तौर पर गलत या अधूरी जानकारी दिए जाने को लेकर एक गंभीर शिकायत दर्ज की गई है, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है।

भूभूमि सुधार उप समाहर्ता सह 58-कसबा की निर्वाची पदाधिकारी प्रीति कुमारी ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए इसे तात्कालिक प्रभाव से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिया को विस्तृत जांच के लिए अग्रसारित कर दिया है। डीसीएलआर कार्यालय द्वारा 12 नवंबर को जारी पत्रांक-87 में उप निर्वाचन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे शिकायत पर गहन जांच करते हुए निष्कर्ष के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस पूरे मामले पर विधायक नितेश कुमार सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हमें इस शिकायत की जानकारी नहीं थी। एक एप्लीकेशन आया जिसमें कहा गया कि कुछ डिटेल्स पर्याप्त नहीं हैं। हम अपने हलफनामे में दी गई सभी जानकारी पर पूरी तरह आश्वस्त हैं, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। '

यह शिकायत जिला अधिवक्ता संघ, पूर्णिया के अधिवक्ता अनिल कुमार झा द्वारा दर्ज कराई गई है। हालांकि शिकायत के विस्तृत बिंदु सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन पत्र के विषय से स्पष्ट होता है कि यह मामला नितेश कुमार सिंह के नामांकन के साथ संलग्न शपथ पत्र में दी गई सूचनाओं की सत्यता से जुड़ा है।

# कोहरे के कारण बिहार में 24 ट्रेनें कैंसिलःपूर्णिया बेगूसराय समेत बरौनी से चलने वाली ट्रेनें रद्द

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर सहित पूरे बिहार में ठंड के मौसम में ट्रेनें लेट हो जाती है। इससे बचने के लिए रेलवे मंडल प्रशासन ने समस्तीपुर रेलवे मंडल के 12 ट्रेनों का परिचालन 1 दिसंबर से फरवरी महीने तक के लिए रद्द कर दिया है। पूरे बिहार में टोटल 24 ट्रेनों का चलना बंद हुआ है। बरौनी ग्वालियर समेत कुछ ट्रेनों का परिचालन सप्ताह में मात्र चार दिन होगा। ताकि लेट लतीफ होने पर परिचालन को मेंटेन किया जा सके। रेलवे के सूचना पदाधिकारी आर के सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से रेलवे ने यह फैसला लिया है।



**ये 24 ट्रेनें कैंसिल हुई है**

1. गाड़ी सं. 14112 प्रयागराज जं. -मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस - 1.12.25 से 25.2.26 तक
2. गाड़ी सं. 14111 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज जं. एक्सप्रेस - 1.12.25 से 25.2.26 तक
3. गाड़ी सं. 22198 वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-कोलकाता एक्स. - 5.12.25 से 27.2.206 तक
4. गाड़ी सं. 22197 कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) एक्स. - 7.12.25 से 1.3.26 तक
5. गाड़ी सं. 12327 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस - 2.12.25 से 27.2.26 तक
6. गाड़ी सं. 12328 देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस - 3.12.25 से 28.2.26 तक
7. गाड़ी सं. 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस - 6.12.25 से 28.2.26 तक
8. गाड़ी सं. 14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस -4.12.25 से 26.2.26 तक
9. गाड़ी सं. 14523 बरौनी-अम्बाला हरिहर एक्सप्रेस - 4.12.25 से 26.2.26 तक
10. गाड़ी सं. 14524 अम्बाला-बरौनी हरिहर एक्सप्रेस - 2.12.25 से 24.2.26 तक
11. गाड़ी सं. 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस - 3.12.25 से 2.3.26 तक
12. गाड़ी सं. 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस - 1.12.25 से 28.2.26 तक
13. गाड़ी सं. 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस - 1.12.25 से 27.2.26 तक
14. गाड़ी सं. 15904 चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस - 3.12.25 से 1.3.26 तक
15. गाड़ी सं. 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस - 1.12.25 से 23.2.26 तक
16. गाड़ी सं. 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस - 2.12.25 से 24.2.26 तक
17. गाड़ी सं. 15621 कामाख्या-आनंद विहार एक्सप्रेस - 4.12.25 से 26.2.26 तक
18. गाड़ी सं. 15622 आनंद विहार-कामाख्या एक्सप्रेस - 5.12.25 से 27.2.26 तक
19. गाड़ी सं. 12873 हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस - 1.12.25 से 26.2.26 तक
20. गाड़ी सं. 12874 आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस - 2.12.25 से 27.2.26 तक
21. गाड़ी सं. 22857 संतरागाछी-आनंद विहार एक्सप्रेस - 1.12.25 से 2.3.26 तक
22. गाड़ी सं. 22858 आनंद विहार-संतरागाछी एक्सप्रेस - 2.12.25 से 3.3.26 तक
23. गाड़ी सं. 18103 टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस - 1.12.25 से 25.2.26 तक
24. गाड़ी सं. 18104 अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस - 3.12.25 से 27.2.26 तक

**इन ट्रेनों के फेरा को किया गया कम**

गाड़ी सं. 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस दिनांक 1.12.25 से 26.2.26 तक प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को रद्द रहेगी।

गाड़ी सं. 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस दिनांक 2.12.25 से 27.2.26 तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को रद्द रहेगी।

गाड़ी सं. 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस दिनांक 2.12.25 से 24.2.26 तक प्रत्येक मंगलवार को रद्द रहेगी।

गाड़ी सं. 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस दिनांक 3.12.25 से 25.2.26 तक प्रत्येक बुधवार को रद्द रहेगी।

गाड़ी सं. 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस दिनांक 6.12.25 से 28.2.26 तक प्रत्येक शनिवार को रद्द रहेगी।

गाड़ी सं. 15910 लालगढ-डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस दिनांक 9.12.25 से 3.3.26 तक प्रत्येक मंगलवार को रद्द रहेगी।

# दरभंगा जंक्शन पर बड़ा हादसा, टावर गिरने से दो युवकों की मौत, कंपनी पर लापरवाही के आरोप

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर सोमवार देर रात हुए दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक स्टेशन परिसर में टेलीकॉम कंपनी के लिए काम करते थे। बताया गया कि टावर पर काम करने के दौरान अचानक टावर टूटकर गिर पड़ा, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। फिलहाल जीआरपी और आईपीएफ ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है।

प्लेटफॉर्म-1 के पास टावर गिरने से खगड़िया जिले के दो युवकों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान जयवीर कुमार (25 वर्ष), निवासी शेर, वार्ड 14, थाना गोगरी, जिला खगड़िया, और उसके साथी घनश्याम पासवान के रूप में हुई। दोनों पिछले पाँच वर्षों से टेलीकॉम कंपनी शिवांशी ग्रुप यूनिट नालंदा के संवेदक राजू कुमार के अधीन कार्यरत थे।



मृत जयवीर के पिता अरविंद कुमार यादव द्वारा जीआरपी दरभंगा को दिए गए आवेदन के मुताबिक, 16 नवंबर को संवेदक राजू कुमार ने फोन कर दोनों युवकों को दरभंगा में काम के लिए बुलाया था।

उसने बताया था कि वह उनके खाते में एक हजार रुपये भेज रहा है और दोनों तत्काल दरभंगा पहुँचकर टावर का काम करें। इसी सूचना पर जयवीर और घनश्याम दरभंगा पहुंचे।

17 नवंबर की रात घनश्याम ने फोन पर परिजनों को बताया कि दरभंगा स्टेशन पर टावर का काम करते समय अचानक टावर टूटकर गिर गया। हादसे में जयवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल घनश्याम की राजपुर ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। सूचना पर परिजन और ग्रामीण स्टेशन पहुंचे तो देखा कि जयवीर कुमार का शव रेल थाना दरभंगा के ठीक सामने प्लेटफॉर्म पर पड़ा था। परिजनों के अनुसार, टावर काफी पुराना था और उसके नीचे जंग लगा हुआ था।

मृतक के पिता अरविंद यादव ने आरोप लगाया कि संवेदक राजू कुमार ने निजी स्वार्थ में बिना किसी सेफ्टी के दोनों को पुराने टावर पर चढ़ा दिया। टावर कमजोर होने के कारण टूट गया, जिससे दोनों की मौत हो गई। यह पूरी तरह से संवेदक और कंपनी की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर से न सेफ्टी किट दिया जाता था और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता था, जबकि टावर पर चढ़ना अत्यंत जोखिम भरा काम था।

अरविंद यादव ने सवाल उठाया कि अब उनके बेटे की पत्नी और मासूम बच्ची का भरण-पोषण कौन करेगा। उन्होंने कहा कि परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है और सरकार व प्रशासन से उचित मुआवजा एवं न्याय की मांग की है। जीआरपी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन और लगाए गए आरोपों के आधार पर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# सोनपुर मंडल में डिजिटल क्रांति : 'रेल पार्किंग मित्र' से खत्म होगी ओवरचार्जिंग



**नयागांव, एजेंसी।** सोनपुर मंडल ने सोमवार को बेगूसराय रेलवे स्टेशन से रेल पार्किंग मित्र नामक डिजिटल प्रणाली का शुभारंभ किया। यह पहल रेलवे स्टेशन पार्किंग में हो रही ओवरचार्जिंग और अनियमित वसूली को रोकने के लिए बड़ा कदम मानी जा रही है। पूर्व मध्य रेलवे में इस तरह की डिजिटल व्यवस्था शुरू करने वाला सोनपुर मंडल संभवतः पहला मंडल बन गया है। रेलवे स्टेशन परिसरों में अधिकृत फर्मों द्वारा संचालित पार्किंग स्टैंड पर निर्धारित शुल्क लेना अनिवार्य है, लेकिन अक्सर यात्रियों ने मनमानी वसूली की शिकायतें की हैं। इसे खत्म करने के लिए 'रेल पार्किंग मित्र' प्रणाली विकसित की गई है। इसमें सभी वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग दरें पहले से फीड की गई हैं और रसीदें स्वचालित रूप से अधिकृत दरों के अनुसार ही जारी होंगी। स्टेशन प्रवेश पर हर वाहन को वाहन प्रवेश रसीद दी जाएगी, जिसमें वाहन संख्या और समय अंकित होगा। निकास के समय हैंड-हेल्ड इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से अंतिम रसीद तैयार होगी। यात्री डिजिटल भुगतान, यूपीआई और नकद तीनों माध्यम से शुल्क चुकता कर सकते हैं। यह प्रणाली न केवल ओवरचार्जिंग रोकती है, बल्कि पार्किंग से जुड़े डेटा, वाहन संख्या, राजस्व और बिक्री विश्लेषण को वास्तविक समय में उपलब्ध कराएगी। रेलवे अधिकारी ऐप के माध्यम से किसी भी समय रसीदों और वर्तमान पार्किंग स्थिति की जानकारी देख सकेंगे। सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंडल यात्रियों को सुरक्षित, पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। रेल पार्किंग मित्र' की शुरुआत तकनीक और पारदर्शिता के बेहतर उपयोग की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

# हाजीपुर में रेलवे कंस्ट्रक्शन ऑफिस में सी बी आई का छापा, नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन

## ● 1 करोड़ रिश्वत लेते डिप्टी चीफ इंजीनियर अरेस्ट

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** हाजीपुर में सीबीआई ने रेलवे निर्माण विभाग के डिप्टी चीफ इंजीनियर आलोक कुमार को 1 करोड़ की रिश्वत लेते पकड़ा है। सीबीआई ने शनिवार को हाजीपुर जंक्शन परिसर स्थित कार्यालय में रेड की। मौके से पेपर में लपेटकर रखा एक करोड़ से ज्यादा कैश मिला। नोट गिनने के लिए मशीन मंगवानी पड़ी। छापेमारी में केंद्रीय जांच एजेंसी के 12 अफसर शामिल थे। कार्रवाई 12 घंटे चली। इस मामले में सीबीआई ने इंजीनियर आलोक कुमार और उनके क्लर्क आलोक दास को गिरफ्तारी किया है। आलोक छपरा के रहने वाले हैं। उनका क्लर्क झारखंड का रहने वाला है।

**मामले में अबतक 5 गिरफ्तार–** इस मामले में आलोक कुमार, आलोक दास (क्लर्क), माणिक दास (चतुर्थ वर्गीय कर्मी) और दो ठेकेदार कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। कई फाइल और डॉक्यूमेंट्स जब्त किए गए हैं। सूचना मिली थी कि 15 नवंबर को गोविंद भुल्लर की ओर से रिश्वत का पैसा हाजीपुर लाया जा रहा है। सूरज ने दो जगह से 50 लाख और 42 लाख रुपए जुटाए। जानकारी पुख्ता होने पर सीबीआई की टीम ने रेड की। सीबीआई ने बताया कि उपमुख्य अभियंता आलोक कुमार, निजी ठेकेदार गोविंद भुल्लर, सूरज प्रसाद और राजा की मिलीभगत थी। गलत बिल, मेजरमेंट बुक में हेरफेर और खराब निर्माण सामग्री की अनदेखी कर ठेकेदार को फायदा पहुंचाया गया था। इससे रेलवे को नुकसान हुआ।



**पेपर में लपेटकर रखे थे 1 करोड़ से अधिक कैश–** हाजीपुर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित निर्माण विभाग के उप चीफ इंजीनियर के कार्यालय के सामने सीबीआई के अधिकारियों की गाड़ी लगते ही हड़कंप मच गया। अधिकारी गाड़ी से उतरते ही सीधे रेलवे के निर्माण विभाग की दूसरी मंजिल पर स्थित उप चीफ इंजीनियर द्वितीय आलोक कुमार के कार्यालय में पहुंच गए। जबतक कार्यालय के अधिकारी कुछ समझ पाते सीबीआई के अधिकारियों ने सभी को दबोच लिया। तलाशी में एक करोड़ से अधिक कैश मिला।

**इंजीनियर की तस्वीर अपने साथ लाई थी सीबीआई–** रेलवे के निर्माण विभाग का कार्यालय पटना के महेंदू में है। लेकिन हाजीपुर-सुगौली रेलखंड के निर्माण को लेकर हाजीपुर कार्यालय से उसकी निगरानी की जा रही थी। निर्माण कार्य को लेकर ही आलोक कुमार की तैनाती दो साल पहले हाजीपुर में की गई थी। बताया गया कि सीबीआई के अधिकारी इंजीनियर की तस्वीर भी अपने साथ लेकर आए थे। रात 12 बजे के करीब अधिकारियों ने निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार और एक अन्य को भी कार्यालय में बुलाया।

**छापेमारी पर सीपीआरओ ने कहा- हमें कुछ नहीं पता–** सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने रेलवे के इंजीनियर के कार्यालय में सीबीआई के रेड पर कहा, मुझे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। सीबीआई की रेड पड़ी होगी तो अधिकारी खुद से प्रेस बयान जारी करेंगे।

## 516 यात्रियों पर कार्रवाई, रेलवे को मिला 3.40 लाख राजस्व

**कटिहार, एजेंसी।** मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह के निर्देश पर कटिहार रेल मंडल में लगातार सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक कुमार जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टिकट जांच अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के तहत ट्रेन 15228, 75755, 12487 समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में व्यापक चेकिंग की गई। वाणिज्य टीम ने प्लेटफॉर्म, कोचों और विभिन्न सेक्शनों में सघन जांच कर बिना टिकट और अनियमित यात्रियों पर कड़ी कार्रवाई की। अभियान में 326 बिना टिकट यात्रियों से जुर्माना वसूला गया, जबकि 190 अनियमित यात्रियों पर दंड अधिरोपित किया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बड़ी चूक की वजह से दिल्ली के बाद कश्मीर में हुआ बम धमाका

हाल ही में दिल्ली में लाल किला के पास हुए बड़े धमाके और उसमें कई लोगों की मौत के सदमे से लोग निकले भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की रात अचानक हुए विस्फोट में नौ लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी तंत्र के खुलासे के बाद कुछ लोगों की गिरफ्तारी के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए गए थे। उन्हीं को जम्मू-कश्मीर के नौगाम स्थित एक थाने में ले जाया गया था, ताकि विस्फोटकों का गहन परीक्षण कराया जा सके।इतना संवेदनशील विस्फोटक किसी तरह नौगाम थाने तक तो पहुंच गया, लेकिन उसके बाद शायद जरूरी सावधानी सुनिश्चित नहीं की जा सकी। यह त्रासद विडंबना रही कि थाना परिसर में ही विस्फोटकों की जांच के क्रम में एक बड़ा धमाका हो गया, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और बत्तीस लोग बुरी तरह घायल हो गए। धमाके के असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि एक ओर परिसर में थाने को बड़ी क्षति पहुंची, वहीं आसपास के घरों को भी भारी नुकसान हुआ। नौगाम के थाना परिसर में हुए विस्फोट के असर को देखते हुए शुरूआत में इसके कोई आतंकी हमला होने की आशंका जताई गई, लेकिन बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस और फिर गृह मंत्रालय की ओर से भी स्पष्ट किया गया कि यह कोई आतंकी हमले जैसी घटना नहीं थी और महज एक हादसा था। खबरों के मुताबिक, जब्त विस्फोटकों को फोरेंसिक जांच के लिए उसमें से नमूना निकालने की कोशिश तथा अन्य प्रक्रिया चल रही थी कि धोखे से उसमें विस्फोट हो गया। अगर इस विस्फोट का आतंकी हमले से कोई ताल्लुक नहीं था, तो यह एक राहत की बात हो सकती है, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इतनी बड़ी तादाद में जो विस्फोटक पदार्थ और रसायनों का जखीरा जमा किया गया था, उन्हें एक आतंकी तंत्र के खुलासे के दौरान ही जब्त किया गया था। थाना परिसर में गलती से हुए धमाके में जितने बड़े पैमाने पर क्षति हुई, लोग हताहत हुए, उसे देखते हुए इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि अगर योजनाबद्ध तरीके से आतंकियों ने इन विस्फोटकों के सहारे दिल्ली या अन्य किसी जगह पर वारदात को अंजाम दिया होता, तो जानमाल के नुकसान का दायरा कितना बड़ा हो सकता था। मामूली असावधानी का नतीजा क्या हो सकता है, यह सामने है।

*इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये। बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं।*

# बिहार में बड़बोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह

**(ललित गर्ग)**

इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के 'मोहरा' नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी ख़ास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े। इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है। महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है- रोज़गार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाज़ी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई। इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को 'स्थिरता .विकास' के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा। इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के 'मोहरा' नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह 'सुशासन का दूसरा अध्याय' लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता, विकास, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही।

## जघन्य अपराधों में बढ़ी नाबालिगों की संलिप्तता

पिछले कुछ वर्षों के दौरान जघन्य अपराधों में नाबालिगों की संलिप्तता बढ़ी है। दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक आटो चालक की हत्या के आरोप में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी से देश में पलती-बढ़ती एक चिंताजनक प्रवृत्ति और उसकी दिशा को समझा जा सकता है। अभी किसी भी स्तर पर इस बात की चिंता नहीं दिखती है कि बेरोजगार युवाओं या विद्यालय न जाने वाले किशोरों के भविष्य को संवारने लिए क्या किया जाए। उनके बीच से जो किशोर आपराधिक प्रवृत्ति की ओर कदम बढ़ा दे रहे हैं, उन्हें लेकर हमारी नीति क्या हो। यहां तक कि हम बच्चों को नैतिक और सामाजिक मूल्यों से लैस नहीं कर रहे। दूसरी ओर, समाज में अनेक तरह की बनती विपरीत स्थितियां किशोरों को अपराध के गर्त में धकेल रही हैं। राजधानी में वह आटो चालक महज अपनी रोजी-रोटी कमाने निकला था। मगर कुछ शातिर लड़के योजनाबद्ध तरीके से उसे सुनसान जगह ले गए और उससे लूटपाट की कोशिश करने लगे। जब आटो चालक ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पकड़े जाने पर इन आरोपियों ने यह बात कबूली है कि वे नशे के आदी हैं और इसके लिए पैसे जुटाने के इरादे से उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। समझा जा सकता है कि अपराध के दलदल में धंसते कुछ किशोर किस तरह खतरनाक हो रहे हैं। दिल्ली में हुई यह ताजा घटना एक उदाहरण भर है। यह दुखद ही है कि पढ़ने-लिखने की उम्र में कई किशोर हथियार लेकर सड़कों पर चल रहे हैं और आए दिन लूटपाट से लेकर हत्या तक के जघन्य अपराध में लिप्त पाए जा रहे हैं।

# नैरेटिव का विकल्प खोजे बिना कैसे हो उद्धार

**(उमेश चतुर्वेदी)**

पिछली बार के चुनावों में महागठबंधन को सबसे ज्यादा ताकत अंग प्रदेश और भोजपुर से मिली थी। शाहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस और माले के साथ महागठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 22 सीटों में से पिछली बार एनडीए को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार उसका प्रदर्शन करीब सात गुना बेहतर हुआ है। चाणक्य की धरती के मतदाताओं ने आधुनिक राजनीति के कौटिल्यों को भी हैरत में डाल दिया है। एनडीए की जीत की उम्मीद एक्जिट पोल कर तो रहे थे, लेकिन उन्हें भी इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। एनडीए की भारी जीत और तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन की करारी हार ने कई राजनीतिक संदेश दिए। समाजवादी गठबंधन के लिए कांग्रेस का साथ पत्थर बांध कर तैरने जैसा हो गया है। जिस भी समाजवादी गठबंधन ने कांग्रेस का हाथ थामा, वह राजनीति के समंदर में डूब गया। इसके पहले उदाहरण बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में यूपी के लड़के के नारे के साथ राहुल गांधी का साथ लेकर अखिलेश चुनावी वैतरणी पार करने उतरे थे, लेकिन भाजपा की लहर में वे डूब गए। 2022 में भी कांग्रेस उनके लिए पतवार नहीं बन सकी। इस बार तेजस्वी के लिए कांग्रेस सहारा नहीं बन पाई। चुनाव नतीजों कुछ वैसे ही हैं, जैसे हम तो डूबे ही सनम, तुझे भी ले डूबेंगे। विपक्षी गठबंधन को अब सोचना होगा कि कांग्रेस का हाथ वह कब और कितना पकड़े कि उसकी सियासी नैया पार लग सके, डूबे नहीं। बिहार के चुनाव नतीजों ने यह भी संदेश दिया है कि राजनीतिक भंवर में अति आत्मविश्वास सामने से आ रही लहरों के मुकाबले का साहस दें, चाहे न दें, उनकी तासीर और ताकत का अंदाजा नहीं लगने देती। तेजस्वी के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। अति आत्मविश्वास उन्हें ले डूबा। तेजस्वी का अपने शपथ ग्रहण की तारीख तय करना और उसे अति उत्साही अंदाज में लोगों के बीच रखना, एक वर्ग को भले ही अच्छा लगा हो, आम वोटरों को पसंद नहीं आया। रही-सही कसर उनके अति उत्साही नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल ने पूरा कर दिया। बिहार की स्थानीय शब्दावली में यह मनोबल नहीं, मनबढ़ होना था। इसने सत्ताधारी एनडीए के जंगलराज के नैरेटिव को उस पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद पहुंचाई, जो जंगलराज के बाद नीतीश के सुशासन राज में पैदा हुई है। जिस तरह स्थानीय चैनलों, यू ट्यूबरों और चुनावी माहौल में कुकुरमुत्तों की तरह कथित मीडिया चैनलों के कैमरों के सामने अठारह-बीस साल वाली लड़कियों तक ने तेजस्वी राज में एक खास वर्ग और जाति से डर की आशंका जताई, उससे साफ हो गया था कि बिहार का चुनावी नजारा क्या रहने जा रहा है। बुजुर्ग महिलाएं और पुरूष जिस तरह जंगल राज की भयावह तस्वीरें लोगों के सामने रख रहे थे, उसने भी भावी नतीजों की जानकारी दे दी थी। मीडिया के एक वर्ग ने एनडीए के नैरेटिक के बरक्स तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन का बचाव करने की कोशिशकी। तेजस्वी को उससे अलग दिखाने की कोशिशें भी कम नहीं हुईं। ऐसा करते वक्त तेजस्वी के रणनीतिकार, कांग्रेस से सहानुभूति रखने वाला बौद्धिक वर्ग भूल गया कि एक बड़ा वर्ग अब भी सक्रिय है, जिसने जंगलराज को देखा है। जैसे-जैसे तेजस्वी के नए विजन को पेश करने की कोशिश की गई।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन परेशानियों से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। अपनी कुशलता के दम पर आप कारोबार में आ रही परेशानियों पर काबू पा लेंगे। आज के दिन विरोधियों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको छोटे मोटे कार्यों के लिए इन लोगों पर भरोसा करना पड़ेगा।

### वृष
आज लंबे समय के बाद फुर्सत के पल मिलेंगे। इस दौरान आपको अपने व्यक्तिगत जीवन पर सोच विचार करने का मौका मिलेगा। आने वाले दिनों में मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। ऐसे में आपके लिए बेहतर होगा कि वस्त्र और आभूषण आदि पहने से ही तैयार कर लें। अपने काम को बढ़ाने के लिए संपर्क और गठजोड़ भी करने पड़ सकते हैं।

### मिथुन
आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई से सामना हो सकता है। एक साथ कई प्रकार के काम हाथ में ले लेने से आपको परेशानी हो सकती है। आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल देने वाला रहेगा। इस दौरान आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना होगा।

### तुला
आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहना होगा। स्वास्थ्य पर भी आपको ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे में लापरवाही न करें और जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। कार्यक्षेत्र में विवाद या तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। आर्थिक संतुलन बनाए रखने के लिए योजनाबद्ध ढंग से खर्च करें।

### वृश्चिक
आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। हाल ही में आपके जीवन में कई परिवर्तन आए हैं, जिनका असर अब भी महसूस हो रहा है। प्रेम से संबंधित किसी प्रकार के निर्णय में अस्थिरता आ सकती है। ऐसे में चीज़ों से बचने का मन भी हो सकता है। धैर्य और समझदारी से काम लें। समय के साथ कार्य करने से आपको सफलता प्राप्त होगी।

### धनु
आज दिन आर्थिक मामलों में मिश्रित रहने वाला है। आपने अब तक जीवन में करियर से ज्यादा प्रेम, रोमांस और भाग्य पर भरोसा किया है, लेकिन अब समय है कि आप अपने कौशल और मेहनत पर ध्यान दें। यदि शुरुआत से ही आप अपने काम में अधिक गंभीर होते, तो शायद परिवार का पूरा सहयोग भी सहज ही मिल जाता। वर्तमान परिस्थितियों में प्रियजनों का नाराज़ होना भी संभव है।

### कर्क
आज के दिन भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा होता दिखेगा। अपने कामकाज के अलावा आपको रोमांस और मन की इच्छाओं का भी ध्यान रखना पड़ेगा। कभी कभी ज्यादा परिश्रम करने से आप बोर हो सकते हैं। ऐसे में मनोरंजन आपके लिए बेहतर विकल्प साबित होगा।

### सिंह
आज आपको अपने मन पर पूरा ही नियंत्रण रखना पड़ेगा। किसी साथी या पड़ोसी के द्वारा कही गई बात पर आप अचानक ही भड़क सकते है, लेकिन ध्यान रखें कि झगड़ा मोल लेने के बाद सुलह सफाई करने की भी गुंजाइश रखनी चाहिए। अपनी कुशलता के दम पर आप कारोबार में आ रही परेशानियों पर काबू पा लेंगे।

### कन्या
आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज के दिन आपको ढेर सारे कार्यों को करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। इस दौरान आपके लिए यात्रा के भी योग बन रहे हैं। अपने काम को बढ़ाने के लिए संपर्क और गठजोड़ भी करने पड़ सकते हैं।

### मकर
आज आपके जीवन में नफरत और प्रेम का लेखा जोखा बराबर रहता है। आपमें से कई लोग ऐसे हैं जिनको इन दिनों अपने गृहस्थ जीवन को संवारने में काफी मेहनत करनी पड़ रही है। कुछ लोग अपने प्रेम संबंधों को विवाह में तब्दील करने की कोशिश भी कर सकते हैं। यह यात्रा भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

### कुंभ
आज के दिन आप अपने करियर दाम्पत्य जीवन तथा माता पिता सहित संतान और परिवार के सदस्यों पर अधिक केन्द्रित हो सकते हैं। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको किसी अच्छे काम का पुरस्कार भी मिल सकता है। घर में आपका माहौल बहुत शान्त है और यह सब आगे चलकर आपके लिए कुछ ऐसी खुशियां ला सकता है।

### मीन
आज आप अपने कार्यक्षेत्र में इस समय अच्छी ख्याति और यश बटोर सकते हैं। अगर गंभीर होकर अपने कार्य में तत्पर हैं तो उन्नति की उच्च सीमा तक भी जा सकते हैं। समय का सहयोग अगर मिलता रहा और आपकी इच्छा शक्ति इसी तरह से कायम रही तो वह समय भी दूर नहीं होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5918

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5917

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5918



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. पश्चिम एशिया में स्थित एक देश जिसमें महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है (5)
5. यह प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जो ओशिआनिया महाद्वीप में स्थित है (2)
7. जो वस्तु जल में उत्पन्न हो (3)
8. सुगंधित होना, महकना (4)
10. दमन करने वाला, अत्याचारी (5)
12. रक्तवाहिनी नली, नस (2)
15. यह मध्यप्रदेश प्रांत का नगर है जो विध्यं पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
16. कचहरी, न्यायालय (4)
17. शक्तिशाली होना या बड़प्पन की धाक (2)
18. गिनती, अदद, संख्या (3)
19. मूल तथ्य, आंतरिक तथ्य (3)
20. चढ़ावा, पूर्वकर्म फल (2)
21. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
22. यह थाइलैंड देश का पुराना नाम है (2)

**ऊपर से नीचे**
1. अभिव्यक्ति, प्रकटन, प्रकाशन (4)
2. पंच तत्वों में से एक, वारि, आब (2)
3. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
4. तल्लीनता (3)
5. उजरत या पारिश्रमिक शुल्क लेकर सेवा देना (3)
6. एक बांग्लादेशी गायिका उन्होंने बांग्लोदश, भारत और पाकिस्तान की फिल्मी दुनिया में 1960 से 1985 तक बहुत गाये गाए है (2)
9. आवास स्वामी, भवन पति (5)
11. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)
13. निर्धन, कंगाल, धनहीन (5)
16. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
17. पुरानी फिल्मों के इस संगीतकार का बेटा अभिनेता निर्माता व निर्देशक तथा पोता एक प्रसिद्ध एक्टर है (3)
18. धुलाई, सफाई (2)
19. वचन, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5917 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ग | त | सिं | ह | | ना | ज |
| ग | | ब | हा | र | | लं | ब |
| व | क्र | | स | म | झ | दा | र |
| त | | मी | न | | ड़ | | द |
| गी | ज | र | | | प | रा | स्त |
| ता | ज | | न | | | ज | |
| | मे | ह | दी | ह | स | न | |
| से | ण्ट | | म | द | न | | सा |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com



# सुरभि चंदना ने शेयर किया टीवी से ब्रेक लेने का कारण

टीवी इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार रहे हैं, जिन्होंने एक समय में घर-घर में अच्छी पहचान बनाई है और दर्शकों के दिलों में राज भी किया है, लेकिन अब वे कई समय से टीवी की दुनिया से दूर हैं। उन्हीं में से एक अभिनेत्री सुरभि चंदना हैं। शनिवार को उन्होंने बताया कि उन्होंने टीवी की दुनिया से दूरी क्यों बना ली। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर बताया कि वे इतने दिनों से टीवी की दुनिया से क्यों दूर थीं। उन्होंने लिखा, टीवी सेट से लेकर थिएटर की रोशनी तकज्मुझे हमेशा से थिएटर में बहुत दिलचस्पी रही है। हर बार जब मैं कोई भी नाटक देखती थी, तो उसे पूरा देखकर आश्चर्य में पड़ जाती थी और खुद से ये सवाल करती थी कि एक अभिनेत्री के तौर पर क्या मैं इसका सामना कर पाऊंगी? अभिनेत्री ने बताया कि थिएटर में जाने के फैसले पर कई लोग उनसे सवाल करते रहते हैं कि उन्होंने टीवी से थिएटर को क्यों चुना?

अभिनेत्री ने लिखा, मुझे ऐसा लगता है कि थिएटर करने से मेरा अभिनय और भी बेहतर होगा। ये अब और सच साबित हो रहा है। अब मैं इस कला की दुनिया में कदम रख रही हूं, जहां कुछ भी कट या दोबारा नहीं किया जा सकता है। इसमें हर पल और भावनाएं लाइव चलती हैं और कहानियां मंच पर जीवित रहती हैं। अभिनेत्री ने थिएटर में अपने पहले नाटक के बारे में बताते हुए लिखा, मेरा पहला नाटक थिएटर की इस नई यात्रा की शुरुआत है। आप सब इसे जरूर देखें। उन्होंने आगे लिखा, मेरी प्यारी विजयलक्ष्मी को धन्यवाद, जिनसे मुझे ये प्यारे लोग मिले, हमारे निर्देशक और मेरे मेंटर आदित्य, जो मेरी सभी रिहर्सल में मेरी मदद करते रहे हैं; और हमारी प्रोड्यूसर प्रेरणा सिंह, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया कि मैं ये सब कर सकती हूं। इसके बाद अभिनेत्री ने पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करते हुए लिखा, मुझे लोगों ने चेताया था कि एक वक्त के बाद सब नशा बन सकता है, और अब लगता है मैं अगले नाटक के लिए तैयार हूं।



# फिल्म इंडस्ट्री में रचनात्मक आजादी जरूरी

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने फिल्मों और ओटीटी सीरीज के जरिए अलग पहचान बनाई है। वह हमेशा उन कलाकारों में से रही हैं, जो न सिर्फ चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को स्वीकार करती हैं, बल्कि अपनी सोच और पसंद के अनुसार काम करने की आजादी को सबसे आगे रखती हैं। इस कड़ी में जागरण फिल्म फेस्टिवल के दौरान आईएएनएस से खास बातचीत में हुमा ने फिल्म इंडस्ट्री में रचनात्मक आजादी के महत्व पर अपने विचार रखे। आईएएनएस से बात करते हुए हुमा कुरैशी ने कहा कि एक मजबूत फिल्म इंडस्ट्री तभी संभव है, जब हर तरह की फिल्में बनाने का मौका मिले। इंडस्ट्री में सिर्फ बड़ी फिल्में या ब्लॉकबस्टर ही नहीं, बल्कि छोटी, मध्यम दर्जे की और इंडिपेंडेंट फिल्मों की भी काफी अहमियत होती है। फिल्म निर्माता दर्शकों को ध्यान में रखते हुए नई कहानी और शैली में तरह-तरह के प्रयोग कर सकते हैं। ऐसा करने से न केवल इंडस्ट्री मजबूत बनती है, बल्कि दर्शकों को भी अलग-अलग तरह की फिल्मों का अनुभव मिलता है। उन्होंने कहा, हमें दर्शकों को देखकर फिल्म बनानी चाहिए। बड़ी फिल्में बननी चाहिए, छोटी फिल्में, सामान्य फिल्में, और इंडिपेंडेंट फिल्मों पर भी ध्यान देना चाहिए। जब हर तरह की फिल्मों को बनाने की आजादी होती है और लोग उन्हें देखने का मौका पाते हैं, तब ही फिल्म इंडस्ट्री मजबूत और जीवंत बनती है। हुमा ने दिल्ली क्राइम सीजन 3 में अपने खलनायिका के रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि यह उनके करियर में पहली बार था, जब उन्होंने इस तरह का नकारात्मक किरदार निभाया है। जब उन्हें इस शो के लिए कॉल आया, तो वह उस समय महारानी की शूटिंग कर रही थीं। उन्होंने कहा, मैं इस शो को लेकर पहले सोच रही थी कि शायद मुझे पुलिस वाले का मुख्य रोल मिलेगा, लेकिन मुझे बताया गया कि यह एक नेगेटिव रोल है। हुमा ने कहा, खलनायिका का रोल निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसे करने में बेहद मजा आया। दर्शक इस किरदार में मुझे एक बिल्कुल अलग अंदाज में देखेंगे। महारानी और दिल्ली क्राइम जैसे दोनों शोज लगातार आने की वजह से मुझे रोजाना कई कॉल और मैसेज मिल रहे हैं, जिसमें लोग दोनों किरदारों की तारीफ कर रहे हैं। दिल्ली क्राइम सीजन 3 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है।



# रजनीकांत की बहुचर्चित जेलर 2 में नजर आएंगी अपेक्षा पोरवाल

अनदेखी, हनीमून फ़ोटोग्राफ़र और इंटरनेशनल हिट स्लेव मार्केट में अपने दमदार और अलग-अलग किरदारों से छा चुकी अपेक्षा पोरवाल अब रजनीकांत की बहुचर्चित जेलर 2 में एक अहम रोल झटक ले गई हैं। पहली जेलर, जिसे सन पिक्चर्स ने बनाया और नेल्सन दिलीपकुमार ने डायरेक्ट किया था, ने दुनिया भर में 600 करोड़ से ज़्यादा की कलेक्शन पर तिलक लगाया था। ऐसे में इसकी सीक्वल की गूंज तो पैन-इंडिया फ़िल्म ब्रह्मांड में पहले से ही मचा रही है। और इसी शोर के बीच, यह फ़िल्म अपेक्षा का साउथ में पहला कदम भी बन रही है — यानी उनके करियर की कहानी का एक नया और दिलचस्प पन्ना खुल रहा है। अपनी बारीक और असरदार परफॉर्मेंसेज़ के लिए पहचानी जाने वाली यह युवा एक्ट्रेस अब इंडिया और ग्लोबल, दोनों स्क्रीन पर एक मज़ेदार सफ़र जारी रखे हुए है। पैन-इंडिया फ़िल्म लीग में बड़े-बड़े सितारों के साथ कदम मिलाते हुए, अपेक्षा बिल्कुल सही मोड़ पर जेलर 2 में एंट्री मार रही हैं — और यह एंट्री उनके सफ़र को एक नई सुपरचार्ज्ड स्पीड देने वाली है।



# दशा और दिशा बदलने आ रही है पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म राहु केतु

राहु केतु के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का एक मोशन पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। जानिए आप सिनेमाघरों में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म कब देख सकेंगे।

## कब रिलीज हो रही है फिल्म राहु केतु

राहु केतु के निर्माताओं ने फिल्म का एक मोशन पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, नए साल में, दशा और दिशा बदलने आ रहे हैं राहु केतु। राहु केतु 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म राहु-केतु के बारे में

फिल्म राहु केतु में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन विपुल विग ने किया है। यह फिल्म जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक कॉमेडी और फैंटेसी फिल्म है, जिसकी शूटिंग मुंबई और मनाली में हुई है।



# शेफाली शाह ने जयदीप अहलावत को बताया अपना पसंदीदा कलाकार



सिनेमाई दुनिया में अपने शानदार अभिनय के लिए पहचानी जानी वाली अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने फेवरेट एक्टर के बारे में बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि उस एक्टर ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अलग पहचान दी है।

अभिनेत्री ने बोला कि जयदीप अहलावत उनके पसंदीदा कलाकार हैं। उन्होंने कहा, 'वह बहुत अच्छे हैं। ओटीटी ने हमारी जिंदगी बदल दी है। हम सभी को प्रतिभाशाली माना जाता था, लेकिन उन बड़ी व्यावसायिक फिल्मों में हमारी क्या जगह होती? इसलिए, जब मैं उनकी प्रगति देखती हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है।'

## अभिनेत्री ने जयदीप अहलावत की सफलता का किया जिक्र

अभिनेत्री ने आगे बात करते हुए याद किया कि जब 'पाताल लोक 2' रिलीज हुई, तो उन्होंने अमूल का एक होर्डिंग देखा जिसमें अहलावत दिखाई दे रहे थे, तो उन्हें बहुत गर्व महसूस हुआ था। साथ ही एक्ट्रेस ने कहा कि वो सभी प्रशंसाओं के हकदार हैं। इसके अलावा बताया कि जयदीप अहलावत का उदय सिनेमा उद्योग में एक बदलाव का प्रतीक है।

## अपनी पहली किताब का भी किया जिक्र

आगे बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैंने एक किताब लिखी है, हालांकि मुझे यकीन नहीं है कि यह मेरी पहली किताब होगी। मैंने इसे पढ़ा है, मेरे दोस्तों ने इसे पढ़ा और उन्हें यह पसंद आई है। अब, यह प्रकाशित होगी या नहीं, यह पता चल जाएगा।' अभिनेत्री ने सभी से किताबें पढ़ने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ना हमें कहीं घूमने से भी ज्यादा प्रेरित करती हैं।

## इन फिल्मों में साथ नजर आए शेफाली और जयदीप अहलावत

अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित फिल्म थ्री ऑफ अस साल 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शेफाली शाह और जयदीप अहलावत मुख्य भूमिका में थे। फिल्म को10 में से 7.5 रेटिंग मिली है, जो बताती है कि फिल्म अच्छी थी।



# अब तक की सबसे महंगी फिल्म हो सकती है वाराणसी



**फिल्ममेकर एसएस राजामौली की फिल्म वाराणसी अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। इसके बजट से लेकर स्टार्स की फीस तक के बारे में जानने के लिए हर कोई एक्साइटेड है। इस बीच, प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू की सैलरी को लेकर खुलासा हो गया है।**

## प्रियंका ने फिल्म के लिए मांगी 30 करोड़ रुपये की फीस

फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी अगली मेगास्टार फिल्म वाराणसी के लिए पहली बार महेश बाबू के साथ हाथ मिलाया है। हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में भव्य टाइटल लॉन्च इवेंट हुआ, जहां फिल्म के नाम की घोषणा की गई। महेश बाबू के अलावा, फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल्स में हैं। प्रियंका वाराणसी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं और फैंस अब कलाकारों को दी गई फीस जानने के लिए एक्साइटेड हैं। प्रियंका चोपड़ा पहली बार फिल्ममेकर एसएस राजामौली के साथ वाराणसी में काम करेंगी। पहले इसका नाम SSMB29 रखा गया था। कोईमोई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका ने इस फिल्म के लिए 30 करोड़ रुपये की फीस मांगी है। इस तरह वह किसी भी निर्देशक के साथ काम करने वाली सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में से एक बन गई हैं।



रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि प्रियंका ने अपनी फीस बढ़ा दी है। एसएस राजामौली की आरआरआर में आलिया भट्ट ने 9 करोड़ रुपये लिए थे, जबकि बाहुबली में अनुष्का शेट्टी ने 5 करोड़ रुपये लिए थे। प्रियंका कथित तौर पर दीपिका पादुकोण को पीछे छोड़ देंगी, जो अब तक सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस रही हैं।

## पृथ्वीराज सुकुमारन की फीस

साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फीस के बारे में अभी तक कोई खबर नहीं आई है। हालांकि प्रियंका चोपड़ा एक इंटरनेशनल आइकन हैं और उनकी स्टार पावर दुनिया भर में है, लेकिन उनकी ऊंची फीस उनके फैंस के साथ न्याय नहीं कर पा रही है।



दिलचस्प बात यह है कि न तो मेकर्स और न ही फिल्म के स्टार्स ने अभी तक उन्हें मिलने वाली फीस की पुष्टि की है।

## महेश बाबू लेंगे 40 परसेंट प्रॉफिट

रिपोर्ट और कोईमोई के एक करीबी सूत्र के अनुसार, महेश बाबू और फिल्ममेकर एसएस राजामौली नॉर्मल सैलरी नहीं लेंगे। राजामौली को महेश बाबू के काम पर बहुत भरोसा है जिसने उन्हें स्टारडम तक पहुंचाया। इसी वजह से दोनों ने ज़्यादा फीस न लेने का फैसला किया है। उनका मकसद वाराणसी के साथ एक विरासत बनाना है। इसलिए, महेश बाबू और एसएस राजामौली कथित तौर पर मेकर्स के साथ 40% प्रॉफिट समझौता करेंगे। रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि महेश बाबू कोई वेतन नहीं लेंगे और उन्होंने एसएस राजामौली के साथ एक शेयर प्रॉफिट समझौते पर बातचीत की है। इसका साफ मतलब है कि वाराणसी के लिए महेश बाबू की सैलरी पूरी तरह से फिल्म के मुनाफे पर निर्भर करेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### गैंगस्टर के कहने पर की थी गुरुग्राम के प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के एसपीआर रोड पर सेक्टर-77 के पास चार अगस्त दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलर रोहित शौकीन की हत्या में शामिल दो शार्प शूटर को अपराध शाखा मानेसर की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान शुरुआती पूछताछ में आरोपियों बताया कि विदेश में रहने के दौरान गैंगस्टर सुनील सरधानिया ने फोन और ऐप से संपर्क कर हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी। रोहित शौकीन की हत्या में वांछित चल रहे दोनों शूटर को अपराध शाखा मानेसर की टीम ने आगामी पूछताछ के लिए जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान पदम उर्फ राजा निवासी गांव झाझल, जिला सोनीपत और विनोद उर्फ पहलवान निवासी गांव नूना माजरा, जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। अगस्त में सेक्टर-77 में रात को कार के पास रोहित शौकीन खड़ा हुआ था। वह घर नोएडा जाने की बात बोलकर आया था। तभी रात नौ बजे के लगभग रोहित को गोली मारकर हत्या कर दी गई। गंभीर हालत में रोहित को अस्पताल में लेकर गए,जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शिकायत पर खेड़की दौला थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अपराध शाखा मानेसर गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने वाले शूटर को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया। दोनों शूटर ने रिमांड के दौरान खुलासा किया इन्होंने अन्य साथियों के माध्यम से सुनील सरधानिया के कहने पर रोहित शौकीन पर गोलियां चलाकर उसकी हत्या की थी। रोहित शौकीन की हत्या करने के बाद गैंगस्टर सुनील सरधानिया और गैंगस्टर दीपक नादंल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। जबकि रोहित शौकीन के परिजनों ने बताया था कि उसको दिल्ली से गुरुग्राम में गैंगस्टर दीपक नादंल ने बुलाया था। दोनों के बीच रुपयों को लेकर बीते काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी पदम उर्फ राजा पर डकैती करने, जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने व शस्त्र अधिनियम के तहत आठ मुकदमे जिला गुरुग्राम व सोनीपत में पहले भी दर्ज है। आरोपी विनोद उर्फ पहलवान पर धोखाधड़ी करने, लूटपाट करने, जान से मारने की धमकी देने के, शस्त्र अधिनियम व गैंबलिंग एक्ट के तहत कुल आठ मामले जिला रेवाड़ी, गुरुग्राम, हिसार व झज्जर में पहले से ही दर्ज है।

### कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष? बिहार चुनाव की डेडलाइन खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार में सरकार गठन और शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां चरम पर है। सूत्रों के अनुसार 20 नवंबर को गांधी मैदान में होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई है। इन सब के बीच बिहार में मिली प्रचंड जीत से भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर है। भाजपा 89 सीटों के साथ राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। ऐसे में अब सबकी निगाहें भाजपा के बहुप्रतीक्षित फैसलों में से एक, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा पर जा टिकी हैं। इससे पहले नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा बयान दिया था। रक्षा मंत्री ने कहा था कि बिहार चुनाव खत्म होते ही पार्टी अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर देगी। राजनाथ सिंह ने इस दौरान यह भी स्पष्ट किया था कि अध्यक्ष चुनने में पार्टी के सामने कोई बाधा नहीं है और इसे लेकर पार्टी और संघ के बीच कोई मतभेद नहीं है। बता दें कि जेपी नड्डा जनवरी 2020 से ही पार्टी की कमान संभाल रहे हैं। उनका कार्यकाल जून 2023 में पूरा हो गया था, लेकिन नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रारंभिक विस्तार दिया गया था। इसके बाद महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबलों के दौरान स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकाल को फिर से बढ़ा दिया गया था। हालांकि अब उनके उत्तराधिकारी के नाम से पर्दा हटने में हो रही देरी पार्टी सदस्यों में बढ़ती बेचैनी का कारण बन रहा है। कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष? भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए जिन नेताओं के नामों पर चर्चा हो रही है उनमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नाम शामिल हैं।

# रायपुर से बचाए गए 120 बच्चे, बिना खाना दिए कराया जा रहा था काम

### एनएचआरसी समेत कई टीमों ने मारा छापा



**रायपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी), पुलिस और स्वयंसेवी संस्था एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) की एक संयुक्त टीम ने बाल श्रम और तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में रायपुर स्थित एक मशरूम निर्माण प्लांट से 120 से अधिक बच्चों को बचाया गया। करीब चार घंटे तक यह अभियान चला और 14 से 17 वर्ष की आयु वर्ग की 80 से अधिक लड़कियों और 40 लड़कों को बचाया गया। जांच में सामने आया कि बचाए गए अधिकतर बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड और असम के आदिवासी इलाकों से थे। इन्हें तस्करी करके लाया गया था और उनसे काम करवाया जा रहा था। जांच में पता चला कि कुछ बच्चों की उम्र 17 साल से भी कम है और उनसे 6 सालों से काम करवाया जा रहा था। एनएचआरसी को लिखे एक पत्र में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी और बताया था कि इस प्लांट में बच्चों को काम पर रखा जाता था और उनका शोषण किया जाता था या बंधुआ मजदूरी के हालात में काम करने के लिए मजबूर किया जाता था। बच्चों ने बताया कि उन्हें फैक्ट्री के ही एक छोटे और गंदे कमरे में रखा जाता था और अक्सर 12-15 घंटे काम कराया जाता था। उन्हें रात का खाना भी ठीक से नहीं दिया जाता था। एनएचआरसी सदस्य प्रियांक कानूनगो ने तुरंत रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से बातचीत की और डीएसपी नंदिनी ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम ने प्लांट पर छापा मारा। बच्चों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन रिभु ने कहा, 'एक 14 साल के बच्चे की दुर्दशा की कल्पना कीजिए, जिसे कड़ाके की ठंड में दिन में 12-15 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह तस्करी के संगठित अपराध का सबसे बुरा चेहरा है और विकसित भारत के निर्माण में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। मैं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, स्थानीय पुलिस और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन को 100 से अधिक तस्करी किए गए बच्चों को बचाने के लिए बधाई देता हूं। '

मोजो मशरूम इकाई कम तापमान पर मशरूम उत्पादन के लिए जानी जाती है। यहां मशरूम के पैकेट रखने के लिए बड़ी मशीनों और पतली छड़ों वाली तीन मंजिला जालियों का इस्तेमाल किया जाता है। बच्चों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के इन जालियों पर चढ़कर मशरूम के पैकेट टांगने के लिए कहा जाता था। यहां कई ऐसे रसायनों का इस्तेमाल किया जाता था, जो कैंसरकारी होते हैं और सांस लेने से ही कैंसर का कारण बन सकते हैं। गुप्त सूचना पर जुलाई की शुरुआत में भी इसी इकाई पर छापेमारी की गई थी। तब भी बड़ी संख्या में मजदूरों को बचाया गया था।

## दस सेक्टरों की प्रमुख सड़कों को मॉडल बनाने की तैयारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) जल्द ही शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 180 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को हरी झंडी देने की तैयारी में है। निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट्स कमेटी (एफ एंड सीसी) की बैठक में 30 से अधिक महत्वपूर्ण एजेंडा रखे गए हैं, जो मुख्य रूप से सड़कों को मॉडल रोड बनाने पर केंद्रित हैं।

निगम की तरफ से दस से अधिक सेक्टरों की सड़कों को मॉडल और दोबारा से निर्माण करवाया जाएगा। बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम ने शहर के विकास के लिए 30 योजनाओं को एस्टीमेट तैयार कर लिया है। दस करोड़ से कम के यह 30 योजनाएं नगर निगम की वित्त एंव सविंदा कमेटी की बैठक में रखे जाएंगे।

बैठक में इन कार्यों को अनुमति के बाद निगम की तरफ से इनकी टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वित एंव सविंदा कमेटी की बैठक इसी सप्ताह आयोजित की जाएगी। इस योजना के तहत दस सेक्टरों और निजी कॉलोनियों की सड़कों को मॉडल रोड बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें वार्ड 17 (खेड़की दौला/बेगमपुर खटोला) के क्षेत्र को लगभग 12.50 करोड़ की लागत से 2.0 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) मिलेगा, जिससे जल प्रदूषण कम होगा। धरमपुर, बेरीबाग, बाजघेड़ा और दौलतबाद सहित विभिन्न स्थानों पर सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट्स (कूड़ा संग्रहण केंद्रों) के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 32 करोड़ के प्रस्ताव रखे गए हैं। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और बदबू की समस्या कम होगी। वार्ड 20 के गांव बलियावास में गौशाला के निर्माण के लिए 10 करोड़ का बड़ा प्रस्ताव भी एजेंडा में शामिल है, जो बेसहारा पशुओं के प्रबंधन में सहायक होगा। यह सभी एजेंडा आइटम जल्द ही वित्त एंव सविंदा कमेटी की मुहर लगने के बाद कार्यान्वयन के लिए आगे बढ़ाए जाएंगे। इन परियोजनाओं से शहर के बुनियादी ढांचे को एक बड़ी मजबूती मिलेगी, जिससे नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा। गुरुग्राम के निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि वित्त एंव सविंदा की बैठक में 30 विकास कार्यों का रखा गया है। जल्द ही बैठक में सभी कार्यों को अनुमति के लिए रखा जाएगा। जिन कार्यों की अनुमति मिलती है उनकी आगे टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री का दावा, जुबीन गर्ग को शराब पीने के लिए मजबूर किया



**गुवाहाटी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को जुबीन गर्ग के निजी जीवन के बारे में एक महत्वपूर्ण दावा करते हुए कहा कि दिवंगत सांस्कृतिक प्रतीक खुद शराब के खिलाफ थे। सरमा ने आरोप लगाया कि गायक के करीबी लोगों ने उसके सरल और भरोसेमंद स्वभाव का फायदा उठाकर उसे जबरन शराब पीने के लिए मजबूर किया। उन्होंने इसे उनकी संपत्ति को गलत तरीके से हड़पने की कथित साजिश का हिस्सा बताया।

मुख्यमंत्री सरमा ने दिवंगत संगीतज्ञ जुबीन गर्ग को उनकी 53वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा युवाओं से मार्मिक अपील की। मुख्यमंत्री ने इस प्रतिष्ठित गायक की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। मुख्यमंत्री सरमा ने युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे हानिकारक आदतों में लिप्त होने के बजाय सामाजिक भलाई के कार्यों के माध्यम से जुबीन गर्ग के जीवन को याद करें। उन्होंने कलाकार की भावना के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान और वंचित बच्चों की सहायता जैसी गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। सरमा ने कहा कि इस तरह हम जुबीन गर्ग को हमेशा के लिए जीवित रख सकते हैं। उन्होंने प्रशंसकों के लिए अपने आदर्श को याद रखने के रचनात्मक मार्ग पर प्रकाश डाला। सीएम के इस नए बयान ने जुबीन गर्ग के अंतिम दिनों से जुड़ी सार्वजनिक बहस में एक नया आयाम जोड़ दिया है। इसने ध्यान का एक हिस्सा उनके करीबी लोगों की कथित भूमिका और इरादों पर केंद्रित कर दिया है।

## बिहार में बंपर जीत के बाद भाजपा ने बंगाल में फूंका चुनावी बिगुल, लोगों से एक अपील कर रही पार्टी



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों बिहार विधानसभा चुनावों में मिली बंपर जीत से गदगद है। हालांकि पार्टी बिना वक्त गंवाए अगले चुनाव यानी, बंगाल का किला भेदने की तैयारी में जुट गई है। बीजेपी ने बंगाल में चुनावी बिगुल फूंक दिया है और इसी क्रम में बिहार की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को राज्यभर में कई 'एकता यात्रा' रैलियों का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे आने और ''राष्ट्र-विरोधी जिहादी'' तत्वों को हराने का आह्वान किया है।

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी बीरभूम जिले के नानूर में आयोजित रैली का नेतृत्व किया। वहीं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक और रैली का नेतृत्व किया। शुभेंदु अधिकारी ने रैली की शुरुआत में कहा, ''17 से 19 नवंबर की अवधि के दौरान, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 121 स्थानों पर एकता यात्राएं आयोजित करने का आह्वान किया है। इसमें सभी राष्ट्रवादी और देशभक्तों से इसमें शामिल होने और राष्ट्र-विरोधी जिहादी तत्वों को करारा जवाब देने का अनुरोध किया गया है, और हजारों लोग स्वेच्छा से इसमें भाग ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम सभी राष्ट्र-विरोधी ताकतों और उन्हें बढ़ावा देने वालों को एक स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि बंगाल और देश ऐसी ताकतों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं हो सकते।'' वहीं तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं को काले झंडे दिखाए।

### मुमताज पटेल ने चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने पार्टी के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। साथ ही उन्होंने चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा है कि पार्टी पुराने तरीके से काम नहीं कर सकती है। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए थे कि वफादार कार्यकर्ताओं को कब तक सफलता देखने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। कांग्रेस ने बिहार में 61 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 6 सीटें जीती थीं। सबसे पहले उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था, 'कब तक अनगिनत वफादार जमीनी कार्यकर्ता, जो हर मुश्किल हालात में पार्टी के साथ रहे हैं... सफलता का इंतजार करेंगे...।

## खौफनाक घटना ! नाबालिग को ईंट से कुचलकर मार डाला; पकड़ा गया आरोपी



**गाजियाबाद , एजेंसी।** एनसीआर के गाजियाबाद में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव कनकपुर में दो दिन लापता 15 साल के किशोर का शव जगल में पड़ा मिला। किशोर की ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या की गई थी। हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना की खबर सुनने के बाद मां का रो रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव कनकपुर नरेश कुमार अपनी पत्नी अनीता , पुत्र दीपांशु और हिमांशु के साथ रहते हैं। उनका 15 साल का बेटा हिमांशु एक प्रॉपर्टी डीलर के पास काम करता था। दो दिन पहले किशोर अचानक लापता हो गया था। परी जिन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई और किशोर की तलाश रिश्तेदारी में शुरू कर दी। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले एक युवक की बहन के देवर पर शक जाहिर किया और उसके गांव पहुंचे। इसके बाद ग्राम इन्होंने उक्त युवक को भोजपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी ने बताया की हिमांशु की ईद से कूच कर हत्या कर दी गई है। सबको मुकीमपुर के जंगल में फेंका गया है और उसके कपड़े 2 किलोमीटर दूर फेंके गए हैं।

पुलिस ने निशानादेही के आधार पर गांव मुकीमपुर के जंगल से किशोर की नग्न अवस्था में सब बरामद कर लिया। किशोर की हत्या के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मां बेटे को याद करके बार-बार बेहोश हो रही है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना का कहना है एक आरोपी को हिरासत में ले रखा है। हत्या क्यों और किन कारणों से की गई है इसका खुलासा जल्द कर दिया जाएगा।

### सड़कों पर बढ़ते वाहन चढ़ा रहे वायु प्रदूषण का ग्राफ

## हर तीन सेकंड में 20 नई कारें और हो रही पंजीकृत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाहनों की बढ़ती संख्या ने वायु प्रदूषण का ग्राफ बहुत तेजी के साथ बढ़ाया है। भारत में वायु प्रदूषण की असली जड़ अब उद्योग, पराली या कचरा नहीं, बल्कि सड़क पर उतरते निजी वाहनों की तेजी से बढ़ती संख्या बन चुकी है। जैसे-जैसे शहरों में कारों और दोपहिया वाहनों की संख्या विस्फोटक रूप से बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे हवा की गुणवत्ता भी उसी रफ्तार से खतरनाक स्तरों पर पहुंच रही है। सीएसई की किताब सांसों का आपातकाल के अनुसार विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण में अब सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र का है और इसका प्रमुख कारण निजी वाहनों पर बढ़ती निर्भरता है।

देश में वाहनों का पंजीकरण जिस तेज रफ्तार से बढ़ रहा है, उसके सामने प्रदूषण नियंत्रण के हर प्रयास छोटे पड़ते जा रहे हैं। हर तीन सेकंड में 20 नई कारें और 70 दोपहिया वाहन रजिस्टर हो जाते हैं। जितनी देर में कोई व्यक्ति एक-दो घूंट पानी पिएगा उतनी देर में लगभग 100 गाड़ियां और सड़क पर आ चुकी होती हैं। प्रत्येक नई कार औसतन 3.15 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर उत्सर्जित करती है, जो हवा को सीधे तौर पर जहरीला बनाती है। यही नहीं, हर 15 सेकंड में इतने वाहन रजिस्टर हो जाते हैं कि उन्हें पार्क करने के लिए फुटबॉल के मैदान जितनी जगह की आवश्यकता होती है, जिससे शहरी योजना पर भी भारी दबाव बन रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 2.55 करोड़ वाहन पंजीकृत हुए, जिनमें 88 प्रतिशत निजी वाहन मुख्यतः कारें और दोपहिया थे। भारत में यातायात पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आया है। बीते दस वर्षों में प्रति व्यक्ति यात्रा दर 17.5 प्रतिशत बढ़ी है और प्रति यात्रा दूरी में 28.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# चोरी करने के लिए नेपाल में तैयार हो रहे शातिर चोर, हर तरह के ताले को तोड़ने में माहिर



**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में विशेष रूप से गुरुग्राम में चोरी की वारदातों के पीछे एक संगठित और खतरनाक पैटर्न सामने आया है। अपराध शाखा की जांच में पता चला है कि चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए नेपाल के तीन जिलों में दस से अधिक गैंग शातिर चोरों को तैयार कर रहे हैं और उन्हें विशेष रूप से भारत भेज रहे हैं।

नेपाल के जिले गौरी फैंटा,धनगढ़ी और अच्छाम में सबसे ज्यादा गैंग सक्रिय और यहीं पर चोरी करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षित चोर पांच से सात मिनट में पूरे घर में चोरी कर लेते हैं और हर तरह के ताले को तोड़ने में माहिर होते है। चोरी के बाद भागने का रूट भी पहले से तैयार रखते है। नेपाल का धनगढ़ी जिला काफी छोटा है,लेकिन यहां पर सबसे ज्यादा दुकानें सोने की है। भारत से चोरी कर लाया गया सोना सबसे ज्यादा यहीं पर बेचा जाता है।

गुरुग्राम के अक्तूबर माह में सेक्टर-17 इलाके में हुई चोरी के एक मामले की जांच करने नेपाल गई पुलिस टीम को इस पूरे संगठित ऑपरेशन के बारे में चौंकाने वाली जानकारी मिली है।

**घर में साजिश के तहत काम करते है नेपाली नौकर:** गैंग चोरी के लिए घर में प्रवेश करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। निजी एजेंसियों के माध्यम से, या फिर किसी पुराने या भरोसेमंद नौकर के बदले दूसरे व्यक्ति को घर में प्रवेश दिलाते है। इसके अलावा चोरी की योजना बनाने के लिए फेसबुक के ज़रिए पुराने नौकरों से भी संपर्क साध कर लोगों के घरों बारे में जानकारी जुटाते है। निजी एजेंसी को भी नेपाली लोग फर्जी दस्तावेज देते है और उनका सत्यापन तक नहीं होता है। इसके अलावा शातिर चोर ऐसे घरो को ज्यादा निशाना बनाते है,जहां पर ज्यादा नकदी और जेवरात मिले।

अपराध शाखा सेक्टर-43 के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि नेपाल से अपराधी को भारत लाने की कोई संधि नहीं है, जिससे कानूनी प्रक्रिया लंबी और जटिल हो जाती है। नेपाल में जाने के बाद चोर को वापस लाया नहीं जा सकता है। ऐसे में चोरी की बढ़ रही घटनाओं को सिर्फ जागरूकता से ही रोका जा सकता है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, गुरुग्राम पुलिस ने आम नागरिकों को नेपाल के लोगों को बिना जांच के घर पर न रखें।

चोरी के बाद ये गैंग दिल्ली-एनसीआर से कैब या बस पकड़ते हैं और उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी बॉर्डर के रास्ते तेज़ी से नेपाल में प्रवेश कर जाते हैं। वारदात को अंजाम देने के 24 घंटे के भीतर चोर वापस नेपाल पहुंच जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। नेपाल पहुंचते ही वह एक होटल में रूकते है और वहीं पर सुनार को बुलाया जाता है। 48 घंटे के भीतर ही शातिर चोर चोरी किया गया सोने को बेच देते है और सुनार भी उस सोने का आकार बदल देता है,ताकि पकड़ा नहीं जा सके। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए ये अपराधी पहले घर में रह रहे लोगों को उनके खाने में नींद की दवा मिलाकर देते हैं। एक बार जब घर के सभी लोग बेहोश हो जाते हैं, तो ये शातिर चोर केवल पांच से सात मिनट के भीतर पूरे घर को खंगाल कर खाली कर देते हैं। इसके बाद फरार हो जाते हैं। फरार होने के दौरान कई बार मकान मालिक की कार को भी चोरी कर लेकर जाते है। सेक्टर-43 अपराध शाखा के प्रभारी नरेंद्र शर्मा नेपाली लोगों को घर पर काम करने के लिए बिल्कुल भी नौकर नहीं रखे। यह सिर्फ घरों में चोरी करने के लिए आते हैं। भारत की नेपाल से आरोपियों को पकड़कर लाने की कोई संधि नहीं है।

हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं...

# मैं हमेशा भारत का समर्थन करती हूं : मनु भाकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने द्विस्स विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाजी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। भाकर ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो। इस 23 साल की पिस्टल निशानेबाज (महिलाओं को प्रेरित करके खेल जगत में उपलब्धि हासिल करना) के सोशल मीडिया हैंडल के लॉन्च पर बोल रही थी। भाकर ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इस साल कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस साल अगस्त में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



# युवराज ने पहले राउंड में शानदार 65 का स्कोर बनाकर बढ़त बनाई

**डिगबोई (असम), एजेंसी।** पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे युवराज संधू ने अपने पसंदीदा स्थलों में से एक डिगबोई गोल्फ लिंक्स में वापसी की घोषणा की। उन्होंने शानदार सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर 1 करोड़ रुपए इनामी इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 के पहले राउंड में दो शॉट की बढ़त बना ली। इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स (2021 और 2022) के दो बार विजेता रहे युवराज ने 67 के अपने शुरुआती राउंड में आठ बर्डी और एक बोगी का प्रदर्शन किया, उसी मैदान पर जहां उन्होंने 2021 में अपना पहला पीजीटीआई खिताब जीता था। पांच गोल्फ खिलाड़ी 67 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। इनमें पूर्व चैंपियन वीर अहलावत (2019), बीस वर्षीय अंशुल कबथियाल, शिवेंद्र सिंह सिसोदिया, युवराज सिंह और बांग्लादेशी मोहम्मद सोमरत सिकदर शामिल थे। इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो इस वर्ष अपनी ऐतिहासिक 25वीं रजत जयंती मना रहा है, भारतीय पेशेवर गोल्फ के इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि यह भारतीय घरेलू सर्किट और पीजीटीआई पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट पुरस्कार राशि, हर साल आने वाले मजबूत मैदान, उच्च-स्तरीय खेल परिस्थितियों और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख पेशेवर गोल्फ आयोजन के रूप में सुस्थापित है। इंडियनऑयल ने इस वर्ष इस आयोजन की पुरस्कार राशि को अब तक के सर्वोच्च 1 करोड़ रुपए तक बढ़ाकर भारतीय पेशेवर गोल्फ के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।



## साउथ अफ्रीका को दोहरी मार, गुवाहाटी टेस्ट से बाहर होंगे साइमन हार्मर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने भारत को कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट में 30 रनों से हराया था। इस टेस्ट में बावुमा ब्रिगेड ने भारतीय टीम को जीत के लिए महज 124 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन शुभमन ब्रिगेड ये रन भी नहीं बना सकी। नतीजतन अफ्रीकी टीम ने भारत में 15 साल बाद टेस्ट मैच जीत में हासिल की। अब साउथ अफ्रीकी टीम भारत में टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक जीत के कगार पर है। क्योंकि अब गुवाहाटी में होने वाला दूसरा टेस्ट ड्रॉ भी कप्तान टेम्बा बावुमा की टीम को सीरीज जीत दिलाने के लिए काफी होगा। हालांकि उनकी तैयारियों में कुछ खलल भी पड़े हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता टेस्ट के 'प्लेयर ऑफ द मैच' साइमन हार्मर को कंधे की समस्या है, जबकि लेफ्ट-आर्म पेसर मार्को जानसेन जैनसन भी हल्की चोट से जूझ रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों ने मंगलवार को कोलकाता के वुडलैंड्स अस्पताल में मेडिकल टेस्ट करवाए, वही अस्पताल जहां शुभमन गिल का गर्दन का इलाज हुआ था। मेहमान टीम ने ईडन गार्डन्स में शानदार जीत दर्ज करने के बाद आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (2025-27) पॉइंट टेबल में भी छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसकी यह जीत भारत में 2010 के बाद उनकी पहली टेस्ट जीत रही।

कोलकाता टेस्ट में बावुमा ने नाबाद 55 रनों की पारी खेली और साइमन हार्मर ने मैच में आठ विकेट हासिल किए। वहीं उन्होंने साउथ अफ्रीका को 1-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। नियमित कप्तान शुभमन गिल हार्मर ने पहली पारी के 4/30 के बाद दूसरी पारी में 4/21 लेकर अपना कमाल जारी रखा, जबकि केशव महाराज ने दो विकेट झटके और जानसेन जैनसन ने दोनों भारतीय ओपनरों को आउट कर भारत को प्रेशर में डाल दिया था। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल ने भारत को संभालने की कोशिश की, सुंदर ने 31 रन बनाए लेकिन एडेन मार्करम ने उन्हें आउट किया, जबकि पटेल की तेज तर्रार 26 रन की पारी महाराज का शिकार बनकर खत्म हुई।

विश्व मुक्केबाजी कपः

# प्रीति ने किया बड़ा उलटफेर, ओलंपिक पदक विजेता हुआंग सियाओ वेन को हराया



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में मंगलवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को प्रीति पवार (54 किग्रा) ने हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए फाइनल में प्रीति ने अरुंधति चौधरी, मीनाक्षी हुड्डा, अभिनाश जामवाल, अंकुश फंगल, नुपुर श्योराण, नरेंद्र बेरवाल, और परवीन सहित आठ भारतीयों के साथ फाइनल में जगह बनाई। हुआंग सियाओ-वेन के खिलाफ जीत के बाद प्रीति ने कहा, 'मुझे पता था कि वह विश्व चैंपियन हैं, लेकिन विश्व चैंपियन बनने के लिए आपको एक विश्व चैंपियन को हराना होगा। मुकाबले से पहले मेरी यही सोच थी। मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था।

दर्शकों ने जिस तरह मेरा समर्थन किया, उस वजह से ही जीत दर्ज कर पाई। अरुंधति ने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप के तीनों चरणों की पदक विजेता जर्मनी की लियोनी मुलर को हराया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन और स्ट्रैंड्जा पदक विजेता, अरुंधति, डेढ़ साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। उन्होंने शुरुआती दोनों राउंड में पूरी आक्रामकता के साथ जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कोरिया की बाक चो-रोंग पर शानदार जीत दर्ज की। दो बार के विश्व मुक्केबाजी कप पदक विजेता अभिनाश (65 किग्रा) ने यूक्रेन के एल्विन अलीएव को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नरेंद्र (90+ किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के दानियाल सपारबे के खिलाफ अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल में प्रवेश किया। अंकुश (80 किग्रा) ने अपनी गति और दबाव से ऑस्ट्रेलिया के मार्लन सेवेहोन को 5:0 से हराया। नुपुर (80+ किग्रा) ने यूक्रेन की मारिया लोवचिन्स्का को हराया। परवीन (60 किग्रा) ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पोलैंड की विश्व मुक्केबाजी कप रजत पदक विजेता रयगेल्स्का अनेटा एल्जबिएटा को 3:2 के कड़े मुकाबले में हराया। स्वीटी बूरा (75 किग्रा) ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं, जबकि नवीन का सफर भी कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। चौथे दिन नौ भारतीय खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे, जिनमें दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन (51 किग्रा) का मुकाबला उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा से और मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) का मुकाबला कजाकिस्तान की उल्जान सरसेनबेक से होगा।

बीसीसीआई ने दिया फिटनेस अपडेट

# भारतीय टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे कप्तान शुभमन गिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार से दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होगी, जिसके लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुधवार को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। हालांकि, सीरीज के निर्णायक मुकाबले में गिल के खेलने पर अभी तक मुहर नहीं लगी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी।

दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद निगरानी में रखा गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। शुभमन को दिए गए उपचार का अच्छा असर हो रहा है। वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा।' कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के दूसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान गिल चोटिल हुए थे।

भारतीय पारी के 35वें ओवर में साउथ अफ्रीकी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर चौका लगाने के बाद गिल को गर्दन में परेशानी महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इसके बाद भारतीय कप्तान मैच में दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद गिल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गर्दन में सर्वाइकल कॉलर लगा हुआ था। तीसरे दिन की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने घोषणा कर दी थी कि कप्तान गिल मैच के शेष हिस्से से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम को इस रोमांचक मुकाबले में 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। अब सीरीज बराबरी पर खत्म करने के लिए टीम इंडिया को गुवाहाटी टेस्ट जीतना होगा। इससे पहले अक्टूबर 2024 में गिल गर्दन में अकड़न की समस्या से जूझते नजर आए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले उन्हें यह समस्या हुई, जिसके कारण वह मैच से बाहर हो गए थे। इसी समस्या के कारण गिल जुलाई 2024 में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में भी नहीं खेल सके थे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के दूसरे दौर में प्रणय, आयुष और थारुन



**सिडनी, एजेंसी।** भारतीय शटलर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 में दमदार प्रदर्शन किया है। एचएस प्रणय, आयुष शेट्टी और थारुन मन्नेपल्ली ने 4,75,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करते हुए पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 33 वर्षीय एचएस प्रणय शुरुआत में जूझते नजर आए। प्रणय शुरुआती गेम में लय में नजर नहीं आए और दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सॉट मार्सेलिनो से 6-21 से हार गए। इसके बावजूद एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ने संयम बनाए रखते हुए अपने डिफेंस को मजबूत बनाया। उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण रखते हुए 57 मिनट तक चले मुकाबले में अगले दो गेम 21-12, 21-17 से जीत लिए।

अब 2023 के उपविजेता एचएस प्रणय का सामना इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से होगा। दूसरी ओर, कर्नाटक के 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन में अपनी पहली सुपर 300 जीत के बाद दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ने कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 से शिकस्त दी। यह मुकाबला केवल 33 मिनट तक चला। आयुष शेट्टी विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता रहे हैं। उनका सामना चौथे वरीय कोडाई नाराओका और शियाओडोंग शेंग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। एक अन्य मुकाबले में थारुन मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन के खिलाफ 21-13, 17-21, 21-19 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला 66 मिनट तक चला।

2023 के राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अब चीन ताइपे के पांचवीं वरीयता प्राप्त लिन चुन-यी से चुनौती का सामना करेंगे। वहीं, किरण जॉर्ज को जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत इस टूर्नामेंट में जल्द अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। देश को इन शटलर्स से खासा उम्मीदें हैं।

स्नूकर विश्व कपः

## पाकिस्तान के असजद इकबाल ने किया बड़ा उलटफेर, भारत के पंकज को 4-0 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्नूकर विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल ने भारत के तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 4-0 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। स्नूकर विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल ने भारत के तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 4-0 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। शुरू से ही बेहतरीन फॉर्म में दिखे इकबाल ने मैच के दौरान लगातार शानदार ब्रेक लगाए और आडवाणी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इकबाल ने पहले फ्रेम में 81 का शानदार ब्रेक लगाकर बढ़त बनाई और दूसरे फ्रेम में 45 का ब्रेक जोड़कर स्कोर 2-0 कर दिया। आडवाणी, जिन्होंने प्री-क्वार्टरफाइनल में ब्रिजेश दामानी को मात दी थी, इस मुकाबले में अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। तीसरे फ्रेम में इकबाल ने 68 और 49 के ब्रेक के साथ बढ़त को और मजबूत किया और चौथे फ्रेम में भी बढ़त बनाए रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली।



## आईसीसी रैंकिंग : रोहित शर्मा से छिना नंबर 1 का ताज, अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी द्वारा 19 नवंबर बुधवार के दिन इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी गई हैं। तीन हफ्ते तक नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बने रहने के बाद हिटमैन रोहित शर्मा से यह ताज छिना गया है। न्यूजीलैंड के डैरिल मिचेल को लगातार शानदार प्रदर्शन का फल मिला है। लेकिन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा की लंबे समय से बादशाहत बरकरार है और वह नंबर 1 की कुर्सी पर काबिज हैं। मिचेल के 782 रेटिंग पॉइंट्स हैं तो रोहित के 781 अंक हैं। साथ ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में फ्लाप होने वाले यशस्वी जायसवाल को नुकसान उठाना पड़ा है। बाएं हाथ के भारतीय सलामी बल्लेबाज को टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान का नुकसान हुआ है। यशस्वी अब टॉप 5 से बाहर होकर सातवें स्थान पर आ गए हैं। इस लिस्ट में जो रूट टॉप पर काबिज हैं।

**भारत के 2 गेंदबाजों के सिर नंबर 1 का ताज बरकरार**

गेंदबाजों की बात करें तो टी20 में भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की बादशाहत इस हफ्ते भी बरकरार रही है। साथ ही स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट के नंबर 1 गेंदबाज बने हुए हैं। जबकि वनडे में अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर 1 गेंदबाज हैं।

एशियन कप क्वालिफायरः

# भारतीय फुटबॉल टीम की तीसरी हार, 183वीं रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने भी दी मात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम का एशियाई कप 2027 क्वालिफायर्स में लगातार खराब प्रदर्शन जारी है। पांच मैचों के बाद भी भारतीय टीम के लिए जीत का खाता नहीं खुल पाया है। टीम को तीसरी हार झेलनी पड़ी है। खास बात यह है कि फीफा रैंकिंग में 136वें स्थान पर काबिज भारतीय फुटबॉल टीम को 183वीं रैंकिंग वाली बांग्लादेश की टीम ने हरा दिया।

मंगलवार 18 नवंबर को ढाका में हुए इस मैच को बांग्लादेश ने 0-1 से अपने नाम किया। एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से भारतीय फुटबॉल टीम पहले ही बाहर हो चुकी है। बांग्लादेश के लिए शेख मुरसलीन ने ग्रुप सी के इस मैच के 11वें मिनट में मुकाबले का इकलौता गोल दागा और यही भारत की हार का कारण बन गया। भारत को 31वें मिनट में गोल करने का सुनहरा मौका मिला था जब बांग्लादेश के गोलकीपर मितुल मार्मा के गोल पोस्ट से दूर थे। इसके बावजूद लालियानजुआला चांगटे गोल करने से चूक गए। बॉक्स पास से दाएं पैर से लगाए गए उनके किक को हमजा चौधरी ने हेडर से रोक दिया। पहले हाफ में टच लाइन के पास दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की हुई लेकिन रेफरी ने स्थिति को काबू में कर लिया। भारत का अभियान 14 अक्टूबर को ही गोवा के मडगांव में सिंगापुर के खिलाफ 1-2 से हार के बाद समाप्त हो गया था।

यह मैच हालांकि किसी भी टीम के टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के हिसाब से महत्वहीन था, क्योंकि भारत के साथ बांग्लादेश की टीम भी 2027 के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की दौड़ से बाहर हो गई है। भारत पांच मैचों में तीन हार और दो ड्रॉ से दो अंक लेकर चार टीमों की ग्रुप तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। बांग्लादेश की यह पांच मैचों में पहली जीत है और टीम पांच अंक के साथ ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर है। दोनों देशों के बीच पहले चरण का मैच 25 मार्च को शिलांग में गोलरहित ड्रॉ पर छूटा था।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी की छत पर चढ़ दौड़ने लगा युवक, थमे ट्रेन के पहिए

धनबाद, एजेंसी। धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर खड़ी कंटेनर मालगाड़ी की छत पर एक युवक चढ़ गया। ऊपर चढ़ कर वह एक कंटेनर से दूसरे के बीच दौड़ने लगा। उसे देखकर यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे अफरा-तफरी मच गई। प्लेटफॉर्म से फुट ओवरब्रिज तक यात्रियों की भीड़ एकत्रित हो गई। ऊपर चढ़ा युवक नीचे छलांग लगाने की कोशिश करने लगे। उसे देख कर यात्री चिल्लाने लगे।शोर सुन कर आरपीएफ पहुंची और उसे नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। कैरेज एंड वैगन विभाग के कर्मचारी सीढ़ी लेकर पहुंचे। उन्हें देखते ही ऊपर चढ़ा युवक कभी लात-घूंसे चलाने लगा तो कभी ओवरहेड तार को छूने को दौड़ने लगा।ओवरहेड तार को स्पर्श कर लेने से उसकी जान जा सकती थी। इस वजह से विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। काफी देर तक धक्का-मुक्की के बाद उसे नीचे उतारा गया। इस घटना के कारण अमृतसर से सियालदह जानेवाली जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को धनबाद स्टेशन पर काफी देर तक रोका गया। रेस्क्यू किया गया युवक नशे में धुत बताया गया।

### गिरिडीह के महेशमुंडा चौक पर बालू लदा ट्रक पलटा, बैंक ऑफ इंडिया के पास चार दुकानें क्षतिग्रस्त

**गिरिडीह, एजेंसी**। गिरिडीह जिले के महेशमुंडा चौक पर मंगलवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। जामताड़ा मेन रोड पर बालू से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक तीखे मोड़ पर पहुंचते ही बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक सीधा सड़क किनारे स्थित दुकानों पर चढ़ गया, जिससे वहां अफरातफरी मच गई। हादसा इतना जोरदार था कि दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, ट्रक अत्यधिक गति से चौक की ओर बढ़ रहा था। मोड़ पर अचानक चालक संतुलन नहीं बना पाया और ट्रक पलटता हुआ दुकानों से जा टकराया। रात का समय होने के कारण दुकानें बंद थीं, जिससे जानमाल के बड़े नुकसान से बचाव हो गया। फिर भी, हादसे के बाद चार दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना में जिन दुकानों को नुकसान पहुंचा है, उनमें नकुल ठाकुर की पान दुकान, छुदु ठाकुर मिष्ठान भंडार, बिरजू ठाकुर का सैलून और मंगरु होटल शामिल हैं। दुकानदारों ने बताया कि ट्रक की जोरदार टक्कर से अलमारी, काउंटर, कांच, खाद्य सामग्री, कॉस्मेटिक सामान और अन्य स्टॉक पूरी तरह बर्बाद हो गया। कई दुकानों में दीवारें टूट गईं और दुकान का ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया। व्यापारियों ने अनुमान जताया कि नुकसान हजारों में नहीं बल्कि लाखों रुपए में है। ट्रक के हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई। उधर, पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर ट्रक को सड़क से हटाने में जुट गई। ट्रक के पलटने से सड़क पर बालू फैल गया था, जिसे साफ करने में भी काफी वक्त लगा। पुलिस ने प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और तीखे मोड़ को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया है। चालक भी हल्का घायल हुआ है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### कोडरमा में सड़क हादसा; युवक की मौत,बाइक पर लौट रहा था घर

**कोडरमा, एजेंसी**। कोडरमा थाना क्षेत्र के रांची-पटना एनएच-20 पर कोलटेक्स के समीप बीती रात हुए सड़क हादसे में एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटकीबागी निवासी विक्की भुइयां, पिता राजेश भुइयां के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक, विक्की दूधीमाटी चौक से अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ। परिजनों के अनुसार, विक्की रात में मोटरसाइकिल से घर की ओर लौट रहा था। जब वह डॉ. उर्मिला चौधरी क्लीनिक के पास स्थित कोलटेक्स के समीप पहुंचा, तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना कोडरमा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास पासवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुरी तरह घायल विक्की को तुरंत सदर अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर सुनते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां विक्की का शव देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि विक्की दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता था। वह घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, ऐसे में उसकी मौत ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। परिजनों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर दोषी को गिरफ्तार करने तथा परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने की प्रक्रिया जारी है। थाना प्रभारी का कहना है कि वाहन और उसके चालक की पहचान जल्द कर ली जाएगी।

# मिर्जाचौकी-अंबापाली के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा आरओबी,

## एयरपोर्ट के लिए भी जमीन फाइनल

**साहिबगंज, एजेंसी**। मिर्जाचौकी-अंबापाली के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का प्रस्ताव है। रेलवे ने इसके लिए पहल की है। इस क्रम में रेलवे ने जिला प्रशासन से जमीन की दर के बारे में जानकारी मांगी है। इसके बाद आरओबी निर्माण पर होने वाले खर्च का आकलन किया जाएगा तथा आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।



गौरतलब हो कि अगले कुछ वर्षों में मंडरो प्रखंड की सूरत बदलने वाली है। यहां के पहाड़पुर मौजा में मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित की गई है। मिर्जाचौकी थाना भी यहीं शिफ्ट होगा। कई अन्य शैक्षिक संस्थान भी यहां खुलेंगे। इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए 27 एकड़ जमीन सितंबर में ही उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है।

ऐसे में जल्द ही टेंडर आदि होने की उम्मीद है। इसी मौजा में मेडिकल कॉलेज के लिए भी 25 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो अभियंत्रण कॉलेज की जमीन देखने के लिए रांची की एक टीम ने कुछ दिनों पूर्व पहाड़पुर मौजा का दौरा किया था। जमीन को उपयुक्त पाया।

इसके बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद जमीन को हस्तांतरित कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित जमीन पर अभी बात आगे नहीं बढ़ी है। उधर, मिर्जाचौकी थाना के भवन निर्माण के लिए पुलिस विभाग की ओर से जमीन की मांग की गई थी। इसके लिए तीन एकड़ जमीन चिह्नित की गई है।

चिह्नित जमीन मिर्जाचौकी-मंडरो मुख्य मार्ग के किनारे मिर्जाचौकी से करीब 10 किलोमीटर की दूरी है। यह जमीन सरकारी है। इस वजह से उसके अधिग्रहण में सरकार को पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंडरो प्रखंड आदिवासी बहुल है तथा जिले के पिछड़े प्रखंडों में इसकी गिनती होती है। मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज खुलने से इस क्षेत्र का विकास काफी तेज गति से होगा।

मंडरो में ही विश्व प्रसिद्ध फासिल्स पार्क का निर्माण कुछ साल पहले कराया गया। हालांकि, आवागमन की सुविधा ठीक न होने से अब तक वहां लोगों का जाना आना कम है। जिले में मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए काफी समय से जमीन की तलाश की जा रही थी।

साहिबगंजः सदर प्रखंड के हाजीपुर भिट्ठा में एयरपोर्ट के लिए करीब 494 एकड़ जमीन को चिह्नित किया गया है। इनमें कुछ भूमि रैयती तो कुछ सरकारी है। ऐसे में रैयती भूमि के अधिग्रहण पर करीब चार सौ रुपये खर्च होंगे। इसका विस्तृत विवरण सरकार को भेज दिया गया है। अब एयरपोर्ट आथोरिटी आफ इंडिया की टीम जमीन का जायजा लेगी जिसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## जेएससीए के बाहर छह जगहों पर गाड़ी पार्क कर सकेंगे क्रिकेट प्रेमी



**रांची, एजेंसी**। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को वनडे मैच खेला जाएगा। रांची में होने वाले इस वनडे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मैच देखने के लिए पहुंचने वाले क्रिकेट प्रेमियों को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पार्किंग को लेकर हर बार जो किचकिच होती थी, इसे दूर करने के लिए इस बार एक की जगह छह पार्किंग की व्यवस्था होगी। एचईसी ने इसके लिए 6 मैदानों को चिह्नित भी कर लिया है।

इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। चिह्नित 6 मैदान को टेंडर के माध्यम से एचईसी एक दिन के लिए पार्किंग के लिए देगा। एचईसी अधिकारियों की मानें तो फिलहाल टेंडर प्रक्रियाधीन है। एक से दो दिनों में टेंडर फाईनल कर लिया जाएगा। पार्किंग शुल्क में ठेकेदार की मनमानी को रोकने के लिए भी इस बार विशेष प्लान तैयार किया गया है। टेंडर में ही कार व बाइक के लिए अलग-अलग पार्किंग शुल्क निर्धारित होगा।

9 अक्टूबर 2022 को भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए क्रिकेट मैच देखने के लिए पहुंचने वाले वाहन सवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पार्किंग स्थल पर खड़े युवकों द्वारा जेएससीए की पर्ची दिखाकर अवैध वसूली करने का आरोप लगा था। पार्किंग के नाम पर मनमाना पैसा लेते हुए लाखों रुपए की अवैध वसूली की गई थी। मैच देखने के लिए पहुंचने वाले बाइक सवार से 100-200 रुपया जबकि कार सवार से 200-400 रुपए तक लिए गए थे। इस संबंध में जेएससीए ने स्टेडियम के बाहर का मामला होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया था। क्रिकेट मैच के लिए टिकट की बिक्री 25 या 26 नवंबर से शुरू होगी। क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम के पश्चिमी गेट के पास बने काउंटर से ऑफलाइन टिकट खरीद सकेंगे।

## गड़बड़ बिल आने पर विभाग को वास्तविक आंकड़ा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया



**गुमला, एजेंसी**। गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने सभी आवेदनों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम करम टोली, गुमला के रिकी किरपोट्टा ने बताया कि सन्तमुनी देवी के नाम से दर्ज उपभोक्ता संख्या में अचानक 79,163 रुपए का विद्युत बिल प्राप्त हुआ है, जो बिलिंग त्रुटि का मामला प्रतीत होता है। डीसी ने विद्युत विभाग को बिल की जांच कर वास्तविक आंकड़ा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नवडीहा, घाघरा के नीलांबर प्रकाश भगत ने अपनी पैतृक भूमि के एक हिस्से को अपनी कंपनी निलंबर एग्री ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड में पूंजी अंशदान के रूप में शामिल किए जाने के लिए अनुमति का अनुरोध किया। उपायुक्त ने राजस्व व निबंधन संबंधित अधिकारियों को आवेदन की विधिसम्मत जांच कर आगे की आवश्यक प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोबजा टेढ़ा चुआं के कलेश तुरी, शंकर तुरी व कमलेश तुरी ने बताया कि उन्हें प्राप्त सरकारी आवास के निर्माण कार्य में स्थानीय विवाद के कारण लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही है, जबकि उनके पूर्वज उक्त भूमि पर लंबे समय से रह रहे हैं।

उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रायडीह, इसके संबंधित जांच के निर्देश दिए। भरनों फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा गुमला शहर में मक्का प्रसंस्कृत उत्पादों के विपणन के लिए एक आउटलेट की आवश्यकता व्यक्त की गई।

## हजारीबाग में साइबर गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**हजारीबाग, एजेंसी**। हजारीबाग पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान 19 एटीएम कार्ड, 11 स्मार्टफोन और 1.50 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग साइबर ठगी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सदर के अपर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।



### संदिग्ध रूप से खड़ी दो कारों को रोका

टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ग्राम डुमर के सरौनी खुर्द जंगल के पास संदिग्ध रूप से खड़ी दो कारों को रोका। कारों की तलाशी के दौरान राजू वर्मा और शिवा कुमार के पास से 19 एटीएम कार्ड, बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, 11 स्मार्टफोन और 1.50 लाख रुपए नगद मिले। प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे ग्रामीणों को आसान लाभ का लालच देकर उनसे एटीएम कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज हासिल करते थे। इसके बाद साइबर गिरोह द्वारा भेजी गई ठगी की रकम को विभिन्न एटीएम से निकालकर कमीशन के आधार पर अपने मास्टर माइंड तक पहुंचाते थे।

### दोनों लंबे समय से विभिन्न जिलों में सक्रिय थे

राजू और शिवा से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई का विस्तार करते हुए मो. जाकिर अंसारी और तस्लीम अंसारी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये दोनों पेशेवर साइबर अपराधी हैं और लंबे समय से विभिन्न जिलों में सक्रिय थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक गिरिडीह, एक देवघर और दो हजारीबाग जिले के निवासी बताए जा रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह गिरोह अंतर-जिला स्तर पर काम कर रहा था।

एसपी ने कहा कि यह कार्रवाई साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जिले में साइबर ठगी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

## अब मंत्री डॉ. इरफान अंसारी नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे

**रांची, एजेंसी**। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को बिना पूर्व सूचना रिम्स अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अपनी गंभीरता स्पष्ट कर दी। निरीक्षण के दौरान वे सीधे मेडिसिन विभाग के ओपीडी पहुंचे और वहां बैठकर कई मरीजों की जांच की। मरीजों का हाल जानने के साथ उन्होंने उन्हें उचित दवाइयों व उपचार संबंधी सलाह भी दी। अचानक मंत्री को अपने बीच पाकर मरीजों और उनके परिजनों में उत्साह देखा गया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में मौजूद कई खामियों को बारीकी से परखा। दवाओं की कमी, कफ सिरप की अनुपलब्धता, व्हीलचेयर की कमी, डॉक्टरों की संख्या घटने, स्वच्छता व्यवस्था में ढिलाई सहित कई विषयों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार भी उनके साथ मौजूद थे। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी कमियों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

मीडिया से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने एलान किया कि अब वे न केवल रांची बल्कि झारखंड के हर जिले के सरकारी अस्पतालों में नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को समझना और अस्पतालों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना ही उनका उद्देश्य है। इसी दौरान वे खुद अस्पतालों के लिए नया रोस्टर तैयार करेंगे ताकि चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## गिरिडीह में हाथियों ने रौंद डाली धान की फसल, तेलोडीह पंचायत से जमुआ रोड तक हाथियों का उत्पात

**गिरिडीह, एजेंसी**। गिरिडीह में मंगलवार देर रात जंगली हाथियों का एक बड़ा झुंड अचानक आबादी वाले इलाकों में सक्रिय हो गया। रात करीब 11 बजे से लेकर तड़के तक तेलोडीह पंचायत, खुट्टा मोहल्ला और जमुआ मुख्य मार्ग के आसपास हाथियों की लगातार हलचल बनी रही। 20 से 25 की संख्या में मौजूद इन हाथियों ने कई जगहों पर तबाही मचाई, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई।



हाथियों का झुंड सबसे पहले पंचायत सचिवालय के पास देखा गया, जहां से वे खुट्टा मस्जिद के बगल वाली गली में पहुंच गए। अचानक इस मोहल्ले में प्रवेश करते ही उन्होंने एक बाउंड्री वॉल तोड़ दिया। इसके बाद पूरा झुंड खेतों की ओर बढ़ गया, जहां धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी रातभर खेतों में घूमते रहे, जिससे कई किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। गांव में हाथियों के मूवमेंट की वजह से स्थिति इतनी भयावह हो गई कि लोग अपने घरों से बाहर ही नहीं निकल पा रहे थे। कई ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के जोरदार आवाज और खेतों में तोड़फोड़ की आवाज पूरी रात सुनाई देती रही।

हाथियों के गांव में आने की जानकारी मिलते ही तेलोडीह पंचायत के मुखिया शब्बीर आलम सहित ग्रामीण एक्टिव हो गए। उन्होंने रात में ही सभी मोहल्लों की मस्जिदों के माइक से घोषणा कर ग्रामीणों को घरों में रहने और सुरक्षित रहने की अपील की। इसके बाद ग्रामीणों ने हाथियों को सुरक्षित भगाने का प्रयास किया। मौके पर वन विभाग की टीम भी मौजूद रही।

इसी बीच, देर रात गिरिडीह-जमुआ मुख्य मार्ग पर भी हाथियों का बड़ा झुंड देखा गया। घोरेंजो मेन रोड पार करते समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन भीड़ के बावजूद हाथियों ने किसी पर हमला नहीं किया। झुंड डुमरडीहा से होता हुआ बेंगाबाद की ओर निकल गया।

# झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला: 'राजनीतिक लड़ाइयों में मशीनरी क्यों लगाते हैं?'

**रांची, एजेंसी**। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा सचिवालय में नियुक्तियों और पदोन्नति में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए प्रारंभिक जांच शुरू करने की अनुमति मांगने वाली सीबीआई की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कड़े शब्दों में पूछा कि केंद्रीय एजेंसी राजनीतिक लड़ाइयों के लिए मशीनरी का इस्तेमाल क्यों कर रही है।



सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष 14 नवंबर को झारखंड हाईकोर्ट के 23 सितंबर 2024 के उस फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसमें सीबीआई को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के स्थान पर अब मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ सीबीआई की अंतरिम याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने सीबीआई से कहा कि आप अपनी राजनीतिक लड़ाइयों के लिए मशीनरी का इस्तेमाल क्यों करते हैं? हमने आपको कई बार बताया है। इसके साथ ही अदालत ने एजेंसी की याचिका खारिज कर दी। झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि जब भी कोई मामला आता है, सीबीआई उससे पहले ही अदालत में मौजूद रहती है।

**23 सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी :** सीबीआई की ओर से उपस्थित अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने इसका खंडन करते हुए कहा कि इस मामले में ऐसा नहीं है। लेकिन सिब्बल ने दलील दी कि ऐसा कई मामलों में, विशेषकर पश्चिम बंगाल में, देखा गया है। राजू ने कहा कि सीबीआई तभी उपस्थित होती है जब किसी अपराध की आशंका होती है। इससे पहले भी जस्टिस गवई की पीठ ने हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाई थी, जिसमें नियुक्तियों और पदोन्नतियों में कथित अनियमितताओं की जांच का निर्देश दिया गया था। झारखंड विधानसभा सचिवालय और अन्य पक्षों ने हाईकोर्ट के 23 सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। 14 नवंबर 2024 के बाद इस मामले में कोई प्रभावी सुनवाई नहीं हुई थी।

अधिवक्ता तुलिका मुखर्जी के माध्यम से दायर एक याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने बिना किसी आपराधिक मामले या संज्ञेय अपराध के सीबीआई को जांच का आदेश दे दिया, जबकि यह पूरा मामला सिविल प्रकृति का है और इसमें सेवा संबंधी जटिल प्रश्न शामिल हैं।

याचिका के अनुसार, इस मामले में न कोई एफआईआर है और न ही कोई संज्ञेय अपराध बनता है। इसमें कहा गया कि पैसे के लेन-देन का कोई सबूत नहीं, धोखाधड़ी का कोई प्रमाण नहीं, कोई आपराधिकता स्थापित नहीं होती। याचिका में बताया गया कि झारखंड विधानसभा सचिवालय (भर्ती एवं सेवा शर्त नियम, 2003) 10 मार्च 2003 को अस्तित्व में आया, जिसके बाद सचिवालय और विभिन्न समितियों के कामकाज को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। विज्ञापन, एडमिट कार्ड और परीक्षा/साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 2003-2007 के बीच नियुक्तियां और पदोन्नतियां की गईं।

**30 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौंपी :** इसके बाद कुछ लोगों की कथित बातचीत की अनवेरिफाइड ऑडियो रिकॉर्डिंग एक सीडी में बदलकर स्पीकर को सौंपी गई। अक्टूबर 2007 में पांच सदस्यीय समिति बनाकर मामले की जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट अगस्त 2008 में स्पीकर के सामने पेश हुई, लेकिन समिति के दो सदस्यों ने इसका विरोध किया। जुलाई 2014 में कैबिनेट सचिवालय एवं सतर्कता विभाग ने झारखंड हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश को इस पूरी भर्ती-पदोन्नति प्रक्रिया की जांच के लिए नियुक्त किया। इस आयोग ने 12 जुलाई 2018 को राज्यपाल को 30 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौंपी।

याचिका में कहा गया कि आयोग की रिपोर्ट आयोग जांच अधिनियम, 1952 के अनुसार राज्य सरकार को कभी भेजी ही नहीं गई। 10 सितंबर 2018 को राज्यपाल ने स्पीकर को रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा, जिसके बाद 26 अगस्त 2019 को दो अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की मंजूरी दी गई। अगस्त 2022 में कानूनी व्याख्या और तथ्यों की जटिलता को देखते हुए एक और आयोग गठित करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने यह नहीं देखा कि विधानसभा सचिवालय इस रिपोर्ट और एटीआर के आधार पर कार्रवाई कर रहा था। यह याचिका सार्वजनिक रोजगार में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले पर दायर की गई थी।